सुप्रभात
रांची, रविवार
15.01.2023
* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ

epaper.khabarmantra.net माघ कृष्ण पक्ष, अष्टमी, संवत 2079 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 10 । अंक : 183



12 स्वरा की फिल्म मिसेस फलानी की शूटिंग शुरू

## न्यूज डायरी

### घायल भाजपा नेता की मौत, गुमला में बवाल

**रांची।** गुमला के भाजपा नेता सुमित केसरी की शनिवार की सुबह रांची के मेडिका अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गयी। 9 जनवरी को अपराधियों ने सुमित केसरी को पालकोट से अगवा कर गोली मारने के बाद पत्थर से कूचकर दिया था। सुमित की मौत से आक्रोशित लोगों ने गुमला में हंगामा कर दिया। पार्टी कार्यकर्ताओं ने पालकोट के समीप नेशनल हाइवे जाम कर दिया। वे अविलंब अपराधियों की गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं।


### नेतरहाट जा रहे छात्रों की कार गिरी, दो की मौत

**रांची।** नेतरहाट घूमने गये छात्रों की कार 150 फीट गहरी खाई में गिर जाने से दो छात्रों की मौत मौके पर हो गयी। चार गंभीर रूप से घायल हो गये। हादसा शुक्रवार देर रात नेतरहाट घाटी स्थित मिलिट्री मोड़ के पास हुआ। मृतकों में धनबाद निवासी आरजू बॉस (20), शिवराम सत्यम (20 ) शामिल हैं। धनबाद निवासी आरजू बॉस, शिवराम सत्यम, करण मंडल, प्रीतम कुमार, राहुल शर्मा और कुडू निवासी एक अन्य युवक रांची में रहकर पढ़ाई कर रहे थे। शुक्रवार की शाम सभी दोस्तो नेतरहाट घूमने निकले थे।

### झारखंड का बजट तीन मार्च को संभव, राहत की आशा

**रांची।** राज्य की हेमंत सरकार तीन मार्च को वित्तीय वर्ष 2023-24 का बजट पेश करेगी। सूत्रों के अनुसार बताया जाता है कि इस बार का बजट आमलोगों से जुड़ा होगा। बजट बनाने के लिए सरकार ने आम नागरिकों से भी सुझाव मांगा है।

## मकर संक्रांति : गंगासागर में आस्था की डुबकी



### सीएम ने मकर संक्रांति, टुसू की दी शुभकामना

**रांची।** राज्यपाल रमेश बैस, सीएम हेमंत सोरेन ने मकर संक्रांति और प्रकृति पर्व टुसू की राज्यवासियों को शुभकामनाएं दी है। उन्होंने लोगों की सुख- समृद्धि,खुशहाली, शांति ,उन्नति और अच्छे स्वास्थ्य की कामना की। सीएम ने कहा कि प्रकृति की उपासना और नारी शक्ति के स्वाभिमान का त्योहार टुसू पर्व आप सभी को सुख, समृद्धि और स्वस्थ जीवन प्रदान करे। मकर संक्रांति को पोंगल, खिचड़ी, माघी, उत्तरायण आदि जैसे नामों से भी जाना जाता है। इस बार मकर संक्रांति का त्योहार रविवार को मनाया जा रहा है।

# एटीएस ने नक्सलियों के आर्म्स सप्लायर को दबोचा

## 150 से भी अधिक गोली बरामद, पूछताछ जारी

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची, कोडरमा।** आतंकवाद निरोधी दस्ता (एटीएस) ने अपराधी संगठन न्यू सशस्त्र पीपुल्स मोर्चा (एनएसपीएम) और भाकपा माओवादी को गोली और हथियार सप्लाई करने वाले सप्लायर को गिरफ्तार किया है। इसके पास से डेढ़ सौ से अधिक गोलियां और मोबाइल फोन बरामद किया गया है। एटीएस एसपी सुरेंद्र कुमार झा को मिली गुप्त सूचना पर कोडरमा जिले के बागीटांड़ के समीप जिला पुलिस की मदद से एक बस पर



सवार यात्री रवि प्रजापति को 7.65 एमएम के 150 पीस कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया। वह हथियार और कारतूस लेकर संगठित आपराधिक गिरोह एनएसपीएम और माकपा माओवादी उग्रवादी संगठन को हथियार एवं कारतूस सप्लाई करने के लिए झारखंड आ रहा था। गिरफ्तार सप्लायर बिहार राज्य के नालंदा जिले का रहने वाला है।

एटीएस एसपी सुरेंद्र कुमार झा ने शनिवार को बताया कि रवि प्रजापति बिहार के नालन्दा से हथियार और कारतूस लेकर संगठित आपराधिक गिरोह एनएसपीएम और माकपा माओवादी उग्रवादी संगठन को सप्लाई करने आ रहा था। गुप्त सूचना के आधार पर एटीएस की टीम ने कोडरमा के बाघीटांड चेकपोस्ट के पास न्यू सिमना बस (डब्ल्यूबी41जे-9710) में उसकी तलाशी ली। तलाशी में गोली व अन्य सामग्री मिली। गिरफ्तार व्यक्ति ने पूछताछ में बताया कि गोलियां प्रतिबंधित संगठन भाकपा माओवादी को बिक्री किया जाना था। यह पूर्व में भी जाली नोट (एफआईसीएन) के केस में जेल जा चुका है। एसपी ने बताया कि इसके खिलाफ पूर्व में भी दो मामले दर्ज हैं। रवि प्रजापति फिलहाल हजारीबाग के बरही में रह रहा है। पुलिस को दो कांडों में लंबे समय से उसकी तलाश थी।

### चाईबासा धमाके में जख्मी एक और जवान को दिल्ली भेजा



**रांची।** पश्चिम सिंहभूम (चाईबासा) में हुए ब्लास्ट में घायल जवान सौरभ कुमार को भी शनिवार को एयरलिफ्ट कर दिल्ली के एम्स भेजा गया है। ग्रीन कॉरिडोर बना कर मेडिका अस्पताल से एयरपोर्ट पहुंचाया गया। घायल सौरभ की स्थिति बिगड़ती जा रही थी, अतः उसे बेहतर इलाज के लिए दिल्ली भेजा गया है। सौरभ के चेहरे और शरीर के अन्य हिस्सों में गहरे जख्म के निशान थे। शुक्रवार को तीन जवानों शाहरुख खान, भरत सिंह राय और अजय लिंडा को दिल्ली के एम्स भेजा गया था। पश्चिमी सिंहभूम के टोन्टो थाना क्षेत्र के तुम्बाहाका जंगल के समीप सर्च अभियान के लगातार तीन दिन हुए धमाके में 9 जवान घायल हो गये हैं। (शेष पेज 11 पर)

### ओबीसी आरक्षण पर सुप्रीम कोर्ट में झारखंड का अनुरोध स्वीकार

## जवाब देने को मिला दो हफ्ते का समय

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड में होने वाले नगर निकाय चुनाव में ओबीसी को आरक्षण नहीं देने के मामले में राज्य सरकार को सर्वोच्च न्यायालय में जवाब दाखिल करने के लिए दो सप्ताह का समय मिल गया है। राज्य सरकार ने इसे लेकर अनुरोध किया था, जिसे न्यायालय ने स्वीकार कर लिया। इस मामले में सर्वोच्च न्यायालय में शुक्रवार को सुनवाई हुई, जिसमें राज्य सरकार



की ओर से इसे लेकर अनुरोध किया गया। सुनवाई में झारखंड सरकार के मुख्य सचिव को इस मामले में कोर्ट के नोटिस पर जवाब देना था लेकिन उनकी ओर से राज्य सरकार के अधिवक्ता ने समय देने का अनुरोध किया। दरअसल, सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने पंचायत चुनाव में ओबीसी को आरक्षण नहीं देने के राज्य सरकार के निर्णय के विरुद्ध सर्वोच्च न्यायालय में जनहित याचिका के बाद अवमानना याचिका दायर की है।

**नोटिस जारी कर मांगा जवाब :** पूर्व में इसकी सुनवाई के दौरान झारखंड सरकार द्वारा सुप्रीम कोर्ट में अंडर टेकिंग दिया गया था कि होने वाले नगर निकाय चुनाव में ट्रिपल टेस्ट एवं ओबीसी आरक्षण का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा। (शेष पेज 11 पर)

### गडकरी को दाऊद के नाम पर फोन, हत्या की धमकी

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी जान से मारने की धमकी दी गयी है। उनके नागपुर कार्यलय में में धमकी भरे फोन पर उन्हें यह धमकी दी गयी। नागपुर के डीसीपी राहुल मदाने ने बताया, केंद्रीय मंत्री के ऑफिस में 10 मिनट में तीन फोन कॉल आये। फोन करने वाले ने कथित तौर पर फरार माफिया डॉन दाऊद इब्राहिम कासकर का नाम लिया। इसके साथ ही उनके कार्यालय को भी उड़ाने की धमकी दी गयी है। मकर संक्रांति को ले कर श्री गडकरी अभी नागपुर में ही हैं। धमकी के बाद उनकी और

## राज्यपाल रमेश बैस 200 टीबी मरीजों को लेंगे गोद

### तीन प्रखंडों के मरीजों को मिलेगा फूड बास्केट 2025 तक टीबी उन्मूलन का लक्ष्य

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राज्यपाल रमेश बैस जिले के तीन प्रखंड सिल्ली, अनगड़ा और बुंडू के 200 टीबी मरीजों को गोद लेंगे। उन्हें राज्यपाल की ओर से 6 महीने तक पोषण युक्त फूड बास्केट मुहैया कराया जायेगा। इस अभियान की शुरुआत राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 9 सितंबर 2022 को की थी। झारखंड में 23 सितंबर 2022 को राज्यपाल रमेश बैस की मौजूदगी में अभियान की शुरुआत हुई थी। लक्ष्य यही है कि झारखंड से भी टीबी का खात्मा जल्द से जल्द हो। मालूम हो कि पीएम मोदी ने 2025 तक भारत से टीबी उन्मूलन का आह्वान किया है।
(शेष पेज 11 पर)

### पत्नी से मिलने आये प्रेमी को कुल्हाड़ी से काट दिया

**चक्रधरपुर।** सोनुआ में विश्वनाथ सुंडी ने अपनी पत्नी के प्रेमी श्यामलाल हेम्ब्रम की टांगी से काट कर हत्या कर दी। प्रेमी शुक्रवार रात प्रेमिका से मिलने उसके घर पहुंचा था। जहां अचानक महिला का पति आ गया और दोनों को रंगे हाथ पकड़ लिया। सेगईसाई गांव के युवक श्यामलाल हेंब्रम का लोंजो गांव के विश्वनाथ सुंडी की पत्नी के साथ अवैध संबंध था। पत्नी को प्रेमी के साथ आपत्तिजनक अवस्था में देख कर आक्रोश में पति ने प्रेमी को कुल्हाड़ी से काट दिया। थाना जाकर आत्मसमर्पण कर दिया।




# शिक्षा सचिव से लेकर निदेशक तक करेंगे शिक्षा कार्यालयों का निरीक्षण

## स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग में बहने लगी है तब्दीली की बयार

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग में तब्दीली की बयार बहने लगी है। स्कूली शिक्षा सचिव के रवि कुमार के आने के बाद से ही विभाग में अधिकारियों से लेकर शिक्षक और कर्मियों में भय का महौल है। अब, वह बंक मारने की स्थिति में नहीं है। वहीं, अब शिक्षा सचिव से लेकर निदेशक तक राज्य के सभी शिक्षा कार्यालयों का निरीक्षण करेंगे। इसी को ध्यान में रखते हुए सभी पदाधिकारियों को निरीक्षण करने वाले कार्यालय आवंटित कर दिए गये हैं। सचिव के स्तर पर उन्हें कई तरह के दिशा-निर्देश भी दिए गए हैं। इसका आदेश शिक्षा सचिव के रवि कुमार ने 12 जनवरी को जारी कर दिया है।



**निरीक्षण से 10 दिन पूर्व कार्यालय प्रभारी को प्रपत्र उपलब्ध करा दें**

शिक्षा सचिव के स्तर पर आदेश में कहा गया है कि विभाग के अंतर्गत सभी क्षेत्रीय शिक्षा संयुक्त निदेशक, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक कार्यालयों एवं शिक्षा विभाग के तहत संलग्न अन्य क्षेत्रीय कार्यालयों में राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन कार्यालयों द्वारा संपादित किये जाते हैं। इसका निरीक्षण लोकहित एवं कार्यहित में नितांत आवश्यक है। संबंधित क्षेत्रीय कार्यालयों के निरीक्षण व पर्यवेक्षण के लिये निरीक्षण प्रपत्र भी जारी किया गया है। आदेश में कहा गया है कि निरीक्षण की तिथि से 10 दिन पूर्व कार्यालय प्रभारी को प्रपत्र उपलब्ध करा दिया जायेगा। वे इसे विधिवत रूप से भरकर निरीक्षण की तिथि के 3 दिनों पूर्व नि>ित रूप से संबंधित निरीक्षी पदाधिकारी को उपलब्ध कराना सुनि>ित करेंगे।

**प्रमंडलीय कार्यालयों का स्वयं निरीक्षण करेंगे सचिव**

शिक्षा सचिव ने कहा है कि सभी क्षेत्र शिक्षा संयुक्त निदेशक, जिला शिक्षा पदाधिकारी एवं जिला शिक्षा अधीक्षक अपने अधीनस्थ कार्यालयों का निरीक्षण करना सुनिश्चित करेंगे। विभाग की ओर से जारी पत्र के अनुसार स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता सचिव के रवि कुमार राज्य के सभी प्रमंडलीय और क्षेत्रीय कार्यालयों में का निरीक्षण करेंगे। वहीं, प्राथमिक शिक्षा निदेशक, जिला शिक्षा अधीक्षक और प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी कार्यालय का निरीक्षण करेंगे। निदेशक माध्यमिक शिक्षा को क्षेत्रीय शिक्षा संयुक्त निदेशक, जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय एवं जिला कार्यक्रम पदाधिकारी प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी कार्यालय का निरीक्षण की जिम्मेवारी दी गयी है। इनके अलावा राज्य परियोजना निदेशक को जिला कार्यक्रम पदाधिकारी और प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी कार्यालय के निरीक्षण की जिम्मेवारी दी गयी है।

# मवेशियों की आपूर्ति को एजेंसियों से मदद लेगी झारखंड सरकार



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के लिए लाभुकों की मदद हेतु राज्य सरकार एजेंसियों की मदद लेगी। इसके लिए पशुपालन निदेशालय ने पहल की है। निदेशालय के अनुसार राज्य के सभी चौबीसों जिलों में जरूरतमंद और योग्य पात्रों को पशुधन योजना का लाभ दिया जाना है। इस योजना के तहत बकरा विकास योजना, सुकर विकास योजना, बैकयार्ड लेयर कुक्कुट (लो इनपुट लेयर कुक्कुट पालन) योजना, ब्रायलर कुक्कुट पालन योजना, बत्तख चूजा वितरण योजना का लाभ दिया जा रहा है। इसके तहत बकरा, बकरी, सूकर, सूकरी, लो इनपुट लेयर बर्ड, ब्रायलर एवं बत्तख चूजा चयनित एवं अनुशंसित लाभुकों को योजनांतर्गत दी गयी राशि की अधिसीमा में उनके द्वार पर उपलब्ध कराया जाना है। इसके लिए एजेंसियों, गैर सरकारी संस्था, कंपनियों, सप्लायर को सूचीबद्ध किया जाना है। योग्य एजेंसियों, संस्थाएं, सप्लायर इसके लिए 27 जनवरी तक आवेदन कर सकते हैं।

**इसका रखना है ध्यान :** पशुपालन निदेशालय के मुताबिक पशुधन योजना में लाभुकों के दरवाजे तक योजना का लाभ देने में सक्षम एजेंसियां और अन्य के रजिस्ट्रेशन (इनरोलमेंट) के लिए आवेदन करते समय 5000 रुपये का बैंक ड्राफ्ट लगेगा। यह नन रिफंडेबल होगा। इसके अलावा जमा किये गये आवेदनों, प्रस्तावों को 30 जनवरी को खोला जायेगा। विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाइट की मदद लेनी होगी।

# गुजरात की तर्ज पर झारखंड में भी पतंग प्रतियोगिता



**रांची।** गुजरात की तर्ज पर झारखंड में पहली बार बिरसा युवा मंच के संस्थापक राजीव रंजन सिंह पूर्व डीआईजी और सचिव रीता पात्रों के द्वारापूर्वी सिंहभूम जिला के सुदूरवर्ती ग्राम नूतन डीह में मकर संक्रांति के अवसर पर पतंग प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। झारखंड के युवाओं में नया जोश नई उम्मीद और ऊंची उड़ान भरने का ख्वाब भरने के उद्देश्य से यह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में 200 से अधिक युवा भाग लेंगे होंगे। बताते चलें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी जब गुजरात के मुख्यमंत्री थे तो गुजरात में टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए पतंग उड़ाने की प्रतियोगिता शुरू किए थे।

# हाईकोर्ट के निर्देश के बाद भी झारखंड एजुकेशन ट्रिब्यूनल अध्यक्ष का पद रिक्त



खबर मन्त्र ब्यूर

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट के निर्देश के तीन महीने बाद भी झारखंड एजुकेशन ट्रिब्यूनल में अध्यक्ष पद की नियुक्ति नहीं हो पाई है। सितंबर 2022 में हाईकोर्ट ने झारखंड सरकार को निर्देश दिया था कि 3 महीने के अंदर झारखंड एजुकेशन ट्रिब्यूनल में अध्यक्ष पद की नियुक्ति की जाए। ट्रिब्यूनल में पिछले एक साल से अध्यक्ष का पद खाली है। इसके कारण कई मामले लंबित हैं। कर्मचारियों को वेतन भी नहीं मिल रहा है। विलंब के कारण 12 याचिकाकताओं ने अपने मामले वापस ले लिये हैं। जानकारी के अनुसार अध्यक्ष का पद खाली रहने के कारण ट्रिब्यूनल के अन्य पद भी नहीं भरे जा पा रहे हैं।

**हाईकोर्ट ने झारखंड सरकार को दिया था निर्देश**

मालूम हो कि जमशेदपुर के एक निजी स्कूल के शिक्षक सुमन सिंह ने वेतन भुगतान को लेकर झारखंड हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। इस याचिका पर सुनवाई करते हुए 13 सितंबर 2022 को हाईकोर्ट ने झारखंड सरकार को निर्देश दिया था, कि 3 महीने के अंदर झारखंड एजुकेशन ट्रिब्यूनल में अध्यक्ष समेत अन्य पदों पर नियुक्ति की जाये।

# सरयू राय ने तुपुदाना थाना प्रभारी के खिलाफ की आपराधिक मुकदमा चलाने की मांग

## तुपुदाना के विकास कुमार को 10 जनवरी को हाजत में रख कर की गयी थी पिटायी

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी के बाद अब निर्दलीय विधायक सरयू राय ने भी तुपुदाना थाना प्रभारी मीरा सिंह के खिलाफ आपराधिक मुकदमा चलाने की मांग की है। उन्होंने ट्वीट कर कहा है कि विकास के शरीर पर दिख रही चोट के निशान तुपुदाना थाना प्रभारी पर आपराधिक मुकदमा चलाने के लिए पर्याप्त हैं। परंतु वर्तमान व्यवस्था में उनका कुछ बिगड़नेवाला नहीं है। वे 2015 से अब तक उस समूह के क्रियाकलापों की राजदार हैं, जो पुलिस तंत्र पर अब भी प्रभावी था। अब भी प्रभावी है। इससे पहले भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी ने ट्वीट कर लिखा था, कि चोरी की घटनाओं को रोकने में विफल, रिश्वत के आरोप में जेल जा चुकी तुपुदाना थाना प्रभारी मीरा कुमारी अब पूछताछ के नाम पर हैवानियत पर उतर आई है। आरोपी पर जबरन आरोप स्वीकारने के दबाव में इतनी बेरहमी से पिटाई की कि वो अब चल फिर भी नहीं पा रहा है। रिश्वत कांड से लेकर अन्य कई बार अपनी कार्यशैली को लेकर विवादों में रही मीरा सिंह और एक अपराधी में फर्क करना भी मुश्किल हो रहा है। उन्होंने झारखंड पुलिस से दागी और बेरहम दारोगा को तत्काल बर्खास्त करने की बात कही है। पीड़ित विकास कुमार ने भी इस संबंध में रांची के वरीय पुलिस अधीक्षक कौशल किशोर को पत्र लिख कर न्याय की मांग की है। उसे 10 जनवरी को हाजत में रख कर पिटायी की गयी थी।

**क्या है पूरा मामला**

विकास कुमार ने लिखा है कि मैं चतरा जिले का रहने वाला हूं। रांची के तुपुदाना इलाके के मिलन चौक स्थित माया रेसिडेंट में सुपरवाइजर का काम करता हूं। बीते 10 जनवरी को तुपुदाना थाना प्रभारी मीरा सिंह उसे फ्लैट में हुई चोरी के आरोप में तुपुदाना थाने ले गयीं और एक कमरे में बंद कर दिया था। इसके बाद तुपुदाना थाना में पदस्थापित एएसआइ सुनील सिंह आधे घंटे बाद आये और थाना प्रभारी के ऑफिस में ले गये। वहां थाना प्रभारी मीरा सिंह और एएसआइ सुनील सिंह बेरहमी से पीटा। विकास कुमार ने बताया कि जब उसे छुड़ाने के लिए परिचित लोग आये तो उनके सामने भी बहुत पीटा गया। इसके बाद मुझे जबरदस्ती सिग्नेचर करने को कहा गया। मुझे अपना बयान उसी प्रकार देने के कहा गया जैसा मीरा सिंह ने बताया। हालांकि मैंने जब इनकार किया तो मुझे जेल भेजने की धमकी देने लगे। उन लोगों के डर से उनके अनुसार अपना बयान लिखा और सिग्नेचर कर दिया। इस बाबत विकास की शिकायत पर हटिया डीएसपी को मामले की जांच करने का जिम्मा सौंपा दिया गया है।

# सीबीएसई के शैक्षिक दस्तावेजों के सत्यापन कराने का नोटिस जारी

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने शैक्षिक दस्तावेजों के सत्यापन यानी अटेस्टेड करने को लेकर एक महत्वपूर्ण नोटिस जारी किया है। इसके अनुसार, बोर्ड ने डिजिटल दस्तावेजों को डाउनलोड करने के लिए नेशनल अकादमिक डिपोसीटरी (एनएडी) के डिजीलॉकर प्लेटफॉर्म पर विगत 21 वर्षों के 10वीं, 12वीं कक्षा के परीक्षार्थियों का रिजल्ट डेटा अपलोड किया है। विद्यार्थी इस डेटा को डाउनलोड कर सकते हैं और उच्च शिक्षा संस्थानों द्वारा इसे सत्यापित या प्रमाणित किया जा सकता है। प्रमाणीकरण के लिए पब्लिक की इंफ्रास्ट्^ र (पीकेआई) आधारित क्यूआर कोड होने के साथ-साथ केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की ओर से अपलोड किए गए दस्तावेजों को डिजिटल रूप से हस्ताक्षरित किया जाता है।



केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने सभी संगठनों से प्रमाण पत्र सत्यापन को अनुरोध नहीं भेजने का आग्रह किया है। संगठन ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं और आगे अपना सत्यापन यानी प्रमाणीकरण करवा सकते हैं। यही नहीं, केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड उच्च शिक्षण संस्थानों और सरकारी नियोक्ताओं को जरूरत पड़ने पर बल्क वेरिफिकेशन के लिए एपीआई भी उपलब्ध कराएगा। उम्मीदवार इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर पोस्ट की गई गाइडलाइंस देख सकते हैं। यह जानकारी सीबीएसई के सिटी कोआर्डिनेटर सह डीपीएस रांची प्राचार्य डॉ राम सिंह ने दी।

# विधायक लोबिन हेंब्रोम जैन समाज से माफी मांगें: अजय जैन

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के महासचिव अजय जैन ने झामुमो विधायक लोबिन हेंब्रोम के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि अल्पसंख्यक जैन समाज के धर्मगुरुओं पर अपने अमर्यादित बयान के लिए विधायक लोबिन हेंब्रोम जैन समाज से माफी मांगना चाहिए। उन्होंने कहा पिछले दिनों बोरियो से निर्वाचित झारखंड मुक्ति मोर्चा के विधायक लोबिन हेंब्रोम ने अपने राजनीतिक फायदे के लिए भोले-भाले आदिवासियों एवं जैन समुदाय के लोगों को सम्मेद शिखर के मामले में अपने सस्ती लोकप्रियता हासिल करने के लिए अल्पसंख्यक जैन समाज के धर्मगुरुओं पर अमर्यादित टिप्पणी की है। उन्होंने कहा है कि एक जनप्रतिनिधि जो मां, माटी, मानुष की बात करता है, वह क्या इस तरह से संस्कृति की रक्षा कर सकेगा? दोनों समुदायों के लोग जो वर्षों से वहां रह रहे हैं, उनको एक जनप्रतिनिधि द्वारा इस तरह उकसाना उनकी ओछी मानसिकता का परिचायक है।



अजय जैन ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से अग्रह किया है कि वे अपने स्तर से जांच कराएं कि विधायक लोबिन हेंब्रोम किसके इशारे पर दो संप्रदायों को लड़ाने का काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा है कि झारखंड मुक्ति मोर्चा हमेशा सभी धर्मों का सम्मान किया है। अपने धर्म गुरुओं पर विधायक द्वारा की गई अमर्यादित टिप्पणी हम अल्पसंख्यक जैन समाज को पीड़ा पहुंचाती है। उन्होंने कहा कि विधायक अपने आदिवासी भाइयों के बीच शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार संबंधी बातें करते तो उनका सम्मान किया जाता। इसके बावजूद वह भीड़ जमा करके दो संप्रदायों के बीच लड़ाई करवाने का काम करवा रहे हैं।

# राष्ट्रपति से मिले सरयू राय



**रांची।** विधायक सरयू राय ने नई दिल्ली में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से शिष्टाचार भेंट की। मुलाकात के दौरान सरयू राय ने राष्ट्रपति को 22 फरवरी से 3 मार्च तक रांची के मोरहाबादी मैदान में लगने वाले पर्यावरण मेला का उद्घाटन करने का निमंत्रण दिया। राष्ट्रपति ने कहा कि फरवरी के कार्यक्रमों को देखने के बाद वे स्वीकृति देने की सूचना देंगी। राष्ट्रपति ने यह भी बताया कि उन्हें स्मरण है कि 2018 में जब पहली बार रांची में पर्यावरण मेला लगा था, तब उन्होंने ही मेले का उद्घाटन किया था। उस वक्त वे झारखंड की राज्यपाल थीं।


# छत्तीसगढ व झारखंड में मसीहियों के साथ मारपीट के खिलाफ विरोध महारैली आज

## राजधानी रांची व झारखंड के तमाम मसीही इस विरोध महारैली में होंगे शामिल

विरोध महारैली जीईएल चर्च कंपाउंड से दिन के 12 बजे निकलेगी जो मोरहाबादी तक जाएगी

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** छत्तीसगढ़ सहित झारखंड में ईसाईयों के ऊपर धर्मांतरण का झूठे मुद्दे और जिस तरह से आरएसएस और अन्य हिंदुत्ववादी संगठनों के उकसावे पर ईसाइयों के साथ हिंसा की जा रही है, उनको ध्यान में रखकर झारखंड क्रिश्चियन यूथ एसोसिएशन (जेसीवाईए) के नेतृत्व में राजधानी रांची के तमाम मसीही समुदाय के लोग यह मांग करते हैं कि सरकार दोषियों के खिलाफ अविलंब करवाई की जाए। जेसीवाईए के अध्यक्ष अल्विल लकड़ा ने यह जानकारी देते हुए बताया कि छत्तीसगढ़ व झारखंड में लगातार मसीहियों के साथ मारपीट एवं चर्च में तोड़फोड़ की घटनाएं हो रही है। इन्हीं तमाम घटनाओं के खिलाफ जेसीवाई के नेतृत्व में 15 जनवरी को रांची के तमाम मसीहियों के द्वारा विरोध महारैली निकाली जाएगी। यह महारैली जीईएल चर्च कंपाउंड से दिन के 12 बजे निकाली जाएगी। मसीही महिला, पुरुष, युवक युवतियों की यह महारैली जीईएल चर्च कंपाउंड से निकलकर विरोध प्रदर्शन करते हुए मोराबादी मैदान जाएगी। जेसीवाईए के महासचिव विकास तिर्की ने यह जानकारी देते हुए बताया कि महारैली समय पर निकले इसके लिए तमाम मसीही समुदाय के लोगों को दिन के 11 बजे गोस्सनर थियोलॉजिकल कॉलेज के सामने मैदान में एकत्रित होने की अपील की गयी है। उन्होंने बताया कि पिछले दिनों छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले में चर्च में किए गए तोड़-तोड़ किये है,एवं बीते दिसम्बर गढ़वा जिले में चर्च के साथ मारपीट किया जिसके विरोध में यह विशाल विरोध महारैली का आयोजन किया गया है।



# महेंद्र सिंह के 19वें शहादत दिवस पर 16 जनवरी को बगोदर में जनसंकल्प सभा

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** पूरे राज्य में बैठक और सभा का आयोजन कर उनके आदर्शों को जन-जन तक ले जाने का संकल्प 16 जनवरी को कॉमरेड महेंद्र सिंह के 19वें शहादत दिवस पर पूरे राज्य में फासीवाद के खिलाफ जनसंकल्प सभा की जायेगी। शहादत दिवस पर मुख्य कार्यक्रम बगोदर में होगा. मुख्य वक्ता भाकपा माले के राष्ट्रीय महासचिव दीपंकर भप्ताचार्य होंगे। सभा को माले विधायक विनोद सिंह, राज्य सचिव मनोज भक्त, मासस के कार्यकारी अध्यक्ष अरूप चटर्जी, महासचिव हलधर महतो समेत कई नेतागण सभा को संबोधित करेंगे। भाकपा माले राज्य सचिव मनोज भक्त ने बताया कि इसकी तैयारी को अंतिम रूप दिया जा रहा है। पूरे राज्य में 1000 से अधिक स्थानों पर छोटी- बड़ी बैठक और सभा आयोजित कर कॉमरेड महेंद्र सिंह के आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाया जा रहा है।



**16 जनवरी को शहादत दिवस पर मुख्य आयोजन**

16 जनवरी को दिन के 11 बजे महेंद्र सिंह के गांव खंभरा में माल्यार्पण किया जाएगा. बगोदर में जनसंकल्प सभा 1 बजे से महेंद्र सिंह बस स्टैंड परिसर में की जाएगी। राज्य कमिटी सदस्य भुवनेश्वर केवट ने कहा कि 17 वर्ष बीत जाने के बावजूद महेंद्र सिंह के हत्यारों की अबतक पहचान तक नहीं किए जाने से सीबीआई समेत अन्य केंद्रीय जांच एजेंसियां ही जांच के घेरे में है। जांच की लंबी अवधि और जांच की मंद गति दोनों ही न्यायिक जांच को पूरा करने के बजाय हत्यारों का ही पक्ष पोषण करने जैसा है। महेंद्र सिंह जैसी शख्शियत की हत्या की जांच की ऐसी हालत न्याय की प्रक्रिया पर बड़ा सवाल पैदा करता है।

**15 से 20 फरवरी तक पटना में पार्टी का 11वां महाधिवेशन**

जनसंकल्प अभियान द्वारा फासीवाद विरोधी गोलबंदी पर जोर दिया जा रहा है। 15 से 20 फरवरी तक पटना में पार्टी का 11वां महाधिवेशन होगा। 15 फरवरी को पटनी के गांधी मैदान में जनसभा होगी। महाधिवेशन में 16 फरवरी को भाजपा विरोधी दलों और संगठनों को भी आमंत्रित किया गया है। इसमें देश-दुनिया के ज्वलंत विषयों पर चर्चा की जायेगी। 20 फरवरी को पार्टी कार्यसमिति का चुनाव किया जाना है।

# भारतमाला प्रोजेक्ट: ओरमांझी के 15 गांवों से होकर गुजरेगा एक्सप्रेस-वे



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** भारतमाला प्रोजेक्ट के तहत ओरमांझी से जैनामोड़ (बोकारो) तक एक्सप्रेस-वे का निर्माण होना है। इसे लेकर भूमि अधिग्रहण का काम लगभग पूरा हो चुका है। इस प्रोजेक्ट के तहत बननेवाली सड़क की लंबाई लगभग 81.49 किमी होगी, जो बोकारो जैनामोड़ व धनबाद को जोड़ेगी। इस प्रोजेक्ट के लिए ओरमांझी से गोला तक 15 गांवों की जमीन 8 लेन सड़क के लिए अधिग्रहण किया जा रहा है।

**बिना रुके बोकारो-धनबाद का होगा सफर**

ओरमांझी से गोला, पेटरवार होकर जैनामोड़ होते जा रही सड़क पर भीड़भाड़ के कारण ट्रैफिक पर ब्रेक लग जाता है। लेकिन, भारतमाला प्रोजेक्ट के तहत इस एक्सप्रेस-वे के बन जाने से लोगों का समय बचेगा। कम समय में दूरी तय की जा सकेगी। मालूम हो कि यह राज्य का पहला एक्सप्रेस-वे होगा। भारतमाला परियोजना के तहत पिछड़े इलाकों, धार्मिक और पर्यटन स्थलों को जोड़ने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग बनाए जा रहे हैं। ये परियोजना गुजरात और राजस्थान से शुरू होकर पंजाब, जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, झारखंड और बिहार की सीमाओं को कवर करेगी।

# 30 लाख पद खाली पर भर्ति नहीं : आभा सिन्हा



**रांची।** झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमिटी की प्रवक्ता आभा सिन्हा ने नौकरियों पर केन्द्र सरकार से सवाल करते हुए कहा कि 30 लाख सरकारी पद खाली हैं लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उन्हें नहीं भर रहे हैं। सिर्फ झूठा आश्वासन देकर उनका वोट लेना जानते हैं। श्रीमती सिन्हा ने कहा है कि 15 लाख नौकरियां अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित हैं और केंद्र सरकार इन पदों को नहीं भर रही है। मोदी सरकार को यह डर है कि अगर गरीबों का उत्थान हो जाता है, तो मोदी सरकार को हटा दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि लोगों को आरक्षण और नौकरियां तभी मिलेंगी जब संविधान और लोकतंत्र सुरक्षित रहेगा।

# आइएएस के लिए दो नामों को नहीं मिली केंद्र से हरी झंडी

## झारखंड से भेजे गये थे 5 गैर सेवे के नाम

- विभाग के अधिकारियों के अनुसार प्रमोशन 31 दिसंबर 2022 तक मिल जाना था
- राज्य सरकार ने 2022 में ही गैर प्रशासनिक सेवा से पांच अधिकारियों के नाम का चयन कर आइएएस बनाने के लिए केंद्र को भेजा था

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** गैर प्रशासनिक सेवा (नॉन एसीएस) से आइएसस बनने का सपना देख रहे पांच अफसरों को केंद्र से अब तक हरी झंडी नहीं मिली है। राज्य सरकार ने 2022 में ही गैर प्रशासनिक सेवा से पांच अधिकारियों के नाम का चयन कर आइएएस बनाने के लिए केंद्र को भेजा था। इनमें दो अधिकारियों को आइएएस की सेवा दी जानी थी, लेकिन अभी तक भारत सरकार से दो अधिकारियों के नामों पर सहमति नहीं मिली है। कार्मिक विभाग के अधिकारियों के अनुसार प्रमोशन 31 दिसंबर 2022 तक मिल जाना था, ताकि उनका नोटिफिकेशन किया जा सके। लेकिन इस तिथि तक किसी भी अधिकारी का नाम फाइनल नहीं हो सका है। जनवरी के भी पहले सप्ताह तक भी केंद्र के निर्णय का इंतजार किया गया, लेकिन अभी तक अधिसूचना जारी नहीं हुई है। ऐसे में इन अधिकारियों का आइएएस बनने का रास्ता क्लीयर नहीं हो पा रहा है। नियमतः गैर प्रशासनिक सेवा से आइएएस बनने के लिए जो सूची तय करके केंद्र को भेजी जाती है। उसे उसी वर्ष क्लीयर करके आइएएस के पद पर अधिकारियों की नियुक्ति होती है। दूसरे वर्ष हो जाने पर नयी सूची बना कर भेजनी पड़ती है। ऐसे में अब 2023 हो जाने के कारण राज्य सरकार को नयी सूची बनानी होगी, इसके बाद केंद्र विचार करेगा। बताते चलें कि गैर प्रशासनिक सेवा में इंजीनियर, डॉक्टर इत्यादि आते हैं, जो झारखंड प्रशासनिक सेवा से अलग सेवा के होते हैं।

स्पीड न्यूज

## सिंहभूम चैम्बर एसोचैम संग करेगा कार्यक्रम

**जमशेदपुर।** सिंहभूम चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री और एसोसिएटेड चैम्बर ऑफ कॉमर्स यानी एसोचैम के संयुक्त तत्वावधान में भारत और संयुक्त अरब अमीरात सरकार के शारजाह से आये प्रतिनिधिमंडल के साथ एकदिवसीय बीटूबी मीटिंग का आयोजन होटल रमाडा, जमशेदपुर में दिनांक 23-24 को प्रातः 10 बजे से संध्या 5 बजे तक किया जायेगा।

## जगन्नाथपुर मुखिया सिमरन सामद की मौत



**गम्हरिया।** जगन्नाथपुर पंचायत की मुखिया सिमरण सामद का निधन शनिवार की शाम करीब साढ़े पांच बजे टीएमएच में हो गई। उनके शव को टीएमएच के शीत गृह में रखा गया है। बताया गया है कि जोंडिस के कारण स्थिति गंभीर होने पर उनको 8 जनवरी को टीएमएच में भर्ती कराया गया था। उनका इलाज टीएमएच के सीसीयू में हो रहा था। इलाज के दौरान ही उन्होंने टीएमएच के सीसीयू में अंतिम सांस ली।

## सामाजिक संस्था यात्रा ने गरीबों में बांटे कंबल

**जमशेदपुर।** सामाजिक संस्था यात्रा एक नए जीवन की शुरुआत ने अध्यक्ष रीना सिंह के आवासीय कार्यालय पर जरूरतमंद लोगों मे कंबल बांटा। इसमें मुख्य रूप से यात्रा के अध्यक्ष श्रीमती रीना सिंह, सदस्य चेतन अग्रवाल, गौतम, जगतार सिंह जी उपस्थित रहे।

## मकर संक्रांति पर मिलेगी चांडिल वासियों को पानी

**चांडिल।** विगत कई दिनों से चांडिल में मोटर ऑपरेटर को मानदेय नहीं मिलने पर पेयजल आपूर्ति बंद थी। जनप्रतिनिधियों ने बैठक कर पंप ऑपरेटर को 25 जनवरी तक मानदेय देने का आश्वासन दिया गया। इसके बाद चांडिल बाजार, डैम रोड, रुचाप, चांडिल स्टेशन बस्ती के लोगों को मकर संक्रांति पर पानी मिलने का रास्ता साफ हुआ। बैठक में चांडिल के मुखिया मनोहर सिंह सरदार, रसुनिया मुखिया मंगल मांझी, अमला मुर्मू, उप प्रमुख रामकृष्ण महतो, खगेन महतो सहित कई लोग उपस्थित।

## एनएच 33 जाम करने वाले 22 नामजदों पर केस

**चांडिल।** आजसू नेता दिलीप महतो अपहरण मामले में एनएच 33 जाम करने वाले 22 नामजद लोगों के ऊपर चांडिल थाना में मामला दर्ज किया गया। मामला दर्ज होने वाले में खगेन महतो, हिकिम चंद्र महतो, विष्णु कुमार, दिलीप महतो के भाई प्रदीप महतो, संटू महतो, मनोज महतो, प्रहलाद महतो, मधुसूदन महतो, चुका महतो, चंदन राय, विश्वजीत महतो, शंकर गोराई सहित कई लोगो के उपर मामला दर्ज किया गया है। चांडिल थाना प्रभारी अजीत कुमार ने कहा 22 नामजद लोगों पर मामला दर्ज किया गया है एवं करीब 150-200 अज्ञात लोगों पर मामला दर्ज किया गया है।

## मानगो का खुदीराम बोस खंडा चौक विविधता का सम्मान : पप्पू



**जमशेदपुर।** झारखंड सिख विकास मंच ने मानगो चौक का नामकरण शहीद खुदीराम बोस और खंडा चौक करने पर इसे शहीदों एवं देश की विविधता का सम्मान बताया है। अध्यक्ष गुरदीप सिंह पप्पू के अनुसार हमारा शहर लघु भारत है और उनकी सभ्यता संस्कृति परंपरा को पुष्पित पल्लवित करने में टाटा स्टील का सराहनीय योगदान रहा है। देश के विभिन्न राज्यों एवं समूह के क्लब एवं संस्थाएं इसकी पुष्टि करती है। बोस देश भक्तों के आदर्श हैं जिन्होंने अल्पायु में ही राष्ट्रवाद का ऐसा पाठ पढ़ाया जिसका मिसाल दुनिया में मुश्किल है।

## सराहनीय : आगाज ने मनायी धीयां दी लोहड़ी

**जमशेदपुर।** आगाज संस्था ने शनिवार को रामदास भट्ठा गुरुद्वारा के प्रांगण में लोहड़ी मनायी। इस लोहड़ी को धीयां दी लोहड़ी का नाम दिया गया। क्योंकि संस्था 6 परिवार जिनके घर बेटियों का जन्म हुआ, उन्हें सम्मानित किया गया। सभी अतिथियों और संस्था के सदस्यों ने फुग्गा जलाकर लोहड़ी का सगन किया। वहां अतिथि सरदार शैलेंद्र सिंह, सरदार भगवान सिंह भी थे।

# टाटा स्टील फाउंडेशन ने किया जोहार हाट का शुभारंभ

➲ कदमा प्रकृति विहार में लगा है जोहार हाट

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** टाटा स्टील फाउंडेशन ने आज प्रकृति विहार कदमा में जोहार हाट का शुभारंभ किया, जो भारत भर की जनजातियों की सर्वश्रेष्ठ कला, शिल्प, भोजन और प्रतिभा के लिए समर्पित स्थान है।

यह जमशेदपुर के नागरिकों के लिए एक उपहार है, साथ ही यह जनजातियों की कला और संस्कृति को बढ़ावा देने का एक मंच भी है। हाट कदमा के प्रकृति विहार में हर महीने एक सप्ताह के लिए आयोजित होगा, जिसमें विभिन्न जनजातियों के कारीगर और रसोइये एक विशाल सांस्कृतिक अनुभव देंगे जो समुदायों के लिए आर्थिक लाभ और उद्यमशीलता के अवसर भी लाता है।



हाट का दृश्य।

चाणक्य चौधरी, निदेशक, टाटा स्टील फाउंडेशन और वाईस प्रेसिडेंट, कॉर्पोरेट सर्विसेज, टाटा स्टील, उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि थे। उन्होंने कहा कि टाटा स्टील फाउंडेशन पिछले कुछ वर्षों से इस हाट को लाने की कोशिश कर रहा है। हम आदिवासी संस्कृति और पहचान को बढ़ावा देने के लिए हर साल संवाद जैसे बड़े कार्यक्रम और अन्य कार्यक्रमों का आयोजन करते रहे हैं। हम निवासियों की अधिक भागीदारी देखना चाहते हैं। हमारा लक्ष्य हर महीने इसी अवधि के दौरान जोहार हाट लगाना है।



हाट का उद्घाटन करने पहुंचे टाटा स्टील के वीपी चाणक्य चौधरी व अन्य अतिथि।

समारोह के दौरान उपस्थित अन्य गणमान्य अतिथियों में अत्रेई सान्याल (वाईस प्रेसिडेंट, ह्यूमन रिसोर्स मैनेजमेंट, टाटा स्टील), उत्तम सिंह (वाईस प्रेसिडेंट, आयरन मेकिंग, टाटा स्टील), सौरव रॉय (चीफ एग्जीक्यूटिव ऑफिसर, टाटा स्टील फाउंडेशन), देबदूत मोहंती (चीफ कॉर्पोरेट सर्विसेज, टाटा स्टील कलिंगागर), मुकुल विनायक चौधरी- (चीफ, स्पोर्ट्स एक्सीलेंस सेन्टर), डॉ. सुधीर राय (जीएम, मेडिकल सर्विसेज, टाटा स्टील), प्रणय सिन्हा, (चीफ कॉर्पोरेट सर्विसेज, टाटा स्टील जमशेदपुर) और अरविंद कुमार सिन्हा, (चीफ, सेफ्टी एंड ब्रांड प्रोटेक्शन), सीआर मांझी (मैनेजिंग कमिटी, ट्राइबल कल्चर सोसाइटी), बिनापानी महतो (मैनेजिंग कमिटी, ट्राइबल कल्चर सोसाइटी), सहित अन्य शामिल थे।

### हाट की विशेषताएं

इस बार का प्रमुख आकर्षण ट्राइबल फैशन ज्वेलरी (वांचो ट्राइब, अरुणाचल प्रदेश), डोकरा क्राफ्ट (मुरिया ट्राइब, छत्तीसगढ़), नवजीवन को-ऑपरेटिव (हो ट्राइब, ओडिशा) सहित अन्य स्टॉल थे। प्रत्येक हाट में लाइव डेमोंस्ट्रेशन, मास्टरक्लास, कहानी सत्र, सिनेमा और शानदार भोजन के साथ ही घर की साज-सज्जा, हथकरघा और वस्त्र, आभूषण, पेंटिंग और जैविक उत्पादों की बिक्री की जाएगी। यह जमशेदपुर में जनजातीय शिल्प और व्यंजनों के लिए पहले 'विविधता पूर्ण बाजार' के रूप में काम करेगा।

जय जय भगीरथ नंदिनी, मुनि-चय चकोर चंदिनी... गंगा आरती देखने दुमुहानी घाट में उमड़ा जनसैलाब

# स्वर्णरेखा नदी को शीघ्र दिया जाये राष्ट्रीय धरोहर का दर्जा : बन्ना गुप्ता

■ नदी पूजन कर मंत्री बन्ना गुप्ता ने लिया प्रण स्वर्णरेखा नदी मंडप को दिलायेंगे अंतराष्ट्रीय पहचान

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** काशी के दशमेश घाट की तर्ज पर जमशेपुर की जीवनदायिनी स्वर्णरेखा-खरकाई नदी का संगम स्थल दुमुहानी,सोनारी घाट आज पहली बार भव्य गंगा सह स्वर्णरेखा आरती का गवाह बना। अयोध्या से स्वामी विषम्भर महाराज समेत 11 पुरोहितों ने पुरे आरती पूजन को संपन्न कराया। गंगा आरती का शुभारंभ तो शाम 6.20 बजे शुरु हुआ किन्तु लौहनगरी के सनातन धर्मावलंबी सूर्य ढलते ही शाम पांच बजे तक घाट पर पहुंच चुके थे। गंगा आरती देखने की चाह रखने वालों में बच्चे,जवान, बुजुर्ग हर उम्र के लोग थे। सबका उत्साह देखते ही बन रहा था। गंगा आरती के मुख्य अतिथि और दुमुहानी तट पर आरती घाट बनवाने का संकल्प ले चुके झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री एवं जमशेदपुर पश्चित के विधायक बन्ना गुप्ता भी समय से पहले दुमुहानी घाट पहुंच गए थे। शाम छह बजे अयोध्या के पंडितों की टीम गंगा आरती करने अपने अध्यात्मिक वेशभूषा में घाट पर पहुंची तो नगरवासियों ने करतल ध्वनि से उनका स्वागत किया। शाम छह बज कर 18 मिनट पर गोविंद बोलो हरि गोपाल बोलो...राधा रमण हरि गोविंद बोलो... भजन साउंड सिस्टम पर बजते ही गंगा आरती शुरु हो गई, उसके बाद जय जय भगीरथ नंदिनी... भजन से मां गंगा की अराधना शुरु हुई और आरती चरम पर पहुंची लोग भक्ति की गंगा में डूबने-उतराने लगे।



गंगा सह स्वर्णरेखा आरती करते अयोध्या से आये विद्व पुजारीगण।

इसके साथ ही हिंदू उत्सव समिति समेत अन्य सांस्कृतिक और धार्मिक संगठनों के सहयोग से सांकेतिक स्वर्णरेखा आरती महोत्सव का समापण पुरे धार्मिक विधि विधान और वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हजारों श्रद्धालुओं के सामूहिक उपस्थिति के साथ हुआ।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में सूबे के स्वास्थ्य एवं आपदा प्रबंधन मंत्री श्री बन्ना गुप्ता ने आरती और नदी पूजन कर वंदन किया। उनके साथ शिव शंकर सिंह, कविता परमार, पूर्व आईपिएस राजीव रंजन सिंह समेत अन्य लोग उपस्थित रहे।



दुमुहानी घाट पर मां गंगा और मां स्वर्णरेखा का जयकारा लगाते मंत्री बन्ना गुप्ता।

स्वास्थ्य मंत्री श्री बन्ना गुप्ता जी ने कहा कि स्वर्णरेखा को राष्ट्रीय धरोहर घोषित करने का मांग करते है, इस सिलसिले में वें देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी को पत्र लिखेंगे। उन्होंने बताया कि हमलोग का दायित्व है कि माँ गंगा की रक्षा करें, इसके लिए उन्होंने बेहतर प्लानिंग की रुपरेखा तैयार किया है, डीसी पूर्वी सिंहभूम और जुस्को के सहयोग से भव्य स्वर्णरेखा आरती मंडप का निर्माण किया जायेगा।

## रोड पर उतरे यमराज : हेलमेट पहन कर चलिये, नहीं तो प्राण ले लूंगा...

›› 'यमराज' ने सड़क पर उतरकर यातायात नियमों का पालन नहीं करने वालों को किया जागरूक

›› सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता लाने के लिए अपनाया गया गांधीवादी तरीका

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** सड़क दुर्घटना में जान गंवाने से बेहतर है कि यातायात नियमों का पालन करें और सुरक्षित रहें। जब आप घर से निकलते हैं तो घरवाले आपके सुरक्षित लौटने का इंतजार करते हैं। जीवन बहुमूल्य है इसे लापरवाही में नहीं गंवाएं... कुछ ऐसे ही जागरूकता संदेश के साथ जमशेदपुर की सड़कों पर उतरकर 'यमराज' ने नियमों की अनदेखी कर वाहन चलाने वालों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। मौका था सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत चल रहे जागरूकता अभियान का। 11 से 17 जनवरी तक मन रहे सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत भीड़भाड़ वाले स्थानों, चौक चौराहों में जागरूकता अभियान चलाया गया।



## जमशेदपुर हॉर्स राइडिंग स्कूल के छात्रों की मेधा देख प्रभावित हुए टीवी नरेंद्रन

➲ लौहनगरी जमशेदपुर में पहली बार लगा हॉर्स शो

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर हॉर्स राइडिंग स्कूल ने 14 जनवरी को अपना पहला हॉर्स शो आयोजित किया। टाटा स्टील द्वारा आयोजित कार्यक्रम में जमशेदपुर, रांची और भुवनेश्वर से 57 राइडर्स ने भाग लिया। टाटा स्टील के सीईओ और मैनेजिंग डायरेक्टर टी वी नरेंद्रन इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थे, इस अवसर पर उन्होंने चाणक्य चौधरी, वाइस प्रेसिडेंट कॉर्पोरेट सर्विसेज के साथ प्रतिभागियों को अवाड्र्स भी प्रदान किया। इस अवसर पर रॉ मैटेरियल्स के वाइस प्रेसिडेंट डी बी सुंदररामम, ह्यूमन रिसोर्स मैनेजमेंट की वाइस प्रेसिडेंट अत्रेयी सान्याल और जमशेदपुर के प्रमुख हितधारक भी उपस्थित थे।



हॉर्स शो में के चैम्पियन मुख्य अतिथि एवं टाटा स्टील के एमडी टीवी नरेंद्रन और वीपी चाणक्य चौधरी के साथ।

## स्वर्णरेखा क्षेत्र विकास ट्रस्ट व युगांतर भारती ने मनाया स्वर्णरेखा महोत्सव

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** स्वर्णरेखा क्षेत्र विकास ट्रस्ट और युगांतर भारती के तत्वावधान में आज सोनारी, दोमुहानी स्थित नदी तट सहित भुईयांडीह स्थित पांडेय घाट और बारीडीह के स्थित भोजपुर घाट पर नदी पूजन कर स्वर्णरेखा महोत्सव मनाया गया। कोविड के दो वर्ष बाद इस बार बड़ी संख्या में स्वर्णरेखा क्षेत्र विकास ट्रस्ट के सदस्य उपस्थित होकर स्वर्णरेखा नदी तट पर गये जहां पंडित घनश्याम मिश्रा ने विधि विधान के साथ पूजन का कार्यक्रम सम्पन्न कराया। यह स्वर्णरेखा महोत्सव का 18वां वर्षगांठ है।

पूजन के बाद ट्रस्ट के सुबोध श्रीवास्तव ने संबोधित करते हुए कहा कि झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री तथा वर्तमान में जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय के मार्गदर्शन से स्वर्णरेखा क्षेत्र विकास ट्रस्ट और युगांतर भारती के संयुक्त तत्वावधान में स्वर्णरेखा महोत्सव का कार्यक्रम विगत 17 वर्षों से मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि स्वर्णरेखा नदी की सफाई के लिए ट्रस्ट की ओर से निरंतर प्रयास किया जाता रहा है।



दोमुहानी घाट पर नदी पूजन करते सुबोध श्रीवास्तव, श्रीमती मंजू सिंह व सहयोगी।

## पतंग उत्सव : अग्रवाल सम्मेलन ने दोमुहानी पर खिलायी खिचड़ी

›› मंत्री बन्ना गुप्ता, विधायक मंगल कालिंदी और भाजपा जिला अध्यक्ष गुंजन यादव ने किया भोग ग्रहण



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** झारखंड के महान पर्व टुसु एवं देश के हर हिस्से में मनाये जाने वाले त्योहार मकर संक्रांति, पोंगल, लोहड़ी, बिहू, उत्तरायण के अवसर पर पूर्वी सिंहभूम जिला अग्रवाल सम्मेलन ने 'खिचड़ी वितरण कार्यक्रम' किया। मौके पर दोमुहानी, सोनारी में चिंतामणी हनुमान मंदिर प्रांगण में लगभग सात हजार लोगों के मध्य खिचड़ी सब्जी खीर बंटा। कार्यक्रम में स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता, विधायक मंगल कालिंदी, भाजपा जिला अध्यक्ष गुंजन यादव, पूर्व जिला अध्यक्ष बिनोद सिंह, भाजयुमो जिला अध्यक्ष अमित अग्रवाल, डॉ शीला कुमारी, भाजपा नेता प्रीति सिंहा, कैट के राष्ट्रीय सचिव सुरेश सोन्थालिया भी थे।

# आर्मी कैंप में मना सातवीं आर्म्ड फोर्स वेटरन्स डे

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** जिला सैनिक कल्याण केंद्र चाईबासा के पदाधिकारी कर्नल किशोर एवं आर्मी कैंप के 100 फील्ड रेजीमेंट द्वारा संयुक्त रूप से वेटरन्स डे का आयोजन किया गया जिसमें करीब 100 से अधिक पूर्व सैनिक एवं कई सेना के अधिकारी उपस्थित रहे। आयोजित कार्यक्रम में वेटरन्स डे कि इतिहास पर प्रकाश डालते हुए कार्यक्रम के मंच संचालक सरदिंदु शेखर ने कहा कि,1953 में इसी दिन भारतीय सेना के पहले भारतीय कमांडर-इन-चीफ फील्ड मार्शल के एम करिअप्पा, जिन्होंने 1947 के युद्ध में भारतीय सेना का नेतृत्व किया था, औपचारिक रूप से सेवानिवृत्त हुए थे। पहला वेटरन डे 14 जनवरी 2016 को मनाया गया था और रक्षा मंत्रालय के अनुसार, पूर्व सैनिकों और उनके परिवारों के सम्मान में इंटरैक्टिव कार्यक्रमों की मेजबानी करके हर साल इस दिन को मनाने का निर्णय लिया गया था। इसी पहल को आगे बढ़ाते हुए जिला सैनिक कल्याण केंद्र एवं सुनारी आर्मी कैंप द्वारा इस वर्ष भी वेडनेस डे का आयोजन किया गया जिसमें वीर नारियों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सर्वप्रथम दीप प्रज्ज्वलन कर एवं जनरल करियप्पा के फोटो पर पुष्पांजलि अर्पित कर हुआ। मौके पर उपस्थित सभी वेटरेनस ने अपनी सेना से जुड़ी यादों को सभी के समक्ष साझा किया। आयोजित कार्यक्रम में ईसीएचएस के पदाधिकारी ब्रिगेडियर पीके झा ने पूर्व सैनिकों के मेडिकल समस्याएं एवं ईसीएचएस के मुद्दों पर सभी के समक्ष जानकारी साझा की एवं सैनिकों के कल्याण के लिए ईसीएचएस को हमेशा खड़ा बताया। कर्नल किशोर ने अपने संबोधन में कहा की राष्ट्र की सेवा करके आये गौरव सेनानियों की सेवा करने का सुअवसर पाने हेतु अपनी बधाईया दी। कर्नल किशोर सिंह ने कहा कि सैनिकों के सम्मान के साथ-साथ उनके परिवारों और उनके आश्रितों के लिए सेवानिवृत्त जीवन में उनकी समस्याओं को हल करने के लिए अत्यधिक प्रयासों के साथ पुनर्वास की देखभाल करना हमारी अहम् जिम्मेदारी है।100 फील्ड रेजीमेंट के कर्नल अमित भारद्वाज द्वारा सभी को वेटरन्स डे की शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए देश में सेना के महत्व को बतलाया गया। कार्यक्रम में एयर कॉमेडर मारवा, संजीव रमन एवं कमांडर स्टेशन हेड क्वार्टर के साथ-साथ इस लौहनगरी के सभी पूर्व सैनिक उपस्थित रहे।



एक नजर में

## इनरव्हील क्लब जमशेदपुर ने गरम कपड़े बांटे



**जमशेदपुर।** मकर संक्रांति के पावन पर्व में किया गया दान को महादान कहा जाता है। इस सोच को ध्यान मे रखते हुए इनरव्हील क्लब जमशेदपुर ईष्ट और इनरव्हील क्लब जमफशेदपुर जेष्ट ने मिलकर दोमुहानी(मरीन ड्राइव),मौनी बाबा आश्रम (सोनारी) और राम मंदिर (बिस्टुपुर) में गरीबों के बीच ढंड से बचने को गरम कपड़े बांटे। मौके पर दोनों क्लब की अध्यक्ष सदस्यों संग थी।

## सबुज बांग्ला ट्रस्ट ने बांटे लंच पैकेट



**जमशेदपुर।** सबुज बांग्ला ट्रस्ट ने मकर संक्रांति तथा बागबेरा के बुल्लू पांडे के सुपुत्र बाल कृष्ण पांडे के जन्म दिन पर लंच पैकेट बांटे। साथ ही मकर संक्रांति पर निर्मला देवी तथा सबुज बांग्ला ट्रस्ट के अध्यक्ष मौसमी ने माता की प्रतिमा का उद्घाटन भारत सेवाश्रम बर्मामाइंस में किया।

## भाजपा बारीडीह मंडल ने जरूरतमंदों में बांटे कंबल



**जमशेदपुर।** भाजपा बारीडीह मंडल अध्यक्ष संतोष ठाकुर के नेतृत्व में शनिवार को भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सह पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास के निर्देश पर जमशेदपुर के सांसद विधुत वरण महतो के सौजन्य से ठंड को देख बागुनहातु व बागुननगर में 300 जरूरतमंदों के बीच कंबल बांटे गये। इस दौरान भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश प्रवक्ता काजू सांडिल, कुमार अभिषेक, विजय साहू, पुष्पेंद्र सिंह, प्रमोद मिश्रा, ओम पोद्दार, राजेश गोस्वामी, रंजीत सिंह, राम मिश्रा, पिंटू साह, आकाश साहू ,प्रमिला साहू, कुमार आशुतोष, सरस्वती साहू, आरती यादव, मिनी सिंह, पार्वती मुंडा, विशाल सांडिल आदि उपस्थित थे।

## भाजपा सीतारामडेरा ने जरूरतमंदों को दिये कंबल



**जमशेदपुर।** भारतीय जनता पार्टी सीतारामडेरा मंडल अध्यक्ष सुरेश शर्मा के नेतृत्व में मकर सक्रांति पर जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरण बांटा। शनिवार को बाबुडीह कोन्दा भट्ठा में सांसद विद्युत वरण महतो के सहयोग से क्षेत्र के सैकड़ों जरूरतमंद लोगों के बीच जाकर कम्बल वितरण किया गया। इस दौरान भाजपा महानगर अध्यक्ष गुंजन यादव की उपस्थिति में मुन्ना पूर्ति, मिलु पूर्ति, पिंकू बांद्रा, संजय सोलंकी के नेतृत्व में दर्जनों स्थानीय युवाओं ने भाजपा की नीतियों और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकास कार्यों पर विश्वास जता कर पार्टी का दामन थामा। भाजपा महानगर अध्यक्ष गुंजन यादव ने सभी युवाओं को पार्टी की नीति, विचार एवं सिद्धांत से अवगत कराते हुए अंगवस्त्र एवं पुष्पमाला के साथ स्वागत किया।

## इंटक प्रदेश अध्यक्ष राकेश्वर पांडेय का अभिनंदन



**जमशेदपुर।** झारखंड कांग्रेस के प्रदेश सचिव एवं झारखंड इंटक के प्रदेश प्रवक्ता राकेश तिवारी ने प्रदेश इंटक के अध्यक्ष व मजदूर नेता राकेश्वर पांडे के जन्मदिन पर उन्हें शुभकामनाएं एवं बधाई देते हुए उनके स्वस्थ दीर्घायु जीवन की कामना की। श्री तिवारी ने कहा श्री पांडे मजदूरों के लोकप्रिय नेता है और इनके नेतृत्व में झारखंड में इंटक मजबूत हुई है और मुझे पूरा विश्वास है कि आने वाले समय में इंटक एक मजबूत सशक्त संगठन के रूप में राज्य में कांग्रेस का सहयोगी बनेगा।

## बिष्टुपुर टीआर टी -1 नंबर रोड में टुसू पंडाल का उद्घाटन



**जमशेदपुर।** शनिवार को बिष्टुपुर के टी आर टी 1 नंबर रोड में टुसू पर्व पर टुसू पंडाल का उद्घाटन झामुमो के जमशेदपुर नगर के पूर्व नगर सचिव सह झामुमो नेता गोपाल महतो ने किया। उन्होंने कहा कि टुसू पर्व ग्रामीण इलाकों के साथ शहरी क्षेत्रों से हट कर नदी किनारे पहाड़ किनारे सदियों से होता आया है, लेकिन अभी इस संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए कइयों ने पहल कर टुसू मेला शहरी क्षेत्रों में आयोजन कर इस संस्कृति को बचाया। कार्यक्रम में गोपाल महतो के साथ मनीष कुमार, रॉकी सिंह सरदार, चंदन महतो, सोनू आदि उपस्थित थे।

## रेडक्रॉस के नेत्र शिविर का हुआ शुभारंभ



**जमशेदपुर।** भारतीय रेड क्रॉस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम राम मनोहर लोहिया सेवा संस्थान, द्वारा द्रोपदी देवी चिमनलाल भालोटिया फैमिली ट्रस्ट, राजस्थान सेवा सदन के सहयोग से बीपी ऑयल मिल्स, सेल्स डिपो, जमशेदपुर के संयोजन में आयोजित 667वां नेत्र शिविर का शुभारंभ आज नेत्र रोगियों के जांच के साथ बागबेड़ा थाना चौक स्थित राम मनोहर लोहिया सेवा संस्थान में हुआ। जाने माने नेत्र चिकित्सक डॉ बीपी सिंह एवं उनके सहयोगी चिकित्सीय टीम ने 96 नेत्र रोगियों के आंखों की जांच की, जिसमें से 52 नेत्र रोगी ऑपरेशन योग्य पाये गये। ऑपरेशन सम्बन्धी नियमों के अनुसार 32 नेत्र रोगियों का चयन किया गया जिनके स्वास्थ्य जांच के पश्चात ऑपरेशन एवं लेंस प्रत्यारोपण रविवार को नेत्र चिकित्सक डॉ बीपी सिंह, डॉ भारती शर्मा, डॉ पूनम सिंह एवं उनके सहयोगी चिकित्सीय टीम करेगी। जांच सत्र के दौरान राम मनोहर लोहिया सेवा संस्थान के अध्यक्ष बालमुकुन्द गोयल, रेड क्रॉस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम के मानद सचिव विजय कुमार सिंह, समाजसेवी राकेश मिश्र, चन्दन कुमार सिंह, आशीष सिंह आदि थे।

स्पीड न्यूज

## सेवानिवृत्त जनसेवक का निधन, शोक की लहर

**इचाक।** प्रखंड के चंदा गांव निवासी सेवानिवृत्त जनसेवक, समाजसेवी और सामूदायिक सहायक अध्यापक संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष संजय कुमार मेहता के सगे चाचा परमेश्वर प्रसाद मेहता (76) का निधन चंदा स्थित उनके पैतृक आवास पर शनिवार को अहले सुबह हो गई। वे इचाक प्रखंड कार्यालय में कई वर्षो तक जनसेवक और प्रखंड कृषि पदाधिकारी के प्रभार में रहे। स्व मेहता अपने पीछे दो पुत्र और दो पुत्री समेत भरा पुरा परिवार छोड़ गए। बड़े पुत्र अवधेश मेहता इचाक प्रखंड में बीएफटी और छोटे पुत्र झारखंड पुलिस में अपनी सेवा दे रहे हैं।

## अनियमितता का लगाया आरोप

**विश्रामपुर (पलामू)।** विश्रामपुर प्रखंड कार्यालय परिसर में बन रहे सरकारी आवास व पीसीसी सड़क निर्माण का निरीक्षण जिला पार्षद विजय रविदास ने किया। जहां आवास व पीसीसी सड़क में भारी अनियमितता बरती जा रही है। विजय रविदास ने कहा कि आवास व पीसीसी सड़क निर्माण कार्य में प्राक्कलन की अनदेखी हो रही है। निर्माण कार्य की गुणवत्ता निम्न से निम्नतर है। सड़क निर्माण में ठेकेदार घटिया सामग्री का उपयोग कर रहा है।

## उपस्वास्थ्य भवन की रखी गयी आधारशिला

**बिश्रामपुर (पलामू)।** राष्ट्रीय स्वास्थ मिशन के तहत बिश्रामपुर प्रखंड अंतर्गत गुरहा कला पंचायत मुख्यालय में उप स्वास्थ्य केंद्र भवन का शिलान्यास किया गया। भवन का आधारशिला भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी व जिला पार्षद विजय रविदास ने रखा। श्री चंद्रवंशी ने कहा कि विकास के मायने में बिश्रामपुर विधान सभा क्षेत्र बाकी क्षेत्रों से आगे निकलते जा रहा है। जिसका श्रेय पूर्व मंत्री सह स्थानीय विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी को जाता है। कहा कि बेहतर स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराना प्राथमिकता में है। मौके पर मुखिया राधा कृष्ण साव, भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष अमरेश तिवारी, धीरन तिवारी, रामानंद तिवारी सहित कई लोग मौजूद थे।

## विश्रामपुर के जहांगीर ने पहली बार में सीए परीक्षा किया पास

**बिश्रामपुर (पलामू)।** बिश्रामपुर नगर परिषद मुख्यालय के जहांगीर अहमद ने देश के कठिन परीक्षाओं में सुमार सीए में सफलता हासिल कर एक कीर्तिमान स्थापित किया है। इसी के साथ क्षेत्र में मुस्लिम समुदाय से चार्टेड एकाउंटेंट बनने का पहला गौरव भी जहांगीर को प्राप्त हुआ है। मालूम हो कि जहांगीर बिश्रामपुर साधना वस्त्रालय के संचालक मो.गयासुदीन अहमद के पुत्र हैं। जहांगीर ने सफलता का श्रेय कठिन परिश्रम और अपने माता पिता सहित गुरुजनों को दिया है। जहांगीर के इस सफलता से आह्लादित स्थानीय लोगों ने उसे सम्मानित किया।

## बच्चों ने किया हुंडरू जलप्रपात का शैक्षणिक भ्रमण

**मेदिनीनगर।** प्राचार्य एके पांडेय के निर्देश पर आरएन टैगोर स्कूल के बच्चो को शैक्षणिक भ्रमण के लिए रांची शहर के सबसे लोकप्रिय पर्यटन स्थलों में एक हुंडरू जलप्रपात ले जाया गया । इस शैक्षणिक भ्रमण में बच्चों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। जिसका मार्गदर्शन प्राचार्य एवं कंप्यूटर शिक्षक कपिल कुमार प्रजापति के द्वारा किया गया।

## सदर थाना प्रभारी ने चलाया सघन वाहन चेकिंग अभियान

**मेदिनीनगर।** एसपी चंदन सिन्हा के निर्देश पर सदर थाना प्रभारी गौतम कुमार के नेतृत्व में सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान चार गाड़ी के पास बीमा और ड्राइविंग लाइसेंस नहीं रहने के कारण वाहन जप्त कर सदर थाना में रखा गया। सदर थाना प्रभारी गौतम कुमार ने बताया कि पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान दो पहिया, चार पहिया वाहनों के कागजात देखे जा रहे हैं।

# अन्नपूर्णा ने किया 15 दिवसीय सूर्यकुंड मेले का उद्घाटन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बरकट्ठा।** मकर संक्रांति के अवसर पर सूर्यकुंडधाम में आयोजित 15 दिवसीय सूर्यकुंड मेले का उदघाटन केंद्रीय शिक्षा राज्यमंत्री अन्नपूर्णा देवी ने विधायक अमित कुमार यादव के साथ संयुक्त रूप से नारियल फोड़ और फीता काटकर किया। मौके पर अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि सूर्यकुंड मेला राज्य का दूसरा सबसे बड़ा मेला है। गर्मकुंड से विख्यात यह स्थल अब पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित होगा। इससे रोजगार के साधन भी उपलब्ध होंगे।


उद्घटन करतीं अन्नपूर्णा देवी।

वहीं विधायक अमित कुमार यादव ने कहा कि सूर्यकुंडधाम को राज्य सरकार ने पर्यटक स्थल के रूप में प्राथमिकता देते हुए ग्रेड वन में रखा है। इस स्थल का अब सर्वांगीण विकास होगा। समारोह में जिला परिषद उपाध्यक्ष किशुन यादव, प्रमुख रेणु देवी, जिप सदस्य प्रेरणा प्रिया पांडेय, कुमकुम देवी, मुखिया ललिता देवी, पंस सदस्य विकास पांडेय ने भी संबोधित किया।

समारोह में पांच पांडव मेला कमिटी सदस्य श्यामाकांत पांडेय, अमित पांडेय, विकास पांडेय, विजय नायक, संजय पांडेय, तारकेश्वर पांडेय, मुखिया प्रतिनिधि धीरेंद्र पांडेय, प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष प्रदीप मंडल, भोला प्रसाद समेत आदि लोग उपस्थित थे।

रेनबो स्कूल के विद्यार्थियों ने बिहार के ऐतिहासिक स्थल राजगीर व नालंदा का किया भ्रमण

# भारत के ऐतिहासिक स्थलों का अध्ययन विद्यार्थियों के लिए आवश्यक : सिकंदर प्रसाद

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बरही।** प्रखंड अंतर्गत शिवपुर गडलाही में संचालित रेन्बो स्कूल 100 बच्चों को शैक्षणिक भ्रमण के लिए राजगीर एवं नालंदा ले जाया गया। बच्चे राजगीर की पहाड़ियों का अवलोकन, ब्रह्मकुंड, राजगीर के पांडु-पोखर, वेणुवन, पहाड़ों, नालंदा विष्वविद्यालय के ऐतिहासिक खंडहरों, संग्रहालय, जरासंध का अखाड़ा, गरम जल स्नान सहित विभिन्न ऐतिहासिक स्थल और मंदिरों का अवलोकन करते हुए पहाड़ियों के मनमोहक दृश्य के सम्बंध में जानकारी दी गयी। विश्व शांति स्तूप मंदिर में भगवान बौद्ध का दर्शन के साथ बिहार के प्रसिद्ध ऐतिहासिक स्थल नालंदा विश्वविद्यालय का परिभ्रमण किया एवं विद्यार्थियों को नालंदा विश्वविद्यालय के इतिहास को विस्तार से देखने और समझने का अवसर प्राप्त हुआ। सभी विद्यार्थियों ने मकर संक्रांति पर्व के अवसर पर दही चूड़ा तिलकुट एवं खिचड़ी का आनंद एक साथ लिए।


शैक्षिक भ्रमण में शामिल रेनबो स्कूल के विद्यार्थी एवं शिक्षकगण।

मौके पर विद्यालय के निदेशक सिकन्दर प्रसाद कुशवाहा ने कहा कि ऐतिहासिक स्थल का भ्रमण कर छात्र-छात्राओं का इतिहास का अध्ययन प्राप्त करने में सहूलियत होगी।उन्होंने कहा कि विद्यालय की यह योजना छात्रों के लिए मानसिक व बौद्धिक विकास में सहायक साबित हो रहा है। उन्होंने कहा कि बच्चों को पढ़ाई, खेलकूद के साथ-साथ परिभ्रमण की भी काफी जरूरी होती है।

परिभ्रमण के दौरान बच्चें जिन दार्शनिक स्थल की चर्चा अपने शिक्षकों से सुनते हैं उसे वे अपने नजरों से देखेंगे। इससे विद्यार्थियों में अपने इतिहास के प्रति जागरूकता पैदा होती है। शैक्षणिक भ्रमण में सुधीर कुमार, राजू कुमार, आयुष कुशवाहा, सिंधु प्रजापति, निशी कुमारी, खुशबू कुमारी, सोनू कुमार, सोनम कुमारी, राखी कुमारी, लक्ष्मी कुमारी, सपना कुमारी सहित सैकड़ों बच्चो ने भाग लिया। शैक्षणिक भ्रमण में उप प्राचार्य पंचम पांडेय, गौरी शंकर, प्रवीण कुमार आदि उपस्थित रहें।

## राज्य ऑटो चालक महासंघ ने की बैठक

**मेदिनीनगर।** शनिवार को झारखंड राज्य ऑटो चालक महासंघ एवं झारखंड परिवहन मजदूर यूनियन के केंद्रीय संयुक्त महामंत्री राकेश कुमार सिंह के अध्यक्षता में संघ कार्यालय मेदनीनगर में बैठक की गई बैठक में पिछले दिनों मेदिनीनगर में बिजली मिस्त्री श्रमिक संजय प्रजापति को पीसीआर वैन द्वारा दुर्घटनाग्रस्त कर पीसीआर वैन एवं पुलिसकर्मी दुर्घटनाग्रस्त मृत संजय प्रजापति को दुर्घटना स्थल पर ही छोड़कर भाग खड़े हुए के मामले पर रेडमा चौक पर श्रमिक संजय प्रजापति के परिजनों एवं वार्ड पार्षद मनोज प्रजापति के नेतृत्व में आंदोलन कर जाम किया गया था के मामले पर पलामू जिला प्रशासन द्वारा किए गए झूठा मुकदमा बेगुनाहों पर किया गया है जिस की कड़ी निंदा की गई। इस अवसर पर इम्तियाज खान, नागेंद्र गुप्ता, बीतन तिवारी, सोनू तिवारी, अशोक चौहान सहित अन्य सदस्यगण शामिल थे।

एक नजर में

## रामगढ़ वन प्रमंडल पदाधिकारी बने नितीश कुमार, हुआ तबादला

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**भदानीनगर (रामगढ़)।** रामगढ़ के नये वन प्रमंडल पदाधिकारी डीएफओ नितीश कुमार बनाए गए हैं। नितीश कुमार का पोडाहाट चाईबासा डीएफओ पद से रामगढ़ जिला वन प्रमंडल पदाधिकारी डीएफओ पद पर हुआ है। जल्द ही नितीश कुमार रामगढ़ डीएफओ का पदभार लेगें। नितीश कुमार 2017 बैच के भारतीय वन सेवा आईएफएस अधिकारी हैं। आईएफएस अधिकारी बनने के बाद पोड़ाहाट डीएफओ पद से पहले नितीश कुमार संलग्न पदाधिकारी दुमका वन प्रमंडल में कार्यरत थें। आईएफएस अधिकारी नितीश कुमार ने आईआईटी आईएसएम धनबाद से पेट्रोलियम


डीएफओ नितीश कुमार ।

इंजीनियरिंग की बीटेक की डिग्री ली है। मालूम हो कि वे पांच साल श्लम्बर्गर आयल कंपनी मे कार्य किये हैं। बताते चले कि वर्तमान रामगढ़ वन प्रमंडल पदाधिकारी वेद प्रकाश कंबोज का तबादला उप निदेशक बंजर भूमि विकास बोर्ड रांची पद पर हुआ है।

## ऐसे कार्यक्रम होने से एक नया आनंद आता है एवं एकजुटता आती है : संजय


चूड़ा-दही और तिलकुट का आनंद लेते शिक्षक एवं प्रशिक्षु।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रजरप्पा।** चितरपुर प्रखंड के सुकरीगढ़ा, लारी प्रखण्ड स्थित डॉ. एस. राधाकृष्णन शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में मकर सक्रांति के उपलक्ष्य पर महाविद्यालय प्रागंण में चुडा-दही कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम का शुरूआत महाविद्यालय प्रबंधन समिति के सचिव संजय प्रभाकर द्वारा बीएड सत्र 2021-23 के प्रशिक्षुओं एवं शिक्षकों को चुडा-दही और तिलकुट खिलाकर किया। उन्होने मकर सक्रांति के विषय में कहा कि ऐसे कार्यक्रम होने से एक नया आनंद आता है एवं एकजुटता आती है। साथ ही उन्होंने मकर सक्रांति के विषय पर प्रकाश डाला. कार्यक्रम के देख-रेख बीएड के सहायक प्राध्यापक नयन कुमार मिश्रा ने मकर सक्रांति कि महिमा एवं उपयोगिता की जानकारी दी। मकर सक्रांति कार्यक्रम में बीएड सहायक प्राध्यापक मो. परवेज अख्तर, डॉ. अशोक राम मुख्यरूप से उपस्थित रहे और शिक्षकेतर कर्मचारियों में नन्दलाल कुमार, पंकज करमाली, मुनिता देवी भी मौजूद थी।

पूरे अनुमंडल क्षेत्र के लोगो ने मकर संक्रांति पर सोन नदी में स्नान कर मोक्ष की प्राप्ति की

# लोगों ने सोन के तटवर्ती इलाकों में स्नान कर दही, चूड़ा, तिलकुट का लिया आनंद



देवरी सोन नदी तट पर स्नान करने पहुंचे श्रद्धालु, मकर संक्रांति मेले में उमड़े श्रद्धालु।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद, पलामू।** अनुमंडल क्षेत्र में मकर संक्रांति पर दो वर्षों बाद इस वर्ष दही चुरा तिलकुट के साथ सोन नदी में स्नान कर लुफ्त उठाया,हुसैनाबाद अनुमण्डल के दंगवार,देवरी, कबराकला सोन नदी में स्नान कर लोग मंदिरों में जलाभिषेक किया एवं मोक्ष की प्राप्ति की।

**क्या है मान्यता मकर संक्रान्ति का :** मकर संक्रांति भारत का प्रमुख पर्व है। मकर संक्रांति एक ऐसा त्योहार हैं जो भारत ही नही विश्व के कई देशों और राज्यों में अलग अलग नामों से जाना जाता हैं जो 14 जनवरी को ही मनाया जाता हैं मान्यता हैं पौष मास में जब सूर्य मकर राशि पर आता है तभी इस पर्व को मनाया जाता है। इस दिन सूर्य धनु राशि को छोड़ मकर राशि में प्रवेश करता है। तमिलनाडु में इसे पोंगल नामक उत्सव के रूप में मनाते हैं जबकि कर्नाटक, केरल तथा आंध्र प्रदेश में इसे केवल संक्रांति ही कहते हैं। मकर संक्रान्ति पर्व को कहीं-कहीं उत्तरायण भी कहते हैं।मान्यता के अनुसार इस खगोलीय घटना का व्यपक असर मानव जीवन पर पड़ता हैं इसलिए लोग सोन नदी,गंगा समेत अन्य नदियों में स्नान कर मोक्ष की प्राप्ति करते है। हुसैनाबाद के देवरी में भव्य मेला लगता हैं लोग नौका से सोन में आनंद लेते हुए नजर आए वही श्रद्धालुओं ने सोन नदी तट पर शिवालय में पूजा अर्चना किया,मेले में महिलाओं समेत बच्चे बुजुर्ग की हजारों हजार के संख्या में भीड़ देखी गयी वही इस मेले में लोहे के बने औजार, पहसुल, टांगी, कढ़ाही, लाठी समेत अन्य समाग्री का भी खरीदारी करते हैं। वही प्रखंड क्षेत्र के दंगवार मेला तीन दिनों तक चलता हैं जिसमे मीना बाजार,बड़े बड़े झूले एवं अन्य कई मनोरंजन के साधन लगे हुए थे जिसपर बच्चों ने खूब आनंद उठाया,दंगवार मेला का विरासत यह हैं कि इस मेले में पत्थर के बने शीलवॉट,लाठी और अन्य कई पुराणिक चीजो का बिक्री होता हैं।इधर सभी मेला स्थलों पर कोरोना के दो वर्ष बाद इस वर्ष काफी भीड़ थी अनुमण्डल पदाधिकारी कमलेश्वर नारायण ने सभी स्थानों पर पूर्व से विधि व्यवस्था को लेकर दंडाधिकारी प्रतिनियुक्त किये थे इधर अंचल पुलिस निरीक्षक दीपक कुमार,थाना प्रभारी सौरभ कुमार,महिला थाना प्रभारी सुरबाला भृंगराज, देवरी ओपी प्रभारी इंद्रदेव राम,दंगवार ओपी प्रभारी चन्दन शर्मा,एवं हैदरनगर नगर प्रखण्ड में हैदरनगर थाना प्रभारी आजाद अंसारी शाहस्त्र पुलिस बल के साथ पूरा तैनात थे।

## संजीव बेदिया ने झामुमो नेता राम प्रकाश भाई पटेल को श्रद्धांजलि अर्पित की


मौके पर उपस्थित लोग।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बड़कागांव।** झारखंड सरकार राज्य परिवहन प्राधिकार संयुक्त सदस्य सह झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय सचिव संजीव कुमार बेदिया ने झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय सदस्य सह मांडू विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी राम प्रकाश भाई पटेल के ब्रह्मभोज में शामिल हुए और फोटो पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजली दी,संजीव बेदिया ने कहा ने कहा कि भगवान से प्रार्थना करता हूं इनकी आत्मा को शांति दे और परिवार वालों को इस दुख के समय में लड़ने भगवान इन पर कृपा बनाए रखें मौके पर उपस्थित झामुमो केंद्रीय सचिव संजीव बेदिया, झामुमो वरिष्ठ नेता सह झारखंड मजदूर कोलियरी यूनियन के प्रदेश उपाध्यक्ष संजय सिंह प्रदेश कोषाध्यक्ष सफीउल्लाह झामुमो नेता राकेश मिश्रा अंसारी, प्रखंड अध्यक्ष किशोर राणा, सतीश मिश्रा अशोक गुप्ता उमेश कुमार पवन उदय मालाकर मुकेश रावत वासुदेव कुमार थे।

# मकर संक्रांति पर लायंस क्लब ने बांटी सामग्री

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** लायंस क्लब ऑफ डाल्टनगंज फेमिना ने लोहड़ी एवं मकर सक्रांति के शुभ अवसर पर स्थानीय शनि मंदिर एवं स्टेशन परिसर में तिलकुट चूड़ा एवं जीतसंस बेकरी द्वारा निर्मित जोहार फूड एंड बेकरी प्रोडक्ट्स का वितरण किया। अध्यक्ष ला, बिंदु तुलस्यान ने बताया की कल लायंस क्लब इंटरनेशनल के संस्थापक सर मेल्विन जोंस का जन्मदिन था एवं अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम के अंतर्गत



उन्होंने मुहिम छेड़ा है और जागरूक देशवासियों से अपील की, जो हमारा इलेक्ट्रॉनिक कचरा है वह हमारे पर्यावरण के लिए बहुत घातक है।

बहुत सारे दुष्परिणाम सामने आ रहे हैं। उन्होंने शहरवासियों से अनुरोध किया कि अपने खराब इलेक्ट्रॉनिक सामान जैसे कंप्यूटर की बोर्ड, माउस, वाशिंग मशीन, फ्रिज का समान जमा करें, ताकि लायंस क्लब उन्हें इकट्ठा करके अपने प्रयासों से उसका उचित निष्पादन करेगा।

## कवि राकेश कुमार रचित सुमन-सरोवर का सफल लोकार्पण

**मेदिनीनगर।** कवि राकेश कुमार रचित गीतिका संग्रह सुमन-सरोवर का लोकार्पण स्थानीय गिरिवर+2 उच्च विद्यालय मेदिनीनगर के सभागार में सम्पन्न हुआ। मुख्य अतिथि झारखंड के प्रथम विधानसभा अध्यक्ष इंदरसिंह नामधारी, विशिष्ट अतिथि प्रोफेसर कमलाकांत, प्रोफेसर सुभाषचन्द्र, मुख्य वक्ता डॉ रमेश, श्रीधर द्विवेदी, हरिवंश प्रभात, अजय, बलराम पाठक व डॉ नीरज द्विवेदी ने गरिमामय वातावरण में संयुक्त रूप से लोकार्पण किया।

## राशन कार्डधारियों ने पीडीएस दुकान के समक्ष किया प्रदर्शन


पीडीएस दुकान के सामने हंगामा करते लाभुक।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**उंटारी रोड (पलामू)।** उंटारी रोड प्रखंड क्षेत्र से जनवितरण प्रणाली दुकानदारों के खिलाफ प्रदर्शन किया। करकटा में डीलर (अनुज पासवान) के द्वारा प्रति व्यक्ति 500 ग्राम कम राशन वितरण करने के विरोध में राशन दुकान के पास जम कर हंगामा किया। हंगामे के बाद डीलर द्वारा दुकान बंद कर दिया गया। कार्ड धारकों ने दुकानदार पर आरोप लगाते हुए कहा कि माह में दो बार राशन देना है लेकिन डीलर एक बार ही राशन देता है। डीलर बिना राशन दिये कार्ड पर राशन देने का इंट्री करता है। कार्डधारियों ने डीलर पर राशन घोटाला करने व दुर्व्यवहार का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की। कहा कि अगर एमओ कार्रवाई नहीं करेंगे तो आंदलोन किया जायेगा। लाभुक राम प्रवेश महतो, ललिता देवी, कोशिला देवी, मनोज कुमार मेहता अरविंद मेहता, शंभु शाह के साथ दर्जनों लभुकों ने कहा कि पुरा राशन मांगने पर डीलर द्वारा दुर्व्यवहार किया जाता है। मौके पर उपस्थित पंचायत समिति सदस्य सतेश्व उर्फ गुड्डू मेहता ने बताया कि डीलर पर पहले भी आरोप लगा है लेकिन कार्रवाई नहीं होने से उसका मनोबल बढ़ गया है। हालांकि इस संबंध में प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी का पक्ष लेने के लिए उनके मोबाइल नंबर पर संपर्क किया गया लेकिन उनसे बात नहीं हो पाई।

# धर्मपुर में साप्ताहिक बाजार लगाने को लेकर हुई बैठक

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**टाटीझरिया।** प्रखंड के धरमपुर शिव मंदिर प्रांगण में रविवार को रवि सिंह की अध्यक्षता में बैठक किया गया। बैठक में धरमपुर शिव मंदिर चौक में शनिवार को साप्ताहिक बाजार लगाने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। उपस्थित लोगों ने विचार दिया जिसमें बताया गया कि बाजार में दैनिक उपयोग की हर वस्तुओं को लाया जाएगा। सब्जी, राशन समान, बकरी, मुर्गा, लोहे की सामग्री, कपड़े, झाड़ू, टोकरी समेत अन्य सामग्रियों को बिक्री हेतु रखा जाएगा। बुद्धिजीवियों ने कहा कि बाजार में विशेष रूप से गांव की भूमिका महत्वपूर्ण रह जाती है। बाजार में आए विक्रेता और क्रेता के साथ व्यवहार अच्छा होना चाहिए,व्यापारियों को भी बाजार में बुलाने की आवश्यकता है। बैठक में धरमपुर, डूमर, जेरूवाडीह, मुक्ति दुधमनिया, डूंगो, खरिका, खंभवा, बांडीह, दुधमनिया, मंडपा, हरदिया, पाणिमाको के ग्रामीणों ने अपने -अपने विचार रखा। बाजार समिति का पुनर्गठन भी किया गया। जिसमें अध्यक्ष योधी प्रसाद यादव, सचिव कन्हाय यादव, उपाध्यक्ष ओमप्रकाश साव, कोषाध्यक्ष छोटन राम, सुरेंद्र प्रसाद यादव, रामदीश राम, छोटन साव, नंदलाल यादव समेत अन्य को शामिल किया गया।


बैठक में शामिल लोग।

## समय संवाद

समाजशास्त्री, एन ओकली, जिन्होंने 1970 के दशक में प्रकाशित अपनी पथ-ब्रेकिंग किताबों में गृहकार्य के इतिहास का अध्ययन किया था, ने कहा कि 'घर के लिए मजदूरी' केवल महिलाओं को घर के भीतर कैद करती है, उनके सामाजिक अलगाव को बढ़ाती है। महिला आंदोलन का लक्ष्य मजदूरी मांगना नहीं होना चाहिए, बल्कि महिलाओं को नियमित घरेलू कामों से दूर रखना है और उन्हें घर के बाहर भुगतान किए गए रोजगार सहित सामाजिक जीवन के सभी क्षेत्रों में पूरी तरह से भाग लेने में सक्षम बनाना है। गृहकार्य के लिए मौद्रिक पारिश्रमिक के लिए बहस महिलाओं के आंदोलन के भीतर अनसुलझी रही है।

# घरेलू काम के लिए भी वेतन मिलना चाहिए

**प्रियंका सौरभ**

(**भारत** में घरेलू श्रम के सवाल पर एक महत्वपूर्ण अभियान चल रहा है। ये मुख्य रूप से महिलाएं हैं जो 'महिलाओं के काम' करती हैं, लेकिन अन्य लोगों के घरों में। वो मांग करते हैं कि उनकी शर्तों को परिभाषित किया जाए, न्यूनतम मजदूरी की गारंटी दी जाए, और श्रमिकों की स्थिति और अधिकारों की रक्षा की जाए। )

इंटरनेशनल लेबर ऑर्गनाइजेशन द्वारा 2018 में प्रकाशित एक रिपोर्ट से पता चलता है कि, वैश्विक स्तर पर, महिलाएं घरेलू देखभाल के काम के कुल घंटों का 76.2% करती हैं, जो पुरुषों की तुलना में तीन गुना अधिक है। एशिया और प्रशांत में, यह आंकड़ा 80% तक बढ़ जाता है। उत्तरी अमेरिका और यूरोप में महिलाओं के आंदोलन ने गृहकार्य के लिए मजदूरी की मांग उठाई है। सामाजिक और राजनीतिक समानता के लिए अन्य मांगों के साथ-साथ, महिलाओं के अधिकार प्रचारकों ने घरेलू महिलाओं के गृहकार्य और बाल देखभाल के रोजमर्रा के कार्यों का अब वैधानिक तौर पर मांग के लिए प्रचार किया है। ऐसा करने में,



उन्होंने इस धारणा को चुनौती दी कि गृहकार्य महिलाओं की आवश्यक प्रकृति में निहित थी।

1960 और 1970 के दशक की अग्रणी महिला अधिकार कार्यकताओं के लिए, इस मिथक को तोड़ना महत्वपूर्ण था कि घर में महिलाओं का काम पूंजीवादी उत्पादन की बिना किसी शर्त के एक व्यक्तिगत सेवा थी।महिलाओं के खाना पकाने, सफाई, कपड़े धोने, इस्त्री करने के कपड़े, दोपहर के भोजन के बक्से पर श्रम शक्ति एक दुकान या विधानसभा लाइन में दैनिक खपत के बराबर होती है. घर में मुफ्त सेवाएं प्रदान करके महिलाओं के 'वास्तविक कार्य' या सामाजिक अनुबंध के रूप में देखने से रोक दिया। हमारे समाज ने चुपचाप यह निर्णय लिया है कि घरेलू काम महिलाओं की जिम्मेदारियों और गतिविधियों के क्षेत्र से संबंधित हैं। यह भी निर्धारित किया है कि यह काम कोई आर्थिक मूल्य नहीं लेगा। लेकिन ऐसा क्यों होना चाहिए? भारत के सामाजिक-आर्थिक नीति ढांचे में महिलाओं द्वारा किए जाने वाले घरेलू कामों और खेत श्रम को क्यों स्वीकार नहीं किया जाना चाहिए? सरकार देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) को बनाने में महिलाओं की भूमिका को नहीं माप कर लैंगिक भेदभाव कर रही है। भारत की जनगणना भिखारियों और छात्रों के साथ गैर-कामकाजी आबादी में घरेलू काम रखती हैं। जनगणना 2011 में गैर-कार्यशील आबादी की संख्या 728.9 मिलियन थी। आधिकारिक परिभाषा कहती है कि ये वे लोग हैं जिन्होंने किसी समय अवधि में किसी भी प्रकृति का काम नहीं किया था। इनमें से 165.6 मिलियन लोगों का मुख्य काम ₹घरेलू जिम्मेदारियों का निर्वहन था, वे ज्यादातर 96.5 प्रतिशत या 159.9 मिलियन महिलाएं हैं।

इस कार्य को न केवल पहचानने की एक स्पष्ट और वर्तमान आवश्यकता है, बल्कि इसका पुनर्वितरण भी करना जरूरी है। एक परिवार के सदस्यों के बीच घरेलू कर्तव्यों को साझा किया जाना चाहिए। माउंटेन रिसर्च एंड डेवलपमेंट जर्नल में 2011 में प्रकाशित अध्ययन, जिसका शीर्षक है ₹घरेलू भोजन और आर्थिक सुरक्षा के लिए महिला का योगदान में पर्वतीय क्षेत्र की महिलाओं के बारे बताया कि उन्होंने कोई काम नहीं किया। हालांकि, जब उनकी गतिविधियों का विश्लेषण किया गया, तो यह देखा गया कि जब क्षेत्र के पुरुष औसतन नौ घंटे काम करते थे, तब महिलाएं 16 घंटे तक मेहनत करती थीं।

ये कार्य जो महिलाओं की ज़िम्मेदारी का हिस्सा है जो मानव जीवन को बनाए रखता है और श्रम शक्ति को पुनः पेश करता है, को हमेशा की तरह दबाया जाता है। यह उल्लेखनीय है कि भारत में घरेलू श्रम के सवाल पर एक महत्वपूर्ण अभियान चल रहा है। ये मुख्य रूप से महिलाएं हैं जो 'महिलाओं के काम' करती हैं, लेकिन अन्य लोगों के घरों में। न्यूनतम मजदूरी की गारंटी दी जाए, और श्रमिकों की स्थिति और अधिकारों की रक्षा की जाए। राज्य द्वारा होमवर्क को मान्यता देने की मांग महत्वपूर्ण है।

# प्रेम से ही विकास संभव

**स्वामी सत्यानंदजी सरस्वती**



**समाज** की मजबूती प्रेम से संभव है। अगर किसी व्यक्ति को जंगल में अकेले भेज दिया और सभी साधन उसके पास हो तब भी वह खुश नहीं रहता है। मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है, यह सभी जानते हैं और शौक से गुलामी भी की जाए तो बुरी नहीं लगती है। उन्होंने कहा कि तन, मन और धन के समर्पण की बात की जाती है। तन और धन का समर्पण ज्यादा कठिन नहीं है लेकिन मन का समर्पण सबसे कठिन है। कंचन तजना सरल है सरल त्रिया का मोह, लेकिन मन जो मान से बना है और उसे मांद से समझना आसान होता है। उसमें जीव सबसे ज्यादा घिरा होता है। इसमें सबसे ज्यादा लोग फंसते हैं। जिसने मन का समर्पण कर दिया वह मान-अपमान से उपर हो जाता है।

स्वामी जी ने बताया कि लक्ष्मण का मन राम को समर्पित था। लक्ष्मण ने जितनी बार क्रोध किया वह राम के अपमान पर किया, चाहे चित्रकूट में भरत पर, गंगा पार कराते निसाध पर, धनुषभंग के क्रम में परशुराम पर। जीव सबसे ज्यादा मान अपमान में फंसता है और इससे ही अहंकार पैदा होता है। इस मन को हम प्रेम के माध्यम से ही समर्पित करते हैं। भारतीय समाज में जब प्रेम था तब भारत दुनिया का सबसे समृद्ध और सुदंर देश था। भारतीय मन कभी हिंसक और साम्रज्यवादी नहीं रहा। मौर्य वंश के बाद गुप्त वंश तक लगभग 800 वर्षों तक पूरे विश्व में भारत का डंका बजता रहा। यूरोपीय देश भारत से व्यापार करते थे। लोग बहुत समृद्ध थे। (ब्र्ह्त विद्यालय सह आश्रम)

# सर्दी में सूप का मजा

**जीवीएस शास्त्री**

**बाहर** कड़कड़ाती सर्दी और कोहरा हो और रजाई में दुबक कर रहने का मन हो तो गर्मागर्म सूप हमें खूब ताजगी और गर्मी का अहसास देता है। सूप केवल पश्चिमी संस्कृति वाली थाली से पहले परोसा जाने वाला व्यंजन नहीं है अलबत्ता यह एक ऐसा शोरबा है जो सर्दी में गर्मी का अहसास तो कराता है साथ में अच्छी सेहत का राज भी इसमें छुपा है।अब बात करते हैं दुनिया के अलग-अलग हिस्सों में बनने वाले सूप की। हंगरी में गोलश तो रूस में बोर्स्ट स्वादिष्ट भोजन का एक प्रकार है। अमेरिका में चौडर्स को बहुत पसंद किया जाता है । जबकि जापान और चीन जैसे देशों में शरीर को पोषण और मन को ताजगी देने के लिये सूप बनाने का चलन है। गडुआ शूरवा उत्तराखंड में प्रसिद्ध है तो तिब्बत के साथ लगने वाले इलाकों में थुपका (सूप वाली डिश) खूब चाव से खाया जाता है।

आमतौर पर हम खाने का कोई शॉर्टकट ढूंढ़ लेते हैं। जल्दबाजी में हम सब्जियों को काटने और धोने पर वक्त खर्च नहीं करना चाहते। रंग बिरंगी, ताजी सब्जियां सूप में न केवल स्वाद भरती हैं बल्कि इसे देखने में भी काफी अच्छा बनाती हैं। चाहें तो इसमें फ्लेवर जोड़ने के लिये पनीर या टोफू का इस्तेमाल कर सकते हैं। नूडल्स और वेजीटेबल्स को मिलाकर पकाने से आधे घंटे में वन बाउल मील बन सकता है। यानी एक कटोरी सेहत, स्वाद और खुशियों से भरी। आवश्यक सामग्री- हरे फल

फ्रेंच बीन्स- एक मुट्ठी, गोभी- 1/2 कप,स्वीट कॉर्न -1/2 कप

हरी मटर- 1/2 कप दाने

मशरूम -1/2 कप

टमाटर -1, पनीर / टोफू -50 ग्रा

नूडल्स / पास्ता -1/4 कप

ब्रोकली -1-2 फूल, छोटे

आलू -1 (उबला और छिला हुआ)

सिरका -1-2 चम्मच

चीनी -इच्छानुसार डालेंनमक - स्वादानुसार, मक्खन- 50 ग्राम

मसाले- तेज पत्ता-1, लौंग 1-2, काले पेपरकोर्न- 6-8 एक मोटे पैन में थोड़ा मक्खन गरम करें। मक्खन पिघलने लगे तो इसमें एक तेजपत्ता और लौंग डालें। अब इसमें सब्जियां भी मिलाएं। गाजर, बीन्स, मटर, स्वीट कॉर्न, मशरूम और ब्रोकली मिलने के लगभग 2-3 मिनट के लिए मध्यम आंच पर ढककर पकाएं। उबलते पानी के 3-4 कप डालें और 15-20 मिनट तक पकने दें।

# बिहार में जात जोड़ो भारत तोड़ो

**डॉ . वेदप्रताप वैदिक**

**1857** के स्वातंत्र्य-संग्राम से घबराए अंग्रेजों ने भारत की एकता को भंग करने के लिए दो बड़े षड़यंत्र किए। एक तो उन्होंने जातीय जनगणना का जाल फैलाया और दूसरा हिंदू-मुसलमान का भेद फैलाया। कांग्रेस और गांधीजी के भयंकर विरोध के कारण 1931 में यह जातीय जनगणना तो बंद हो गई लेकिन हिंदू-मुस्लिम सांप्रदायिकता ने 1947 में देश के दो टुकड़े कर दिए।

पिछली मनमोहन सिंह सरकार ने जातीय-जनगणना फिर शुरू की थी लेकिन उसके विरुद्ध मैंने मेरी जाति हिंदुस्तानी आंदोलन शुरू किया तो तत्कालीन कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी ने उस जनगणना को बीच में ही रुकवा दिया। 2014 में जब नरेन्द्र मोदी प्रधानमंत्री बने तो उन्होंने उन अधूरे आंकड़ों को प्रकाशित करवाने पर रोक लगा दी थी लेकिन मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बिहार में उस भारत-तोड़ू जनगणना को फिर से शुरू करवा दिया है।

वैसे नीतीश कुमार के बारे में मेरी व्यक्तिगत राय काफी अच्छी है लेकिन यह भी सत्य है कि वे जरूरत से ज्यादा व्यावहारिक हैं। उन्होंने यदि बिहार के गरीब परिवारों की मदद के लिए यह जनगणना शुरू करवाई है तो वे सिर्फ गरीबों की जनगणना करवाते। उसमें जाति और मजहब का ख्याल बिल्कुल नहीं किया जाता लेकिन नेता लोग जाति और धर्म का डंका जब पीटने लगें तो यह निश्चित है कि वे अंधे थोक वोटों का ढोल बजाने लगते हैं।

इन देशतोड़ू साधनों का सहारा लेने की बजाय नीतीश जैसे साहसी नेता को चाहिए, जैसे कि उन्होंने बिहार में शराबबंदी का साहसिक कदम उठाया है, वैसा वे कोई जात-तोड़ो आंदोलन खड़ा कर देते। उनकी इज्जत भारत कि किसी भी राष्ट्रपति या प्रधानमंत्री से ज्यादा हो जाती। वे युग पुरुष बन जाते। वे भारत के इतिहास में महामानव की उपाधि के हकदार होते। उनकी गिनती महर्षि दयानंद सरस्वती, डॉ. राममनोहर लोहिया और डॉ. अंबेडकर जैसे महापुरुषों के साथ होती लेकिन नीतीश कुमार तो क्या, हमारी सभी पार्टियों के नेता वोट और नोट का झांझ पीटने में लगे रहते हैं।

देश के किसी नेता में दम नहीं है कि वह इस भारततोड़ू जनगणना का स्पष्ट विरोध करे, क्योंकि मूलतः सभी एक थैली के चट्टे-बट्टे हैं। इस जनगणना में 500 करोड़ रुपये खर्च होंगे और साढ़े पांच लाख लोग मिलकर इसे पूरा करवाएंगे। बिहार में 250 से ज्यादा बड़ी जातियां हैं और उनमें हजारों उप जातियां हैं। एक जिले में जो ऊंची जात है, वह किसी दूसरे जिले में नीची जात है। नीची जात के कई लोग लखपति-करोड़पति हैं और ऊंची जाति के कई लोग कौड़ीपति हैं। यह जातीय जनगणना गरीबी कैसे दूर करेगी? यह बिहार जैसे पिछड़े हुए प्रांत को अब से भी ज्यादा गरीब बना देगी। गरीब तो गरीब होता है। उसकी गरीबी ही उसकी जाति है। आप उसकी गरीबी दूर करेंगे तो उसकी जाति अपने आप मिट जाएगी और आप उसकी जाति गिनेंगे तो उसकी गरीबी बढ़ती चली जाएगी, क्योंकि ऊंची जातियों के लोग उसके विरुद्ध गोलबंद हो जाएंगे।

(लेखक, भारतीय विदेश परिषद नीति के अध्यक्ष हैं।)

# चापलूसी भी एक कला है

**सुधीर शर्मा**



**एक** जमाना था जब चापलूसी बस जीभ तक ही सिमट के रहा करती थी। समस्त शरीर में सिर्फ मुंह ही चापलूसी का उद्गम और अधिकेंद्र हुआ करता था। कालांतर में फिर समय के साथ साथ बाह्य ताप और दाब के परिणामस्वरूप ये जीभ से हाथ और हाथ से पैर तक आ गया। किसी कूट भाषा में आजकल लोग उसे 'उठाना' बोल रहे हैं। कोई लिखित साक्ष्य है जो चापलूसी का साइलेंट फीचर्स बता सके?

लेकिन चूंकि अब फेसबुक का जमाना है तो फेंकने के लिए इससे भी बड़ा उपमा चाहिए इसीलिए लोग अब रक्त, मांसपेशी, ह्रदय और किडनी से नीचे की बात ही नहीं करते। हालांकि सोशल मीडिया ने लोगों को आदर्श चापलूस बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ा है। चापलूसी में आदर्शवाद यह एक नया रिसर्च है और यह अभी सिर्फ 10 प्रतिशत लोगों में विद्यमान हैं। ये लोग इतनी चतुरता से चापलूसी करते हैं कि चित्रगुप्त भी शरमा जाए इनकी चापलूसी लिखने में। मोटी चापलूसी तो सभी करते हैं अमूनन जीवन में।

लेकिन महीन चापलूसी सबके वश की बात नहीं। इसके लिए बड़ी ही श्रद्धा और लगन की जरूरत होती है। एक हालिया रिपोर्ट में यह बात प्रकाशित हुई थी कि बढ़ते चापलुसिवाद मानव व समाज को गर्त की ओर ले जा रहा है। इसने न सिर्फ सीधे लोगों के विकास में रोड़ा का काम किया है अपितु आने वाली पीढ़ी के लिए एक नया प्रश्न खड़ा किया है कि 'क्या चापलूसी के बिना जीवन सम्भव है या नहीं ?' क्या चापलूसी किसी व्यक्ति का मौलिक अधिकार है या सिर्फ आभासी परिकल्पना ?

चापलूसी ने एक नया प्रतिस्पर्धा को जन्म दिया है जहां आगे आने की होड़ में लोग किसी के गर्दन पर पैर रखकर दौड़ने के लिए तैयार हैं। डार्विन का सिद्धांत चापलूसीवाद को आज भी प्रमाणित करता है कि जो सफल चापलूस होंगे वहीं अस्तित्व में बने रहेंगे।

जो महीन चापलूसी करेंगे वही इस धरा पर राज्य करेंगे। हालांकि इस मत में कई विद्वानों का मतभेद है। चापलुसिवाद कई सालों से एक दूसरे की ओर सिमट रही है।

# कोई प्रजा नहीं

**नागेन्द्र सिंह**

**गौर** करें कि यहां पंचायती का मतलब यह नहीं कि प्रभाव तो गांव में होना है; सोचने, योजना बनाने और क्रियान्वयन के तरीके कहीं और...केन्द्र में तय हों। इस पर भी घोषणा और अपेक्षा की लोगों को सहभागी बनाना है। यह तो सिद्धांततः उलट बात है। यही तो हमारे संसदीय गणतंत्र में कमी है। हमें एकमत होना होगा कि पंचायती का मतलब, केन्द्र से सोची और उतारी गई योजनाओं को क्रियान्वित करने वाली एजेन्सी हो जाना नहीं है। पंचायती मतलब सत्ता का प्रधान-पंच के हाथ में आ जाना भी नहीं। कार्य विशेष के लिए बैठी सभा, कार्य सम्पन्न होने के साथ ही विसर्जित हो गई। गांव की आय में किसका कितना अंश... गांव के पुरोहित-कारीगर का कितना; व्यवस्था संचालकों को कितना ? सब कुछ परम्परा से तय था। अंश प्राप्तकर्ता को मांगने नहीं आना पड़ता था। अंश को एकत्र करना; उसके प्राप्तकर्ता तक पहुंचाना भी गांव द्वारा तय ग्रामणी का काम। नेतृत्व से लेकर निर्णय तक सभी कुछ सामिलात, सर्वसम्मत, सम्भावी, स्वावलम्बी, न्यायप्रिय।

पंचायती लोकतंत्र का मतलब, अपने बारे में खुद सोचने, खुद नियोजित करने और खुद ही उसका क्रियान्वयन करने वाली व्यवस्था। क्रियान्वयन करने वाले हाथ, जवाबदेही, संसाधन भी उसी स्थान के हों, जिस भूगोल पर उसका सीधे-सीधे प्रभाव होना है; चाहे फिर वह गांव हो या नगर। यही तो असली आजादी थी; असली स्वराज। आखिरकार, यही तो वह व्यवस्था थी, जिसे भारत की सुख, समृद्धि और स्वतंत्रता का अधिकतर श्रेय देते हुए ब्रिटिश गर्वनर चार्ल्स मेटकाफ ने लिखा था - ''ये गांव समाज छोटे-छोटे ऐसे प्रजातंत्र हैं, जिन्हे अपनी आवश्यकता की लगभग हर वस्तु अपने ही भीतर मिल जाती। एक गणतंत्र के रूप में भारत सात दशक पूरा करना जा रहा है। आइए, 72वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर हम, भारत की जनता इस पर विचार करें।

# संविधान में राम- कृष्ण का उल्लेख

**आरके सिन्हा**

**भारत** के संविधान की मूल प्रति में राम, कृष्ण और नटराज के चित्र क्यों हैं। यही नहीं, हमारे संविधान की मूल प्रति पर शांति का उपदेश देते हुये भगवान बुद्ध भी और पूर्व सभ्यता के प्रतीक मोहन जोदड़ों के चित्र भी हैं जो अब कायदे से पाकिस्तान के अंग है। हिन्दू धर्म के एक और अहम प्रतीक अष्ट कमल भी संविधान की मूल प्रति पर हर जगह मौजूद हैं। पूरा मुखपृष्ठ ही कमल दल को संजोकर बनाया हुआ है क संविधान की मूल प्रति में मुगल बादशाह अकबर भी दिख रहे हैं और सिखों के दसवें गुरु गोविंद सिंह भी वहां मौजूद हैं। मैसूर के सुल्तान टीपू और 1857 की वीरांगना रानी लक्ष्मी बाई के चित्र भी संविधान की मूल प्रति पर उकेरे गए हैं। तो राष्ट्रपति जी पर सवालिया निशान खड़े करने वाले जान लें कि हमारा संविधान नास्तिक भारत के निर्माण की वकालत तो कदापि नहीं करता। ये विक्षिप्त मानसिकता के तत्व यह भी कह रहे हैं कि राष्ट्रपति कोविंद ने देश के पहले राष्ट्रपति डा. राजेन्द्र प्रसाद का अनुसरण किया तो यह तो बहुत अच्छा ही किया है । डा. राजेन्द्र प्रसाद 1951 में जब सोमनाथ मंदिर का पुनर्निर्माण पूरा हुआ तो खुद इसका उद्घाटन करने के लिए गए थे, हालांकि तब के प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू को यह पसंद नहीं आया था



और उन्होंने खुले तौर पर विरोध भी किया था । राजेन्द्र बाबू, नेहरु जी और सोमनाथ मंदिर का उदाहरण देने वाले अपना इतिहास का ज्ञान थोड़ा सा दुरुस्त कर लें। जो नेहरु जी आपत्ति जता रहे थे राजेन्द्र बाबू के सोमनाथ मंदिर जाने पर वे स्वयं दिल्ली में हजरत बख्तियार काकी की दरगाह की मरम्मत के लिए तो कभी पीछे नहीं हटे थे। फिर वे आगे चलकर वहां जाने भी लगे फूल वालों की सैर कार्यक्रम में भाग लेने के लिए। ये थी नेहरु जी की धर्मनिरपेक्षता। सोमनाथ मंदिर तो मुगल आक्रांताओं द्वारा कई बार तोड़ा गया था क लेकिन, इसके पुनरोद्धार के लिये नेहरु ने तो कभी 50 रुपए भी नहीं किये थे क कहां सोमनाथ और कहाँ एक मामूली शख्श की कब्र ? इसी से साबित हो जायेगा कि नेहरु और उनके चेलों की धर्मनिरपेक्षता का दोगला चरित्र कैसा है ? क्या उन्हें मालूम है कि दिल्ली में विगत 50 सालों में बने भव्य मंदिरों में छतरपुर में स्थित आद्या कात्यानी शक्ति पीठ मंदिर की स्थापना में उन्हीं इंदिरा जी का आशीर्वाद था। ये मां दुर्गा के कात्यायनी रूप को समर्पित मंदिर है। इसका शिलान्यास सन 1974 में किया गया था। इसकी स्थापना कर्नाटक के संत बाबा नागपाल जी ने की थी। यह मंदिर 70 एकड़ में फैला है। कहते हैं कि ये संसार के सबसे विशाल मंदिरों में से एक है। अगर इंदिरा जी इस मंदिर के निर्माण से जुड़ी थीं तो इसमें कोई अपराध तो वह नहीं कर रही थीं। कांचीपीठ के शंकराचार्य चन्द्रशेखरानन्द सरस्वती (जयेन्द्र सरस्वती के गुरु) के आशीर्वाद लेती रहती थीं।

और जो राजेन्द्र बाबू के सोमनाथ मंदिर में जाने को बार-बार मुद्धा बनाते हैं, वे जान लें कि उन्हीं की पहल पर राष्ट्रपति भवन परिसर के भीतर मंदिर और मस्जिद दोनों ही का निर्माण हुआ था। चूंकि राष्ट्रपति भवन से सटे ही हैं चर्च और गुरुद्वारा इसलिए इनके निर्माण की जरूरत महसूस नहीं की गई होगी। राजेन्द्र बाबू और उनकी पत्नी श्रीमती राजवंशी देवी प्रसाद दिवाली, ईद, क्रिसमस, बाबा नानक जन्म दिन आदि त्यौहार पूरे राष्ट्रपति भवन के सैकड़ों कर्मचारियों के साथ मनाते थे।

# सवाल गणतंत्र के विकास से

**सुधांशु कुमार**

**गणतंत्र** किसी विशेष धर्म जाति या संप्रदाय से न जुड़कर देश का हर तबका इसे राष्ट्रीय त्योहार के रूप में मनाते हैं 26 जनवरी के दिन भारत सरकार अधिनियम (एक्ट) (1935) को हटाकर भारत का संविधान लागू किया गया भारत का संविधान बनने में 2 साल 11 महीने 18 दिन लगे इसी वक्त से हम एक गणराज्य माने

दुनिया के सबसे बड़े गनतंत्र की शक्तियां आशांत क्यों बनी है ? इस बड़े गणतंत्र पर सवाल क्यों उठता है ? आने वाले गनतंत्र में एक उम्मीद क्यों नहीं दिखती ? गण के इतिहास में गण क्यों संत्रस्त है ? गण भूख, गरीबी, अशिक्षा, हिंसा पर क्यों चिंतित है ? गण की वेदना की रिपोर्ट प्रकाशित होने पर तंत्र क्यों नहीं सुध लेता है ? हजारों साल का भारतीय गणतंत्र आज ऐसा महसूस होता है जैसे वापस पुराने इतिहास में कैद हो जाना चाहता है लेकिन यहां सवाल पैदा होता है यहां आखिर किसका शासन है। जनता कहां है ! शासन किसका शासन है। शासन तो मंत्रियों का और रसूखदारों का चलता है। यह हम दावा नहीं कर सकते हैं कि जनता के हाथ में कुछ भी है। आज के दिन में कितने मेधावी छात्र, जो कि आगे देश के कुछ काम आ सकते हैं उन्हें शिक्षा नहीं मिलती है क्योंकि उनके जेब में पैसा नहीं है। पब्लिक स्कूल में पढ़ाई के लिए कम से कम 5000 रु महीने की जरूरत होती है। सरकारी स्कूल सिर्फ डिग्री के लिए है। जिससे सरकारी नौकरी 2 प्रतिशत आदमियों को मिल सकती है। लेकिन देश को चाहिए वैज्ञानिक, इंजीनियर, डॉक्टर क्या कोई भी सरकार यह बता सकती है कि कितना प्रतिशत सरकारी स्कूल के छात्र ऐसा बन पाते हैं? क्या यही गणतंत्र है ? कैसे यह हम मान ले कि यहां गणतंत्र है, यहां मंत्री तंत्र है और अमीर तंत्र जिसके नीचे यह जो (गण) है वह दब गए हैं गणतांत्रिक व्यवस्था को सर्वजन या बहुजन हिताय बदलने को संकल्पित होंगे।

# स्किल में महारत से जॉब में ढेरों विकल्प

करियर

**बृजमोहन ओझा**



**जॉब** मार्केट 2023 में फले-फूलेगा और आपकी जेब को पैसों से भरा रखने का वादा करेगा। यहां आपके लिए कुछ शीर्ष जॉब प्रोफाइल्स दी जा रही हैं।

**आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस विशेषज्ञ**

यह जॉब प्रोफाइल 2023 में शीर्ष स्थान प्राप्त करेगी क्योंकि इस क्षेत्र में 2015 से 74% की औसत वार्षिक वृद्धि दर दर्ज की गई है। बर्निंग ग्लास टेक्नोलॉजीज के अनुसार, एआई के अलावा, आईटी ऑटोमेशन और मशीन लर्निंग के उच्चतम प्रीमियम वेतन प्रदाता होने का अनुमान है। इसलिए, आपको इस जॉब प्रोफाइल के लिए 2023 में इस कौशल में महारत हासिल करने पर ध्यान देना चाहिए।

**डेटा वैज्ञानिक**

यदि आप एक उच्च-स्तरीय पेशेवर बनना चाहते हैं, तो पेशे के रूप में डेटा साइंटिस्ट का विकल्प चुनना चाहिए। यह उन लोगों के लिए एक अद्भुत वर्क प्रोफाइल है जो डेटा से अधिकतम आय अर्जित करने में रुचि रखते हैं। इस काम में कई स्रोतों से एकत्र किए गए डेटा का प्रसंस्करण, विश्लेषण और व्याख्या करना और डेटा के पैटर्न को उजागर करना शामिल है। बिजनेस परफॉर्मेंस को समझने और एआई/एमएल टूल्स डिजाइन करने के लिए इस स्किल की जरूरत होती है।

**हेल्थकेयर सेक्टर**

पिछले दो वर्षों में कोरोना के उछाल ने लोगों को समाज में स्वास्थ्य सेवा पेशेवरों के महत्व को समझाया। 2023 में, स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में संभावित संख्या में बढ़ोतरी का अनुमान है। कोरोना काल के बाद भारत सरकार ने इस क्षेत्र पर बहुत ध्यान दिया।

**साइबर सुरक्षा विशेषज्ञ**

यदि आप नेटवर्क सिस्टम या इंफ्रास्ट्रक्चर के मास्टर हैं तो आपको साइबर सुरक्षा विशेषज्ञ बनने का प्रयास करना चाहिए। इस दौर में साइबर सुरक्षा सभी के लिए चिंता का विषय बन गया है। इस क्षेत्र में आशानुरूप विकास हुआ है।

**क्लाउड इंजीनियर**

क्लाउड कंप्यूटिंग भी कई उद्योगों के लिए डिमांड वाली स्किल है। जानकारों की मानें तो आने वाले सालों में क्लाउड इंजीनियरों की मांग बढ़ेगी। क्लाउड इंजीनियर किसी फर्म, कंपनी या उद्योग के क्लाउड सिस्टम की डिजाइन, योजना, प्रबंधन और निगरानी करते हैं। यह पेशेवरों को एक प्रीमियम वेतन भी प्रदान करता है और काम करने का एक अच्छा माहौल प्रदान करता है।

**ई-कॉमर्स** - 2017 और 2022 के बीच अमेरिका में ई-कॉमर्स और ऑनलाइन नीलामी में काम करने वाले लोगों की संख्या में 15% की वृद्धि हुई है। मॉर्गन स्टेनली की भविष्यवाणियों के अनुसार, ई-कॉमर्स 2026 तक वैश्विक खुदरा बिक्री के 27% तक पहुंच सकता है, जबकि आज इसका 22% हिस्सा है। यह आंशिक रूप से अंतर्राष्ट्रीय विस्तार की संभावना के कारण है। जबकि ऑनलाइन शॉपिंग को उत्तरी अमेरिका और एशिया में बड़े पैमाने पर अपनाया गया है, यह अफ्रीका, लैटिन अमेरिका और पश्चिमी यूरोप में अपेक्षाकृत कम है। नतीजतन, अंतर्राष्ट्रीय कंपनियों के पास दुनिया भर में विस्तार करने के लिए बहुत जगह है और उन्हें अवसरों का लाभ उठाने में मदद करने के लिए कर्मचारियों की आवश्यकता है।

# यह कैसा न्याय, कैसी व्यवस्था?



संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 94313-55233
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# कोयलांचल भुरकुंडा, भदानीनगर व बासल में आज भी मनेगा मकर संक्रांति पर्व

## गुड़-चूड़ा-दही व तिलकुट का लोग ले रहे आनंद, एक-दूसरे को दे रहे पर्व की बधाई

खबर मन्त्र संवाददाता

**बासल (रामगढ़)।** कोयलांचल भुरकुंडा, भदानीनगर, बासल सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में कही शनिवार को तो कहीं रविवार को मकरसंक्रांति का पर्व मनाया जायेगा। वहीं कई क्षेत्रों में शनिवार को पूरे विधि-विधान एवं पारंपरिक रीति-रिवाज से मकरसंक्रांति का पर्व मनाया गया। पर्व को ले श्रद्धालु महिला-पुरूष व बच्चों ने क्षेत्र के विभिन्न नदी व तालाबों में स्नान-ध्यान कर पूजा-अर्चना की। साथ ही अपने परिवार की सुख-समृद्धि व क्षेत्र की हरियाली-खुशहाली की कामना की। इस दौरान रीवर साईड भुरकुंडा स्थित दामोदर नदी तट स्थित नलकारी-दामोदर नदी में स्नान-ध्यान के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी रही। साथ ही आस्था का केंद्र राम-जानकी मंदिर में पूजा के लिए श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। इस दौरान न केवल कोयलांचल भुरकुंडा बल्कि दूर-दराज क्षेत्रों से लोग नदियों में पवित्र स्नान के लिए पहुंचे। साथ ही घरो में भी लोगों ने स्नान-ध्यान कर पूजा-पाठ के बाद नियम पूर्वक दान-पूण्य भी किया। मकरसंक्रांति के अवसर पर सुबह में दही, चूड़ा, गुड व तिलकुट खाने-खिलाने का दौर भी चला। इस दौरान लोग एक-दूसरे के घर जाकर चूड़ा-तिलकुट का लुत्फ उठाते हुए लोगों ने पर्व की बधाई दी। इधर इस बार रविवार को भी




राम-जानकी मंदिर प्रांगण में लगे मेला में खरीदारी करते लोग, अखंड कीर्तन में शामिल श्रद्धालु।

मकरसंक्रांति का पर्व मनाया जायेगा। पुरोहित व पंडितों के अनुसार सही मायने में इस बार 15 जनवरी को मकरसंक्रांति का पर्व पड़ा है। जिसके कारण लोगों में काफी सामंजस्य की स्थिति बनी हुई है। हलांकि कोयलांचल भुरकुंडा, भदानीनगर, बासल सहित आसपास के क्षेत्रों में कुछ लोगों ने 14 जनवरी शनिवार को मकरसंक्रांति मनाया। वहीं ज्यदातर लोग 15 जनवरी रविवार को मकरसंक्रांति मनायेंगे। इधर भुरकुंडा बाजार व कई जगहों पर भंडारे का भी आयोजन किया गया। भंडारे में सैंकड़ों महिला-पुरूष व बच्चों ने प्रसाद ग्रहण किया। इधर राम-जानकी मंदिर परिसर में लगे मेला में लोगों ने जमकर खरीदारी करते हुए लजीज व्यंजनों का लुत्फ उठाया। वहीं राम-जानकी मंदिर में आयोजित अखंड-कीर्त्तन में पूरे दिन हरे राम हरे कृष्ण के उद्घोष से पूरा क्षेत्र गूंजता रहा।

**रिवर साइड दोमुहान नलकारी दामोदर के तट पर हर वर्ष की भांति लगा मेला, उमड़ी भीड़ :** रिवर साइड दोमुहान नलकारी दामोदर के तट पर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी मकर संक्रांति के अवसर पर शनिवार को भव्य मेला का आयोजन हुआ। इस दौरान पुजारी संतोष पांडेय द्वारा मंदिर में पूरे विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच पूजा-अर्चना कराई गई। तत्पश्चात सामूहिक हवन किया गया। वही मंदिर प्रांगण में मुंगेरिया समाज के द्वारा प्रत्येक वर्ष के भांति 4 घंटे का हरि कीर्तन भजन का आयोजन किया गया। जिसमें व्यास अखिल मंडल, ढोलकिया शंभूनाथ सिंह, राजेश सिंह, धनंजय सिंह, बलराम पासवान, श्यामलाल, सुरेंद्र विश्वकर्मा, रुदल, प्रसाद राम, अवतार प्रसाद, व्यास विद्यासागर सहित कई भक्तों ने हरि कीर्तन में भाग लिया। इधर मंदिर परिसर में आयोजित मेला में आये लोगों ने जमकर खरीददारी करते हुए एक से बढ़कर लजीज व्यंजनों का लुत्फ उठाया। यहां बताना लाजमी होगा कि दो दिन मकर संक्रांति ने मेला के रंग को थोड़ा फीका कर दिया है।

## विधायक मनीष जायसवाल ने मुक्ति धाम सेवा संस्थान को दिया मुक्तिवाहन

**हजारीबाग।** सदर विधायक मनीष जायसवाल ने मकर संक्रांति के अवसर पर हजारीबाग वासियो को मुक्ति वाहन का सौगात दिया है। शनिवार की सुबह विधायक मनीष जायसवाल ने अपने विशेश्वर दयाल पथ स्थित सेवा कार्यालय के समक्ष मुक्ति वाहन (शव वाहन) की पूजा- अर्चना कर विधिवत रूप से इसकी चाभी हजारीबाग और आसपास के क्षेत्रों में लावारिश/अज्ञात/असहाय व्यक्तियों के शवों के सहायतार्थ काम करने वाली संस्था मुक्ति धाम सेवा संस्थान के सचिव नीरज कुमार को सौंपी। विधायक निधि वर्ष 2020- 21 के अंतर्गत करीब साढ़े 14 लाख रुपए की राशि से इसे खरीदा गया है।टाटा योद्धा 1700 पिकअप में निर्मित यह मुक्ति वाहन पूरी तरह वातानुकूलित है और इसमें शव के सुरक्षित तरीके से रखने के साथ 10 लोगों के बैठने की सीटिंग अरेंजमेंट है।

### गंगा-यमुना की तहजीब दिखा विजैया चौक पर, हिंदू-मुस्लिम जनप्रतिनिधियों व सामाजिक कार्यकर्ताओं ने मनाया मकर संक्रांति का त्योहार

# सर्व धर्म एकता का संदेश देते हुए हिंदू-मुस्लिम भाइयों ने तिलकुट चूड़ा का उठाया आनंद : कयूम

खबर मन्त्र संवाददाता

**बरही।** सर्व धर्म एकता का संदेश देते हुए मकर सक्रांति के अवसर पर विजैया चौक पर सामूहिक रूप से मकर सक्रांति उर्फ लोहड़ी का पर्व मनाया गया। हिन्दू मुस्लिम भाइयों ने आपस मे मिलकर एक साथ बैठकर तिलकुट, चूड़ा, दही का आनंद लिया। पूर्व जिला परिषद प्रतिनिधि मो कयूम अंसारी, बरही उप प्रमुख देवलाल कुशवाहा, भूतपूर्व मुखिया दशरथ यादव एवं सामाजिक कार्यकर्ता पप्पू खान के सौजन्य से सामूहिक रूप से विजैया चौक पर चूड़ा-दही कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें सहदेव शर्मा, कार्तिक पासवान, केदार यादव, रंजीत कुमार, उमेश दास, लोकेश कुमार, बमबम दास, महेश रविदास, सुनिल कुमार, अनिल राम, सीताराम यादव, रामकिशुन



एक साथ मकर सक्रांति का पर्व मनाते हिंदू व मुस्लिम।

महतो, रामकिशुन ठाकुर, चन्द्रिका प्रसाद, राजु मोदी, वैजनाथ यादव, इलियाश अंसारी, पिन्टु यादव, संतोष यादव, सबीर अंसारी, रविन्द्र किशोर वर्मा, सुरेश यादव, कुलदिप यादव, सुनील यादव, विजय दास, सुनील कुशवाहा, सुनिल कुमार सहित दर्जनों ग्रामवासी मौजूद होकर चूड़ा, दही, तिलकुट का लुत्फ उठाया एवं एक-दूसरे को भाईचारगी का संदेश दिया। इस दौरान पूर्व जिला परिषद प्रतिनिधि मोहम्मद कयूम ने क्षेत्रवासियों को त्योहार की बधाई देते हुए सर्व धर्म एकता का संदेश जन जन तक पहुंचाने की अपील की।

# भक्तों की हर मुराद पूरी करते हैं साईं बाबा : जगतार सिंह

### साईं मंदिर में हुआ विशेष पूजा-अर्चना, भव्य भंडारे में उमड़ी श्रद्धालुओं की अपार भीड़

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** मकर संक्राति के पावन अवसर पर शनिवार को भुरकुंडा बाजार स्थित साईं मंदिर में विशेष पूजा का आयोजन हुआ। इस दौरान मंदिर के पुजारी जनार्दन भारती द्वारा पूरे विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच साईं बाबा की पूजा कराई गई। पूजा में साईं सेवा समिति के अध्यक्ष जगतार सिंह मुख्य रूप से शामिल हुए। पूजा के बाद भव्य भंडारे का आयोजन हुआ।

जिसमें सैंकड़ों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। भंडारा का शुभारंभ समिति के अध्यक्ष जगतार सिंह ने भक्तों के बीच प्रसाद वितरण कर किया। मौके पर जगतार सिंह ने कहा कि ने भक्ति आयोजनों में क्षेत्र में भक्ति संचार बढ़ता है। उन्होंने बाबा साईं के समक्ष मत्था टेक क्षेत्र की हरियाली-खुशहाली की कामना की। श्री सिंह ने कहा कि बाबा का साईं दरबार श्रद्धालुओं के



भक्तों के बीच प्रसाद का वितरण करते लोग।

लिए अटूट आस्था का केंद्र है। यहां सच्चे मन से मन्नत मांगने वाले हर श्रद्धालु की मनोकामना पूर्ण होती है।

धार्मिक अनुष्ठान को सफल बनाने में समिति के अशोक सोनी, मुकेश गुप्ता, गुड्डू कुमार, अजय गुप्ता, हर्ष, गोलू, पंकज गुप्ता, अजीत कुमार, कमलेश भारती सहित दर्जनों श्रद्धालुओं का विशेष योगदान रहा।

### कांग्रेस नेता विनोद यादव की अगुवाई में कांग्रेसियों ने बिरहोर परिवार के साथ दही-चूड़ा खाकर धूमधाम से मनाया मकर संक्रांति पर्व

# समाज के हर अंतिम व्यक्ति को मान और सम्मान दिलाने की होगी प्राथमिकता : विनोद



बिरहोर परिवार के साथ मकर सक्रांति मनाते कांग्रेस के विनोद यादव व अन्य।

खबर मन्त्र संवाददाता

**बरही।** प्रखंड के खोड़ाहार पंचायत अंतर्गत बिरहोर टोला केवाल में कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता विनोद कुमार यादव के अगुवाई में कांग्रेस पार्टी के नेताओं ने आदिम जनजाति बिरहोर परिवार के साथ दही चूड़ा खाकर मकर संक्रांति का पर्व पूरे धूमधाम से मनाई। कांग्रेस नेताओं के साथ बिरहोर टोला पहुंचे वरिष्ठ कांग्रेसी विनोद कुमार यादव ने बिरहोर टोला में स्थापित आंगनबाड़ी केंद्र परिसर में स्वयं दरी और त्रिपाल बिछाकर बिरहोर परिवार के महिला पुरुष बच्चे बच्चियों को बैठाकर अपने हाथों से चूड़ा दही तिलकुट गुड़ परोसकर स्वयं कांग्रेस नेताओं के साथ पत्तल लेकर जमीन पर बैठ गए और दही चूड़ा का भरपूर आनंद लिया। मौके पर विनोद यादव ने कहा कि मकर संक्रांति के दिन देव भी धरती पर अवतरित होकर पर्व का आनंद लेते है। अंधकार का नाश व प्रकाश का आगमन होता है। श्री यादव ने आगे कहा है कि समाज के हर अंतिम व्यक्ति को न्याय और सम्मान दिलाना भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का मुख्य लक्ष्य है, मेरा अभियान सभी कठिन से कठिन बाधाओं को पार करते हुए निरंतर जारी रहेगा। दही चूड़ा कार्यक्रम में वरिष्ठ कांग्रेस नेता विनोद कुमार यादव, कुणाल कतरियार, प्रखंड कांग्रेस उपाध्यक्ष यमुना यादव, कांग्रेस कार्यालय प्रभारी नरेश सिंह, ठाकुर विभूति भूषण प्रताप सिंह भारद्वाज मास्टर शरीफुल हक, पवन सिंह, राहुल कुमार यादव, सचिन कुमार यादव एवं अन्य लोग शामिल थे।

## कांग्रेस पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष अवधेश सिंह बने प्रदेश सचिव

**बरही।** कांग्रेस पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष अवधेश सिंह को पार्टी के आलाकमान के द्वारा प्रदेश सचिव बनाये जाने पर कांग्रेस प्रखंड कमेटी के कार्यकताओं ने बरही चौक पर गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। इस दौरान उनके साथ दरोगा अंसारी जिला अल्पसंख्यक मोर्चा के अध्यक्ष एवं वीरेंद्र सिंह भी शामिल थे। पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी के नेतृत्व में प्रदेश सचिव अवधेश सिंह का स्वागत किया गया। इस दौरान अवधेश सिंह ने कहा कि बरही विस में कांग्रेस पार्टी काफी मजबूत स्थिति में है। वहीं प्रखण्ड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी ने कहा कि अवधेश सिंह शुरूआत के दिनों से ही जिला में



कांग्रेस प्रदेश सचिव का स्वागत करते पार्टी के कार्यकर्ता।

पार्टी के अभिभावक तुल्य रहे है। पार्टी ने उन्हें प्रदेश सचिव बनाकर पार्टी को मजबूती प्रदान की है। कहा कि श्री सिंह के प्रदेश सचिव बनने से पार्टी को और भी मजबूती मिलेगी। प्रदेश सचिव बनने पर बरही विधायक उमाशंकर अकेला, जिलाध्यक्ष शैलेन्द्र यादव, मीडिया प्रभारी डॉ निजामुद्दीन अंसारी, कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता बिनोद यादव, बरही प्रखंड कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी, पदमा प्रखण्ड अध्यक्ष गौतम मेहता, सेवादल अध्यक्ष उदय केशरी, विधायक प्रतिनिधि छट्ठू गोप, प्रखण्ड विधायक प्रतिनिधि सह पार्टी के प्रखण्ड कोषाध्यक्ष सुनील साहू, दीपक गुप्ता, गाजो यादव, रघुनंदन गोप, बासुदेव गोप, कुणाल कतरियार, हरी गुप्ता, मुकेश निषाद, बरही पश्चिमी मंडल अध्यक्ष सिकंदर राणा, महासचिव देवचन्द यादव सहित अन्य कांग्रेसी ने हर्ष व्यक्त करते हुए हार्दिक बधाई दी है।

# इस सम्मान से लोगों की सेवा के लिए हम और उत्साहित हुए हैं : शालू जिंदल

### जिंदल स्टील एंड पावर को मिला गोल्डन पीकॉक सीएसआर अवार्ड

खबर मन्त्र संवाददाता

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** जाने-माने उद्योगपति नवीन जिन्दल के नेतृत्व वाली देश की अग्रणी स्टील कंपनी जिन्दल स्टील एंड पावर (जेएसपी) को सीएसआर दायित्वों के उत्ष्ट निर्वहन के लिए प्रतिष्ठित गोल्डन पीकक अवार्ड 2022 से सम्मानित किया गया है। शनिवार को जारी बयान के अनुसार मुंबई में कंपनी सामाजिक दायित्व विषय पर आयोजित 17 वें अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में केंद्रीय कानून एवं न्याय राज्यमंत्री प्रो. एसपी सिंह बघेल ने जेएसपी को यह सम्मान प्रदान किया, जिसे कंपनी के प्रेसिडेंट और सीएसआर प्रमुख प्रशांत कुमार होता ने ग्रहण किया। इस अवसर पर इंस्टीट्यूट अफ डायरेक्टर्स (आईओडी) के प्रेसिडेंट लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) सुरिंदर नाथ और प्रधान सलाहकार देशदीपक वर्मा आईएएस (सेवानिवृत्त) भी उपस्थित थे। सीएसआर के क्षेत्र में



जेएसपी फाउंडेशन की चेयरपर्सन शालू जिंदल की फाइल फोटो

समर्पित सेवाओं के लिए जेएसपी को यह दूसरा गोल्डन पीकक अवार्ड प्राप्त हुआ है। जिन्दल स्टील एंड पावर ने शालू जिन्दल के नेतृत्व में जेएसपी फाउंडेशन द्वारा अपने प्लांट के आसपास और देश के विभिन्न स्थानों पर लोगों के जीवन में बदलाव लाने के जो उल्लेखनीय प्रयास किये हैं, उसके फलस्वरूप ही यह प्रतिष्ठित सम्मान उसे प्रदान किया गया है। इस सम्मान के लिए जेएसपी का चयन सुप्रीम कोर्ट के पूर्व मुख्य न्यायाधीश एमएन वेंकटचलैया की अध्यक्षता वाले निर्णायक मंडल ने किया। गोल्डन पीकक अवार्ड के लिए निर्णायक मंडल और इंस्टीट्यूट अफ डायरेक्टर्स का धन्यवाद करते हुए जेएसपी फाउंडेशन की चेयरपर्सन शालू जिन्दल ने कहा, इस सम्मान से लोगों की सेवा के लिए हम और अधिक उत्साहित हुए हैं। सामाजिक-आर्थिक रूप से कमजोर और वंचित वर्गों के उत्थान के प्रति हमारी जवाबदेही अब और बढ़ गई है। उन्होंने कहा कि हम संयुक्त राष्ट्र सतत विकास लक्ष्यों (यूएनएसडीजी) के 17 में से 16 मानदंडों के अनुरूप कार्य कर रहे हैं और देश में मानव विकास सूचकांक (एचडीआई) में सुधार के लिए समस्त क्षेत्रों में संचालित अपने कार्यक्रमों में तेजी ला रहे हैं। ज्ञात हो कि जेएसपी फाउंडेशन ने समुदायों और सरकारों से साझेदारी कर अपनी सेवाओं के माध्यम से एक करोड़ से अधिक लोगों के जीवन में बदलाव लाने का काम किया है।

### चंडी स्थान में 27 वर्षों से मेले का सफल आयोजन

# 2023 नियुक्ति का वर्ष होगा : फागु बेसरा

खबर मन्त्र संवाददाता

**दारू।** दारू प्रखंड के दिगवार माँ चंडीस्थान में विगत 27 वर्षों से मकरसक्रांति के अवसर पर मेला का आयोजन किया जा रहा है।इस वर्ष भी दो दिवसीय मेला का आयोजन किया गया। मेला के मुख्य अतिथि फागु बेसरा ने मेला का विधिवत उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने स्वर्गीय टेकलाल महतो, श्यामलाल मुर्मू भीम राणा के चित्र पर माल्यर्पण किया। मेला में श्रद्धालुओं व अतिथि की सुरक्षा के लिए समिति के 50 वोलेंटियर के साथ साथ दारू थाना प्रभारी अमित कुमार ,आगो थाना प्रभारी और चुरचू थाना प्रभारी के साथ साथ दलबल व सीआरपीएफ के जवान तैनात थे। मेले के मुख्य अतिथि फागु बेसरा नेअपने संबोधन में कहा कि झारखंड एक ऐसा प्रदेश है जहां के आदिवासी जंगलों में वास करते है और हर स्थान पर देवी देवता का वास है चाहे वह दिगवार



मुख्य अतिथि व अन्य।

का चंडीस्थान हो, रजरप्पा में माँ छिन्मस्तिका का स्थान हो या बाबा बैजनाथ का धाम हो अनेकों देवी देवता का वास है इसलिए झारखंड की धरती धन्य है। झारखंड नियोजन नीति व हेमंत सरकार में सरकारी नौकरी में नियुक्तियां बिल्कुल बंद है पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि झारखंड में बीस वर्ष तक भाजपा की सरकार रही ।भाजपा ने राज्य को इस तरह उलझा कर रखा कि सरकारी नौकरी में स्थानीय लोग पिछड़ जा रहे है। लेकिन हेमंत सरकार ने नई नियोजननीति लाकर वर्ष 2023 नियुक्ति का वर्ष होगा रही बात स्थानीय नियोजन नीति का बात है तो हेमंत सरकार ने विधानसभा से पास करवाकर केंद्र सरकार को भेज दिया । मौके पर मुखिया महेंद्र मुर्मू, कृष्णकांत देव, अशोक सिंह, महेश प्रसाद, प्रदीप पासवान, रोहित यादव, नरेंद्र गुप्ता, प्रदीप यादव, सागर करमाली, प्रकाश प्रसाद कुशवाहा, महेश पासवान, इंद्र कुमार पासवान, इंद्र राणा, पप्पू ठाकुर, लोचन महतो, रामचंद्र मुर्मू, शम्भू शंकर प्रसाद, नरेश यादव सहित कई लोग मौजुद थे।

## शरद यादव के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया

**बिष्णुगढ़।** जनता दल यूनाईटेड पार्टी के पिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष दशरथ राय ने गरीबों के मसीहा शरद यादव के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है` कहा कि जदयू के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष शरद यादव के निधन से देश की राजनीति ने एक महान समाजवादी तथा पिछड़ों के नेता को खो दिया है, जो पार्टी परिवार के लिए अपूर्णीय क्षति है, कहा कि लोहिया एवं कपूर्री ठाकुर के विचारों को इन्होंनें सरजमीं पर उतारा है` आज देश की राजनीति में उनके जाने से जो नुकसान हुआ है उसे भर पाना असंभव है` शोक व्यक्त करने वालों में पार्टी के वरिष्ट नेता राजेन्द्र मंड़ल, पिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रखण्ड अध्यक्ष यूसुफ अन्सारी, जिला उपाध्यक्ष रामलाल सोरेन, युवा जिला सचिव नीलकंठ तुरी, सुरेश हांसदा, प्रखण्ड अध्यक्ष देवनाथ महतो, जिला सचिव चमन स्वर्णकार, अनील कसेरा,जीतन किस्कू आदि सैकड़ो कार्यकर्ता शामिल हैं।

### लायंस के कचरा संग्रहण अभियान में भुरकुंडा क्लब ने भी बढ़ाया हाथ

# ई-वेस्ट कलेक्शन अभियान को करें सार्थक : लायन राजेंद्र महतो

### कहा- अभियान में क्षेत्रवासी भी करें सहयोग, क्षेत्र में ई-वेस्ट कलेक्शन का हुआ शुभारंभ

खबर मन्त्र संवाददाता

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** लायंस क्लब इंटरनेशनल ने दुनिया के सबसे बड़े ई-वेस्ट कलेक्शन अभियान का शुभारंभ किया है। इसके तहत पूरे देश में 13 जनवरी से 13 फरवरी तक देश के विभिन्न हिस्से में फैले ई-वेस्ट कचरा को संग्रह कर उसे नष्ट करने की अभियान शुरू हुई है। इस कड़ी में लायंस क्लब ऑफ भुरकुंडा भी हाथ आगे बढ़ाया है। क्लब के सदस्यों ने अभियान को मजबुती प्रदान करते हुए शुक्रवार से ई-वेस्ट को संग्रह का कार्य शुरू कर दिया है।

इसका शुभारंभ क्लब के संस्थापक मेल्विन जोन्स के जन्मदिन पर प्रारंभ हुआ है। कार्यक्रम की शुरूआत केक काटकर की गई। मौके पर क्लब के अध्यक्ष एमजेएफ लायन राजेंद्र महतो, सचिव लायन विजयंत



कार्यक्रम में मौजूद लायंस क्लब के लोग।

कुमार व कोषाध्यक्ष लायन अशोक सिन्हा ने बताया कि इसका उद्देश्य क्षेत्र में फैले ई-वेस्ट को एकत्र कर उसे नष्ट करना है।

अध्यक्ष राजेंद्र महतो ने कहा कि ई-वेस्ट न केवल मानव जीवन के लिए हानिकारक है बल्कि पर्यावरण को भी काफी नुकसान पहुंचाता है। पूरे देश के जहरीले ई-वेस्ट कचरा में 70 प्रतिशत भारत से ही उत्पन्न होता है। यह केंसर जैसी गंभीर बीमारी में आग लगाने का कार्य करती है। साथ ही कहीं न कहीं ई-वेस्ट नदियों व झीलों के पानी को भी जहर बनाता है। साथ ही खेतों की उर्वरक क्षमता को भी नष्ट करती है। उन्होंने कहा कि क्लब का उद्देश्य हमारी युवा पीढ़ी व समुदाय के लिए इसके प्रभावी कारकों के प्रति संवेदनशील बनाना है। श्री महतो ने बताया कि लायंस डिस्ट्रिक्ट 322 ए के तत्वावधान में यह राज्य के रांची, जमशेदपुर, धनबाद, बोकारो स्टील सिटी, चाईबासा, हजारीबाग, गिरिडीह, डालटनगंज, गुमला, गढ़वा जैसे शहरों में अभियान छेड़ा है। 80 से अधिक लायंस क्लबों के सहयोग से चौदह संग्रह केंद्रों में इसकी शुरूआत की गई है। क्लब के सदस्यों ने क्षेत्रवासियों से भी इस अभियान में भाग लेकर स्वच्छ भारत अभियान के मिशन में सहयोग करने की अपील की है। इसके पूर्व लायंस क्लब इंटरनेषनल को 80 हजार रूपये डोनेट करने पर क्लब के अध्यक्ष एमजेएफ लायन राजेंद्र महतो को सम्मानित भी किया गया।

अभियान को सफल बनाने में क्लब के अध्यक्ष एमजेएफ लायन राजेंद्र महतो, सचिव विजयंत कुमार, कोषाध्यक्ष अशोक सिन्हा, अखिलेश शर्मा, राजेश अग्रवाल, प्रमोद शर्मा, निर्मल अग्रवाल, सूबेदार एचएन यादव, विजय वर्णवाल, प्रमोद अग्रवाल, विनय तिवारी, शिवा प्रसाद सहित दर्जनो लोग सक्रिय हैं।

# भाजपा नेता की मौत पर हंगामा

## पालकोट वासियों ने गुमला-सिमडेगा मार्ग को किया जाम

**मृतक की पत्नी को सरकारी नौकरी, एक करोड़ मुआवजा, परिवार को सुरक्षा, बच्चों की उचित शिक्षा व अपराधियों की गिरफ्तारी की मांग की**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** जिंदगी से जदोजहद करते हुए आखिर पालकोट प्रखंड भाजपा के पूर्व अध्यक्ष सुमित केसरी ने शनिवार को इलाज के दौरान रांची स्थित मेडिका अस्पताल में दम तोड़ दिया। इधर सुमित केसरी की मौत की सूचना पालकोट प्रखंड के लोगों को मिलते ही उनके गुस्से की आग भड़क गई और तत्काल लोग सड़कों पर उतरकर गुमला सिमडेगा मार्ग को पालकोट बस पड़ाव के समीप जाम कर दिये।

स्थानीय दुकानदारों ने सुमित केसरी की मौत की सूचना पर स्वतः ही अपनी प्रतिष्ठानें बंद कर दी। घटना से आक्रोशित लोगों ने कई वाहनों के शीशे भी फोड़ दिये। घटना के लगभग एक सप्ताह बाद भी पुलिस द्वारा अपराधियों का सुराग नहीं लगा पाने से जनता में भारी आक्रोश देखा गया। सड़क जाम की सूचना पर जाम स्थल पहुंचे इंस्पेक्टर एसएन मंडल को लोगों का भारी विरोध का सामना करना पड़ा। लोग पुलिस प्रशासन मुर्दाबाद के नारे लगाते दिखे। जाम कर रहे लोग मृतक की पत्नी को सरकारी नौकरी, उसके दोनों बच्चों की उचित शिक्षा व्यवस्था करने, एक करोड़ रूपया मुआवजा, परिवार को सुरक्षा प्रदान करने व अपराधियों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं। वहीं जामकर्ता उपायुक्त गुमला को जामस्थल बुलाने की मांग पर अड़े हुए थे। जाम हटाने पहुंचे कई अधिकारियों को जनता के आक्रोश का सामना करना पड़ा। अभी सुमित केसरी का पार्थिव शरीर रांची से नहीं पहुंचा है। पार्थिव शरीर के पालकोट पहुंचने पर जनता और आक्रोशित हो सकती है। शाम 6 बजे तक जाम समाप्त नहीं हुआ था।

इधर जाम में फंसे यात्री काफी बैचेन नजर आये। यात्रियों को न तो पानी मिल पा रहा था और न ही खाने की कोई वस्तु। यात्री वाहनों का समय भी फेल हो गया। आक्रोशित लोग जाम समाप्त करने के मुड में नहीं दिखलाई पड़ रहे थे। जाम के कारण सड़क के दोनों छोरों पर वाहनों की लंबर कतार लगी हुई थी। ज्ञात हो कि अपराधियों ने सुमित केसरी का 9 जनवरी की रात में उसके ईंट भट्ठा प्लांट से अगवा कर पैरों में दो गाली मार दी थी। जिसके बाद पत्थर से कूचकर उसका हत्या का प्रयास किया था। लेकिन सुमित केसरी घायला हो गये थे। जिन्हें इलाज के लिए रांची के मेडिका अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां शनिवार को लगभग दस बजे सुमित केसरी ने दम तोड़ दिया। सुमित केसरी सिमडेगा विधान सभा क्षेत्र में भाजपा पार्टी का सबसे धाड़क नेता थे। उनके नेतृत्व में पालकोट प्रखंड से हमेशा भाजपा लीड करते रही है और कई विधान सभा चुनाव भी पार्टी जीत चुकी है। सुमित केसरी के नहीं रहने से पार्टी को क्षेत्र में भारी क्षति उठानी पड़ेगी।



# नेतरहाट में कार खाई में गिरी, दो पर्यटकों की मौत

**चार गंभीर रूप से घायल**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** बिशुनपुर प्रखंड के गुरदरी थाना अंतर्गत नेतरहाट घाटी के मिलिट्री मोड़ के समीप शुक्रवार की देर रात लगभग 11:00 बजे के आसपास एक मारुति कार अनियंत्रित होकर खाई में जा गिरी। जिससे कार में सवार अर्जुन बॉस व सत्यमशिवम दोनों धनबाद निवासी की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि उनके साथ कार में सवार चार अन्य दोस्त कुडु लोहरदगा निवासी 20 वर्षीय ऋषभ कुमार, सरायकेला धनबाद निवासी करण मंडल, उत्तर प्रदेश निवासी राहुल शर्मा व धनबाद निवासी ,प्रीतम कुमार घायल हैं। घटना की सूचना मिलते ही बिशुनपुर थाना प्रभारी सदानंद सिंह व गुरदरी थाना प्रभारी कुंदन कुमार सिंह घटनास्थल पर पहुंचे और सभी घायलों को तत्काल 108 एंबुलेंस की सहायता से बिशुनपुर समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इलाज के लिए भेजें। जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए चिकित्सकों ने घायलों को गुमला सदर अस्पताल रेफर कर दिया। घटना के संबंध में थाना प्रभारी सदानंद सिंह ने बताया की 6 युवक रांची से नेतरहाट घूमने जा रहे थे। इसी क्रम में मिलिट्री मोड़ के समीप कार अनियंत्रित होकर खाई में जा गिरा और यह हादसा हुआ। वही दोनों मृतक के शव को पुलिस ने अपने कब्जे में लेकर गुमला सदर अस्पताल पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इधर घटना की सूचना पुलिस ने परिजनों को दिया। जिसके बाद परिवार के सभी लोग देर रात ही बिशुनपुर समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंच गए थे। वही मृतक के परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।



घायल को इलाज के लिए अस्पताल ले जाते लोग।

## कांग्रेस के प्रदेश सचिव के घर चोरी मामले में खुलासा, तीन गिरफ्तार



**गुमला।** पुलिस ने कांग्रेस के प्रदेश सचिव सह बड़ाईक मुहल्ला निवासी रमेश कुमार के घर हुए चोरी की घटना का उदभेदन कर लिया है। पुलिस ने चोरों की घटना में शामिल तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार कर शनिवार को जेल भेज दिया है। गिरफ्तार अभियुक्तों में रजा कलोनी निवासी मो. सलीम बक्स का पुत्र 20 वर्षीय मो. साहिल, मदीना मजिस्द आजाद बस्ती निवासी मो. सिराज का पुत्र 22 वर्षीय मो. शाद व आजाद बस्ती निवासी जुनू नुरैन के 19 वर्षीय पुत्र रूमान नुरैन शामिल है। पुलिस ने इनके पास से चोरी के एक लाख 26 हजार रूपया नगद व चोरी के पैसे से खरीदा गया तीन मोबाईल एवं ताला तोड़ने का स्क्रु ड्राईव दो पीस व चैनल रड एक पीस बरामद किया है। इस संबंध में एसडीपीओ मनीष चंद्र लाल ने शनिवार को गुमला थाना में प्रेस कान्फ्रेंस करते हुए बताया कि एक जनवरी 2023 को शाम करीब 4 बजे रमेश कुमार के बड़ाई मुहल्ला स्थित आवास से चोरों ने पांच लाख रूपये नगद व साढे पांच लाख रूपये सोना चांदी चोर कर ली थी। जिसको लेकर रमेश कुमार के द्वारा गुमला थाना में प्राथमिकी दर्ज करायी गई थी। उदभेदन के लिए पुलिस कप्तान के द्वारा थाना प्रभारी गुमला बिनोद कुमार के नेतृत्व में एक छापामारी टीम का गठन किया गया था।

# मकर संक्रांति पर निकली रथ यात्रा

**श्रद्धालुओं ने लगायी आस्था की डुबकी मंदिरों में की पूजा, गरीबों को किया दान, दही-चूड़ा और तिल -गुड़ बांटे**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** गुमला और आसपास के क्षेत्रों में शनिवार को मकर संक्रांति पर्व के अवसर पर रथ मेला का आयोजन किया गया। सिसई के नागफेनी व रायडीह प्रखंड के हीरदह में रथ मेला लगा। मकर संक्रांति के अवसर पर शनिवार को हजारों श्रद्धालुओं ने पवित्र नदियों व सरोवरों में आस्था की डुबकी लगायी। मंदिरों में पूजा अर्चना कर अपने घर परिवार की सुख शांति व समृद्धि के लिए भगवान से कामना की। गरीबों के बीच दान किये और तिल, गुड़, दही व चुड़ा आदि का पारण कर मकर संक्रांति का पर्व मनाया। प्राकृतिक सौंदर्य और धार्मिक आस्था का केन्द्र नागफेनी में शनिवार को श्रद्धालुओं ने आस्था और विश्वास के साथ कोयल नदी में स्नान किया और प्राचीन जगन्नाथ मंदिर में पूजा अर्चना की। मकर संक्रांति के अवसर पर नागफेनी स्थित जगन्नाथ मंदिर का पट अहले सुबह खोल दिया गया। सुबह से ही भगवान के दर्शन पूजन के लिए भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। पुरोहितों ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ भक्तों के फल, फूल व प्रसाद को भगवान पर भोग लगाया। भक्त गण हाथ जोड़कर भगवान से सुख शांति व समृद्धि की कामना की। मंदिर के बाहर आरती की थाल लेकर पुरोहित भक्तों को चंदन लगा रहे थे और रक्षा सूत्र बांधकर दक्षिणा ले रहे थे। वहीं गरीब भिक्षुक भी मंदिर परिसर में चादर फैलाए दाताओं का इंजतार कर रहे थे। मंदिर में पूजा अर्चना के बाद श्रद्धालु गरीबों को दान करते देखे गए। यह सिलसिला अपराह्न तक चलता रहा। नागफेनी के मकर संक्रांति मेला में काफी दूर-दूर से भी लोग आये थे।



नागफेनी नदी में स्नान लगाने पहुंचे लोग।



जगन्नाथ मंदिर में पूजा-अर्चना करते लोग।

# भूतपूर्व सैनिकों के परिजन हुए सम्मानित

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** 7वां आर्म्ड फोर्सेज वेटरंस डे का आयोजन शनिवार को नगर भवन, लोहरदगा में किया गया। इस मौके पर देश के पहले सेनाध्यक्ष केएम करियप्पा की तस्वीर पर उपायुक्त समेत जिला पदाधिकारियों व भूतपूर्व सैनिकों द्वारा पुष्पांजलि अर्पित की गई।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने कहा कि संख्या के आधार पर भारतीय आर्म्ड फोर्स दुनिया में सबसे बड़ी आर्म्ड फोर्स के रूप में जानी जाती है।

इस फोर्स में गजब की क्षमता है। आज तक जितनी भी लड़ाईयां लड़ी गई हैं उनमें आर्म्ड फोर्स ने बहुत ही वीरता का परिचय दिया है। भारतीय आर्म्ड फोर्सेज ने कई बार भारतीय उपमहाद्वीप के इतिहास को बदला है। उपायुक्त ने कहा कि आर्म्ड फोर्सेज वेटरंस डे आज पूरे भारत में मनाया जा रहा है। बीते कुछ वर्षों में इस कार्यक्रम का आयोजन कुछ वजहों से नहीं हो सकता लेकिन आने वाले वर्षों में प्रत्येक वर्ष मनाया जाएगा।

यह जरूरी है कि किसी एक दिन हमारे भूतपूर्व सैनिक जिन्होंने आर्मी, नेवी, एयरफोर्स, सीआरपीएफ कहीं के भी हो, वो और उनका परिवार एक दिन किसी एक स्थान पर एक साथ आएं और अपने गौरवशाली कॅरियर व देशसेवा के उन लम्हों के याद करें और उनसे अपने आने वाली पीढ़ियों व अपने बच्चों को अवगत कराएं। यह अनुभव स्कूली बच्चों के बीच व युवाओं के बीच साझा होना चाहिए ताकि बच्चों को इससे प्रेरणा मिले।



**आर्म्ड फोर्सेज ने भारतीय उपमहाद्वीप का इतिहास बदला : उपायुक्त**

**शहीद के परिजनों को किया गया सम्मानितः** कार्यक्रम में वीर चक्र विजेता सूबेदार धामा उराँव की पत्नी सलमन्ती कुजूर को उपायुक्त, लोहरदगा द्वारा शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। कारगिल युद्ध में शहीद हवलदार विश्राम टाना भगत की पत्नी तारामनी देवी को सीआरपीएफ कमाण्डेंट द्वारा सम्मानित किया गया।

श्रीलंका में चलाये गये ऑपरेशन पवन में शहीद सिपाही शिवनाथ लोहरा की माता गुंजायर लोहरा को एएसपी अभियान के द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में अनुमण्डल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल, कार्यपालक दण्डाधिकारी अमित बेसरा एवं पवन कुमार समेत बड़ी संख्या में भूतपूर्व सैनिक व परिजन उपस्थित थे।

## स्पीड न्यूज

### कैरो मनोकामना सिद्ध बाबा भोलेनाथ मंदिर में मेला व सांस्कृतिक कार्यक्रम



**कैरो।** प्रखंड के खरता–हनहट दक्षिणी कोयल नदी तट स्थित मनोकामना सिद्ध बाबा भोलेनाथ मंदिर प्रांगण में मकर संक्रांति के अवसर पर शनिवार को भव्य मेला व सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सुबह में पुरोहित कौशल कांत त्रिपाठी व पांडेय काशीनाथ पांडेय के मंत्रों के साथ सामूहिक पूजा किया। जिसके बाद दिन के 12 बज से झारखंड के मशहूर फाइव स्टार टीम के द्वारा रंगारंग कार्यक्रम का शुभारंभ शिव वंदना के साथ प्रारम्भ हुआ, जो देर शाम तक ठेठ, आधुनिक गाने प्रस्तुत कर दर्शकों को झूमने के लिए मजबूर कर दिया। सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ जिला परिषद सदस्य सुखदेव उरांव,प्रखंड उपप्रमुख प्रतिनिधि सह समाजसेवी शरत कुमार विद्यार्थी, भारतीय जनता पार्टी के अनुसूचित जनजाति मोर्चा प्रदेश महामंत्री बिंदेश्वर उरांव, चान्हो पश्चिमी क्षेत्र के जिला परिषद सदस्य आशुतोष तिवारी,सीबीएन आवासीय पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर बिपिन कुमार सिंह सहित अतिथियों द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर किया गया।

### पतंग प्रतियोगिता में शशि अव्वल



**लोहरदगा।** मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर +2 विद्यालय में समरसता खिचड़ी और पतंग उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत अतिथियों द्वारा भारत माता के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया । पतंग उत्सव प्रतियोगिता में शशि तिग्गा ने प्रथम स्थान, सुजीत उरांव ने द्वितीय स्थान और तृतीय स्थान विकास उरांव ने प्राप्त किया। पतंग उत्सव प्रतियोगिता में राज प्रजापति, आदित्य उरांव, अंकित उरांव, सुजल बाखला की सहभागिता रही । शिशु मंदिर के प्रधानाचार्य सुरेश चंद्र पांडे ने कहा कि यह त्योहार गुड़ की मिठास, समरसता, दान का महत्व,तिल के तिलकुट का त्यौहार है। डॉक्टर टी साहू ने कहा कि यह त्योहार नए साल का पहला त्योहार है सभी धूमधाम से मनाते हैं। पुरस्कार वितरण अतिथियों द्वारा संयुक्त रूप से किया गया । उपाध्यक्ष विनोद राय ने कहा कि यह त्योहार हिंदुओं का बहुत ही पवित्र त्योहार है ।

### संस्कृति का मूल योग है : भारती



**लोहरदगा।** गुरुकुल शांति आश्रम प्रांगण में पतंजलि योग समिति भारत स्वाभिमान न्यास लोहरदगा के तत्वावधान में मकर संक्रांति के पावन अवसर पर वैदिक मंत्रोचार के साथ सामूहिक रूप से हवन किया गया ।जिसका नेतृत्व आचार्य अर्जुन देव आर्य एवं कृष्ण चंद्र ने संयुक्त रूप से किया ।हवन के पश्चात प्रशिक्षणार्थियों के बीच सहयोग शिक्षक प्रशिक्षण शिविर में सफल योग प्रतिभागियों को आज प्रमाण पत्र भी वितरण किए गए ।सभी प्रशिक्षुओं को जिला प्रभारी एवं मुख्य योग प्रशिक्षक प्रवीण कुमार भारती द्वारा आगामी फरवरी माह में पाँच दिवसीय नि :शुल्क योग शिविर लगाने का निर्देश दिया गया। जिसमें जिला स्तर के एक पदाधिकारी मौजूद रहकर उनका उत्साहवर्धन एवं कुशलता निरीक्षण भी करेंगे। उन्होंने कहा कि भारतीय दर्शन, अध्यात्म, संस्कृति का मूल योग है। पूरे जिले में योग, आयुर्वेद, स्वदेशी का अलख जगाने का संकल्प लिया गया। आचार्य गणेश शास्त्री ने कहा कि योग शिक्षा हर हाल में बच्चों को दें। इस अवसर पर शिक्षाविद गणेश शास्त्री, पतंजलि राज्य कार्यकारिणी सदस्य जिला संरक्षक शिव शंकर सिंह, अरुण कुमार, श्रवण साहू, कृष्णा राम, पार्थ आनंद, भूषण प्रजापति, तुलसी उरांव, महेंद्र प्रसाद, सौरभ केसरी, भूषण प्रसाद, दिलीप साहू, दिलीप सिंह, सुरेश चंद्र पांडे, आशा पांडे, निर्भय भारती, राजेश गुप्ता, शिवराज विजय, सौरभ वर्मा, राजा विवस्वान मानसी भारती खुशी भारती, कोमल भारती, रेखा भारती समेत गुरुकुल के ब्रह्मचारी गण मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

### मकर संक्रांति पर सांस्कृतिक कार्यक्रम

**जारी।** गौखर्रा में मकर सक्रांति के अवसर पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला परिषद सदस्य दिलीप बड़ाईक थे। मुख्य अतिथि एवं आगन्तुक आतिथियों के द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि जिला परिषद सदस्य दिलीप बड़ाईक ने कहा कि बाबा धाम विकसित करना है और यहां पर भव्य मंदिर का निर्माण करना होगा। साथ ही कहा कि आज जो रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम हो रहा है सभी लोग जमकर आनंद लें। मौके पर रविंद्रनाथ शाहदेव सतेंद्र सिंह, जितेंद्र सिंह, लव कुमार सिंह हरिहर सिंह, संजय प्रसाद, विनय प्रताप शाह देव,आदित गिरि,कामेश साय, सकलदीप नाथ शाहदेव महामंत्री जिला महामंत्री केशवचंद्र, संजय साहू धनी बैगा,मनोज लोहरा, रामबिलास नायक,अवधेश प्रताप शाहदेव,विद्यस तिर्की सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

### मजदूर संघ का प्रदर्शन 18 को

**लोहरदगा।** बिहार मिनिरल्स मजदूर संगठन एवं तीन सिमानी पड़हा के संयुक्त तत्वाधान में हेंसल बॉक्साइड डंपिंग यार्ड लोहरदगा के समक्ष प्रदर्शन 18 जनवरी को दिन के 12 :30 बजे से किया गया है। आयोजन का मुख्य विषय बाक्साइड डंपिंग यार्ड हेसल एवं कमले चांपी रेलवे स्टेशन में स्थानीय बेरोजगार लोगों को नौकरी में बहाली एवं भ्रष्ट बी०के०बी० कंपनी को हटाने की मांग शामिल है। यह जानकारी देते हुए संगठन के महासचिव राजवंश सिंह ने आम लोगो से प्रदर्शन में शामिल होने की अपील की है।

## एक नजर में

### श्रमदान कर बनाया एक किमी सड़क



**घाघरा।** घाघरा प्रखंड के चमेली गांव में शनिवार को सैकड़ों ग्रामीणों ने श्रमदान कर उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय चमेली से मुख्य पथ चामा तक लगभग एक किलोमीटर मिट्टी सड़क का निर्माण किया । ग्रामीणों ने शुक्रवार को चमेली गांव के अखड़ा में मुखिया राजेश बड़ाइक की अध्यक्षता में बैठक किया। जिसमें अगल–बगल कई गांव के ग्रामीण शामिल हुए। जहां ग्रामीणों ने बताया कि चमेली विद्यालय जाने में बच्चों के साथ साथ सभी को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। क्योंकि उक्त विद्यालय के पास जाने के लिए कोई भी सड़क नहीं था और लोगों को काफी दूरी का सामना करने के बाद उक्त स्कूल तक जाया जा सकता था। जिसमें ग्रामीणों ने सर्व समिति से उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय चमेली से मुख्य पथ चामा तक मिट्टी रोड बनाने का निर्णय लिया। जिसमें गांव के चौठा उराव, सनी उरांव,भिखी उराव, सुखदेव उरांव, मटना लोहरा, बाबूलाल उरांव अपने जमीन देकर सड़क बनाने को लेकर सहमति जताया। जिसके बाद शनिवार को ग्रामीणों ने श्रमदान कर सड़क बनाया। मौके पर सरांगो पंचायत के मुखिया राजेश बड़ाईक ने कहा कि यह सड़क बनाने का मामला कब से अटका पड़ा था। जमीन दाताओं द्वारा सड़क बनाने के लिए जमीन की सहमति जतायी गयी। जिसके बाद फिलहाल मिट्टी का पथ का निर्माण श्रमदान के सहयोग से कराया जा रहा है। आने वाले समय में सड़क पर 15 वें वित्त आयोग से पक्की सड़क का निर्माण कराया जाएगा ताकि पढ़ने वाले बच्चों को किसी भी तरह की परेशानी ना हो। इस मौके पर मुखिया राजेश बड़ाईक, पंचायत समिति सदस्य रेणुका तिर्की शिक्षक बिंदेश्वर यादव, दिलमेंस्वर यादव श्रमदान करने वाले लोगों में बसंत माझी, सुकरी देवी लोहरा उरांव, सुनीता देवी, बाबूलाल उराव, केसर यादव ,राजा भगत ,लैका बैठा ,भीखी उरांव, सनी उरांव, कलावती देवी, कलेश्वर ओढ़ ,रेणुका भिखराम उरांव सहित सैकड़ों ग्रामीण शामिल थे ।

### पॉलीथीन का नहीं करें इस्तेमाल : मुखिया



डुमरी। डुमरी प्रखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत मझगांव में शनिवार को स्वच्छता अभियान के अंतर्गत पंचायत के मुखिया ज्योति बहेर के नेतृत्व में मझगांव बस्ती से लेकर बाबा टांगीनाथ धाम के परिसर तक स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस दौरान कूड़ा कचरा की साफ की गई। जिसमें पंचायत के महिला और पुरूष शामिल हुए। स्वच्छता अभियान के दौरान उपस्थित ग्रामीणों ने अपने हाथों में झाडू लेकर कूड़ा कचरा साफ किया। साथ ही ग्रामीणों ने सफाई अभियान के दौरान डिस्पोजल के जगह पर जंगल के पत्ते से बने दोना और पलेट इस्तेमाल करने की बात कही। मौके पर सैकड़ो की संख्या पर ग्रामणी मौजूद थे।

### पॉलिटेक्निक कॉलेज में पतंगोत्सव आयोजित



गुमला। पॉलिटेक्निक कॉलेज गुमला में मकर संक्रांति पर शनिवार को पतंगोत्सव प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। परिसर में छात्र–छात्राएं एवं कर्मियों ने अपने रंग–बिरंगें एवं विभिन्न आकारों के पतंग उड़ा कर इसमें भाग लिया। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर जितने वाले विद्यार्थियों को एक हजार, पांच सौ एवं ढाई सौ रुपए की प्रोत्साहन राशि प्रदान किया गया तथा मकर संक्रांति के अवसर पर संस्थान में काम करने वाली महिला कर्मियों के बीच कम्बल का वितरण किया गया। इस अवसर पर संस्थान में सोहराय की भी धूम रही। प्रकृति के शीतकाल में भी विद्यार्थियों का उत्साह भरपूर रहा जिसके लिए संस्थान के प्राचार्य डॉ शीबा नारायण साहू, उप–प्राचार्य ई. सुरेन्द्र प्रसाद एवं मुख्य प्रशासनिक अधिकारी श्री अजीत कुमार शुक्ल ने छात्रों एवं स्थानीय लोगों को शुभकामना दी।

### प्राकृतिक खेती को अपनायें किसान : भगत



**गुमला।** कृषि विज्ञान केंद्र विकास भारती बिशुनपुर के द्वारा शनिवार को बिशुनपुर प्रखंड के सातो गांव में किसान मेला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में पद्म श्री डॉक्टर अशोक भगत ने किसानों से कहा कि किसान प्राकृतिक खेती को अपनाकर आर्थिक दृष्टि से सुदृढ़ हो सकते हैं। कृषि विज्ञान केंद्र प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए प्रयासरत है। साथ ही साथ गांव के युवक एवं युवतियों के लिए आर्या पर योजना के तहत सूअर पालन बकरी पालन लाख उत्पादन एवं मधुमक्खी पालन के क्षेत्र में कार्य कर रहा है। जिससे युवा जोड़कर आर्थिक रूप से संपन्न हो रहे। सुशील मुंडा मुखिया हेलता ने किसानों को को संबोधित करते हुए कहा कि कृषि विज्ञान केंद्र के कारण इस क्षेत्र में कृषि में काफी बदलाव आया है। श्री बिहारी भगत ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि कृषक जल संरक्षण के द्वारा इस क्षेत्र में काफी सकारात्मक प्रभाव देखने को मिल रहा है। किसान मेला में श्री जय मंगल उराँव, श्री अनिल भगत, श्रीमति कुमकुम मैत्रा श्री महेंद्र भगत, डॉ नीरज कुमार, सुनील कुमार, डॉ निशा तिवारी, यनो राई, अटल बिहारी तिवारी, मृत्युंजय सिंह, डॉ विनोद कुमार के साथ साथ सुधीर उराँव मानी भगत, तेतरी देवी प्रशांत भगत विनोद उराँव ने शामिल थे। किसान मेला के अंतर्गत अच्छे उत्पाद के लिए 75 किसानों को स्प्रेयर एवं कुदाल देकर सम्मानित किया गया।

## स्पीड न्यूज

### पहली बार फाइनल में ब्राइट फ्यूचर



**गढ़वा।** 21वीं गढ़वा जिला अंतर स्कूल स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता के सीनियर वर्ग के दूसरे सेमीफाइनल मैच में स्कूल ब्राइट फ्यूचर ने आरके पब्लिक स्कूल श्री बंशीधर नगर को 39 रनों से हराकर पहली बार प्रतियोगिता के फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल में स्कूल ब्राइट फ्यूचर का मुकाबला आरके पब्लिक स्कूल गढ़वा से होगा। मौके पर प्रवीण मिश्रा, नवनीत उपाध्याय, सोनू, आयुष तिवारी, अभिमन्यु पाठक, विशाल, अभिषेक द्विवेदी ,मनोज तिवारी, प्रिंस खान, आदित्य, सूर्या, प्रभात सहित कई लोग शामिल थे।

### कर्पूरी ठाकुर की प्रतिमा का अनावरण 24 को



**गढ़वा।** जननायक कपूर्री ठाकुर की जयंती के मौके पर 24 जनवरी को शहर के नीलांबर-पीतांबर पार्क के समीप कपूर्री ठाकुर की प्रतिमा का अनावरण किया जाएगा। प्रतिमा का अनावरण गढ़वा विधायक सह पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर करेंगे। कार्यक्रम की सफलता के लिए शनिवार को शहर के पुरानी तहसील भवन में राष्ट्रीय नाई महासभा गढ़वा की बैठक आयोजित की गई। प्रतिमा स्थापित कराने के लिए समाज के लोगों ने सूबे के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री श्री ठाकुर के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उन्हें धन्यवाद दिया। बैठक में मुख्य रूप से संगठन मंत्री दिनेश ठाकुर, सचिव इंन्द्रजीत ठाकुर, मनोज ठाकुर, सुनील ठाकुर, प्रदीप ठाकुर, प्रणव ठाकुर, अजय ठाकुर, श्यामलाल ठाकुर, राजेश ठाकुर, सत्यनारायण ठाकुर, विभूति ठाकुर, सतेंद्र ठाकुर, सुभाष ठाकुर, गुप्तेश्वर ठाकुर, मटुक ठाकुर, मनोज ठाकुर, हरिनन्दन ठाकुर आदि उपस्थित थे।

### महेश्वर प्रसाद की 10वीं पुण्यतिथि मनी



**डोमचांच (कोडरमा)।** प्रख्यात शिक्षाविद् महेश्वर प्रसाद की 10वीं पुण्यतिथि शनिवार को फल वितरण कार्यक्रम एवं श्रद्धांजलि कार्यक्रम के साथ संपन्न हुआ। इस दौरान उनके परिवार के सदस्यों द्वारा डोमचांच स्थित रेफरल अस्पताल में मरीजों एवं अस्पताल-कर्मियों के बीच फल का वितरण कर उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की। फल वितरण के पश्चात श्री महेश एकेडमी डोमचांच में श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वहीं श्री महेश एकेडमी के निदेशक सुनील कुमार सिन्हा ने स्व. महेश्वर प्रसाद की जीवनी विस्तार से बताया। उनके द्वारा स्थापित अनेक शिक्षण संस्थान इण्टर कॉलेज डोमचांच, फुलवरिया उच्च विद्यालय फुलवरिया, श्री महेश एकेडमी डोमचांच, अपना विशेष पहचान बनाया है। बताते चलें कि महेश्वर प्रसाद ने स्वतंत्रता आंदोलन में महत्वपूर्ण योगदान किया था, साथ ही फुटबॉल खेल के क्षेत्र में भी डोमचांच को अपने सेवाकाल में बहुत आगे बढ़ाया था। मौके पर कनिष्ठ पुत्र सुनील कुमार सिन्हा, पुत्र वधू रीना दराद, पौत्र मुकुल कुमार, प्रणव प्रखर पुत्र वधू सोफाली कुमारी, शिक्षक शुभम कुमार, श्रवण कुमार, शिक्षिका सपना गुप्ता, पूजा कुमारी कोडरमा प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के सह सचिव सुरेंद्र प्रसाद सिंह, सदस्य महेंद्र बर्णवाल, मोहनलाल पांडेय, लीलावती मेहता, देवेंद्र मेहता, रणजीत सिंह सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

### पुलिस ने चलाया वाहन जांच अभियान



**मरकच्चो (कोडरमा)।** पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव के निर्देश पर शनिवार को मरकच्चो थाना भवन के समीप थाना प्रभारी लव कुमार के नेतृत्व में पुलिस बल के सहयोग से वाहन जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान मुख्य मार्ग पर गुजरने वाले दर्जनों दुपहिया व चार पहिया वाहनों को रुकवा कर आवश्यक कागजात, हेल्मेट, ट्रिपल लोड़, सीट बेल्ट, ड्राविंग लाइसेंस आदि की जांच की गई। वहीं अधूरा कागजात व अन्य तरह से कमी वाले वाहनों को कोडरमा डीटीओ को सुपुर्द कर दिया गया एवं वाहनों को थाना में सुरक्षित रखा गया है। इस दौरान सड़क से गुजरने वाले वाहन चालकों को जागरूक करते हुए लव कुमार ने वाहन चलाते समय हेल्मेट लगाने तथा क्षमता से अधिक वाहनों में सवार नहीं होने, सीट बेल्ट लगा कर चलने व सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने को लेकर जागरूक किया। मौके पर एसआई उत्तम कुमार बैध, एएसआई दयाराम सिंह आदि पुलिस के जवान मौजूद थे।

### दिव्यांगों के बीच उपकरण वितरित



**चतरा।** आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर गिद्धौर प्रखंड कार्यालय में एडिप योजना के अन्तर्गत शनिवार को दिव्यांग शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में सिमरिया विधायक किशुन कुमार दास एवं जिला परिषद् उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी शामिल हुए। इस मौके पर दिव्यांगजनो के बीच निः शुल्क सहायक उपकरण का वितरण किया गया। विधायक किशुन कुमार दास ने कहा कि दिव्यांगजन भी समाज के अंग हैं। इन्हें सहयोग की जरूरत है। सहयोग करना हर मानव का धर्म है। खासकर ग्रामीण क्षेत्र में दिव्यांग भाई बहनों को हर संभव मदद की आवश्यकता है। वहीं जिप उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी ने कहा कि आंख, पैर, हाथ, कान एवं अस्थि दिव्यांग जनों को समाज में समानता का हक देते हुए सम्मान देना चाहिए। मौके पर बीडीओ संजीत कुमार सिंह,भाजपा मंडल अध्यक्ष कपिल दांगी, सीईओ जयशंकर पाण्डेय ,भाजपा मंडल महामंत्री मनोज कुमार कुशवाहा, भाजपा नेता अक्षयवट पांडे ,कान्हाचट्टी भाजपा मंडल अध्यक्ष सतीश सिंह ,लखन दांगी , सत्येन्द्र दांगी ,बंशी दांगी समेत अनेकों गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# विधायक डॉ नीरा यादव के दही-चूड़ा भोज में झूमे लोग

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कोडरमा।** प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी पूर्व शिक्षामंत्री सह स्थानीय विधायक डॉ. नीरा यादव ने शनिवार को ध्वजाधारी धाम मंदिर परिसर में मकर संक्रांति पर चूड़ा-दही कार्यक्रम के साथ संगीतमय भजनों का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य रुप से महामंडलेश्वर सुखदेव दास जी महाराज के द्वारा भजन कार्यक्रम की शुरूआत की गई। वहीं उन्होंने जिले वासियों के लिए मकर सक्रांति की शुभकामना दी। वहीं भाजपा कार्यकताओं के अलावा अन्य लोगों ने एक-दूसरे को मकर संक्रांति की शुभकामनाएं देते हुए चूड़ा-दही तिलकूट का आनंद उठाया। वहीं स्थानीय संगीतकारों द्वारा प्रस्तुत भजनों पर लोग झूम उठे। वहीं डॉ. नीरा यादव ने मकर संक्रांति के अवसर पर पूरे जिले वासियों को हार्दिक बधाई व शुभकामना दी। वहीं उन्होंने कहा गुड़ व तिलकुट की मिठास की तरह आप सभी के जीवन में भी हमेशा मिठास बनी रहे एवं एक दूसरे के प्रति प्यार

**गुड़ व तिलकुट की मिठास की तरह सभी के जीवन में मिठास बनी रहे : डॉ. नीरा यादव**

भी बांटते रहें। वहीं उन्होंने नव वर्ष का कैलेंडर का भी विमोचन कर सभी कार्यकताओं को कैलेंडर दिया गया। वहीं भक्ति भजन संगीत में एक से बढकर एक भजन में भक्त लोग गोता लगाते रहे। वहीं गायक नवीन पांड्या, दीपक दीपक कुमार, विशाल कपसिमे आदि ने भोले शंकर, राधा कृष्ण, मां दुर्गा के भजन गाकर भक्तों को भाव विभोर कर दिया। मौके पर रामचन्द्र सिंह, रवि मोदी, वीरेंद्र सिंह, प्रकाश राम, सुरेश यादव, अशोक आर्या, अनुप जोशी, राजकुमार यादव, देवनारायण मोदी, शिवेंद्र नारायण सिन्हा, जूही दासगुप्ता, शिवलाल सिंह, जयप्रकाश राम, शशि भूषण प्रसाद, सुधीर सिंह, कान्ति देवी, बैजनाथ यादव, महेंद्र यादव, चंद्रशेखर जोशी, मनोज कुमार झुन्नु, संजीव यादव, आकाश वर्मा, नरेंद्र पाल, दिनेश सिंह, राजेश सिन्हा, विजय यादव, जयशंकर प्रसाद, द्वारिका राणा, शशि भूषण



चैधरी, रामदेव मोदी, सुरेंद्र यादव, मुकेश राम, सूरज प्रताप मेहता, महेंद्र वर्मा, गोपाल कुमार गुतुल, कामिनी देवी, गायत्री देवी, पिन्की जैन, डॉ. नरेश पंडित, डॉ. रंजीत कुमार डॉ. राजीव पांडे, धन्नजय यादव, राजेश सिंह, कबिता कुमारी, सबीता देवी, रीता लोहानी, रेखा भदानी, सुनिति सेठ, रिया राज, अन्जु जैन, संजय शर्मा, नवीन चैधरी, सुरेश झांझरी, निर्मल ओझा, राजेन्द्र जायसवाल, मुन्ना सुलतानिया, देवेन्द्र कुमार, बासुदेव शर्मा, राजु भैया, सुमित चन्द्रवंशी, राजकिशोर प्रसाद, पप्पु पाण्डेय, विजय राम, अरशद खान, चन्दन यादव, बिरेन्द्र सिंह, बेदु साव, संजय बोटा, किशन संघई, बिशु दारुका, प्रो. अजय प्रताप सिंह, सुदीप्तो घोष, अजय पाण्डेय, दीपु सिंह, पियुष सहल, राजेन्द्र सिंह, अमर सिंह, राकेश शर्मा, नीलु सिंह, अजय झा, पंकज मोदी, सुनील बड़गवे, ईश्वर मोदी, सूर्य देव मोदी, सतीश भदानी, रामप्रवेश पाण्डेय, त्रिपुरारी सिंह, बालमुकुन्द सिंह, दीपक सिंघानिया, पप्पु पाण्डेय आदि मौजूद थे।

# 72 घंटे बाद भी एनडीआरएफ नहीं खोज पाया युवक का शव

**डोमचांच (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत कालीमंडा शमशान घाट के समीप बंद पड़े पत्थर खदान में गिरने से बीते बुधवार को एक युवक 35 वर्षीय रविन्द्र कुमार मेहता पिता बाबूलाल मेहता नीचेटोला कालीमंडा निवासी की मौत हो गई थी। खदान से शव को निकालने के लिए एनडीआरएफ की टीम तीसरे दिन शनिवार को भी अपनी तैयारियों के साथ खदान में उतरी। टीम ने पूरी मशक्कत के साथ शाम 5 बजे तक खोज-बीन करती रही, मगर घटना के चैथे दिन भी कुछ पता नही चल पाया। वहीं परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। टीम ने बताया कि रविवार को फिर से शव की खोज-बीन की जाएगी। वहीं नगर उपाध्यक्ष पप्पू मेहता घटनास्थल पर दिनभर डटे हुए हैं और एनडीआरएफ से लगातार संपर्क कर वास्तुस्थिति का जायजा ले रहे हैं। एनडीआरएफ के टीम

### चौथे दिन भी खदान में उतरेगी टीम



में एसआई प्रवीण कुमार, एएसआई केएम अंसारी, हवलदार सुरेंद्र सिंह, विपुल कुमार, अविनाश कुमार, राजनाथ कनौजिया, लालमिक कुमार, अमोद कुमार, संजीव चैधरी, समीर कुमार, राजेश्वर कुमार आदि शामिल थे। मौके पर बीडीओ उदय कुमार सिन्हा, सीओ मांदेव प्रिया, थाना अंचल निरीक्षक अवधेश सिंह, थाना प्रभारी अब्दुल्ला खान, एसआई विनय कुमार, एएसआई दिलशाद, सहित दल-बल के जवान मौजूद थे।

### ढीबरा पर विधायक के बयान हास्यास्पद : पिंकू

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** कांग्रेस के प्रदेश सचिव मनोज सहाय पिंकू ने ढीबरा को लेकर स्थानीय विधायक डॉ. नीरा यादव के बयान को हास्यास्पद बताया है। उन्होने कहा कि मुख्यमंत्री से ढीबरा नीति की घोषणा करने की मांग से विधायक की अज्ञानता भी जाहिर होती है। विधायक को यह जानकारी ही नहीं है कि जिला कांग्रेस सहित महागठबंधन के साथियों द्वारा संज्ञान में लाने पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पहल पर ढीबरा नीति 3 मार्च 2022 को ही बकायदा राजपत्र में झारखंड सरकार के खान एवं भूतत्व विभाग के अधिसूचना संख्या 86 द्वारा अधिसूचित की जा चुकी है। इसके तहत ढिबरा का भंडारण एवं निष्पादन झारखंड खनिज विकास निगम लिमिटेड द्वारा किया जाएगा। अभ्रक एवं ढिबरा पर आश्रित गरीब लाचार मजदूर सहकारिता समिति के माध्यम से सदस्य बनकर ढिबरा चुनकर खनिज निगम के डीपू में बेचने को अब स्वतंत्र होंगे।

## सांसद प्रतिनिधि ने गरीबों को दिया कंबल

**टंडवा(चतरा)।** मकर संक्रान्ति के अवसर पर सांसद प्रतिनिधि ईश्वर दयाल पांडेय ने लाचार वृद्धों के घर पहुंच कर चूड़ा तिलकुट और कम्बल दिया। खूंटी टोला सिसई, किसनपुर, कबरा आदि जगहों के करीब तीस घरों में अति लाचार वृद्धों के पास पहुंचकर सांसद प्रतिनिधि ने ठंड व मकर संक्रान्ति में चूड़ा तिलकुट और कम्बल का वितरण किया। सांसद प्रतिनिधि ईश्वर दयाल ने कहा कि नर सेवा ही नारायण सेवा है। ग्राम कबरा निवासी अजीम अंसारी कैंसर रोग से ग्रसित हैं इनका ईलाज क्रिश्चियन मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल वैलोर में चल रहा है, इनके ईलाज में सांसद सुनील कुमार सिंह से मदद करवाने के लिए अजीम के वृद्ध पिता मो. ताहीर अंसारी सांसद प्रतिनिधि ईश्वर दयाल पांडेय के घर पहुंचे थे, जहां ईश्वर दयाल पांडेय ने मानवता की मिशाल पेश करते हुए उनके ईलाज में मदद का हर संभव प्रयास का भरोसा देते हुए अजीम के वृद्ध पिता को कम्बल और चूड़ा तिलकुट दिया। जिन निस्सहाय, लाचार के घर पर पहुंच कर सांसद प्रतिनिधि ने मानवीय सेवा किया उनमें मुख्य रूप से



सूरदास बैजनाथ महतो , मसो. सखिया देवी , अनाथ बच्ची गुंजा कुमारी , मो.सलीम अंसारी (कबरा), ननक साव, मसो. सलोइया देवी, मसो. देवमणि देवी (किसुनपुर) व अन्य हैं। मौके पर विशेष रूप में भाजपा पुर्व मंडल महामंत्री उदय पांडेय, पंचायत संयोजक धनंजय पांडेय,समाजसेवी शिक्षक सह सहायक अध्यापक संघ टंडवा प्रखंड अध्यक्ष सुमन भारतीय, भाजपा मंडल कोषाध्यक्ष शिव प्रसाद गुप्ता,ओबीसी मोर्चा मंडल महामंत्री विजय साव, हेमराज साव, उपेन्द्र चौबे, राजेश तुरी, आदित्य कुमार व अन्य उपस्थित थे। चूड़ा तिलकुट और कम्बल प्राप्त करने वाले सभी वृद्धों ने सांसद प्रतिनिधि और साथ में सभी सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

### सरस्वती प्रतिमा को मूर्त रूप देने में लगे मूर्तिकार

**मरकच्चो (कोडरमा)।** विद्या की देवी मां शारदे की प्रतिमा निर्माण करने वाले कलाकारों ने प्रतिमाओं पर रंगों का ब्रश चलाना तेज कर दिया है। अब पूजा के कुछ दिन शेष रह गए हैं, ऐसे में विभिन्न स्तरों पर पूजा की तैयारी भी जोर शोर से चल रही है। हालांकि इस बार कोरोना को लेकर जारी गाइडलाइन को ध्यान में रखते हुए पूजा की तैयारी की जा रही है। मौसम के अनुकूल रहने के कारण कुम्हारों की मुर्तिया भी समय से तैयार हो चुकी है। लिहाजा मुर्तियो पर रंग-रोगन करना आसान दिख रहा है। मूर्ति निर्माण में लगे कलाकारों ने बताया कि पिछले साल की अपेक्षा पेंट की कीमतों में उछाल चमक को फीका कर दिया है। इतना ही नही पहले मिट्टी व बाद में बालू मिट्टी से मूर्ति बनाया जाता था, मगर अब महंगाई के कारण चिकनी मिट्टी से ही काम चलाना पड़ता है। पुश्तैनी धंधे को बचाने में लगा है, तो कोई आत्म संतुष्टि के लिए कला का जौहर दिखा रहा है।

# गढ़वा में ग्रामीणों ने बाइपास निर्माण रोका

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गढ़वा।** प्रखंड के ग्राम खजुरी के रैयतों ने बिना मुआवजा का भुगतान किये जिला प्रशासन द्वारा शुक्रवार से पुलिस बल का प्रयोग कर एनएच 75 का बाईपास निर्माण कार्य कराने का आरोप लगाया है। इस संबंध में खजुरी एवं बघौता के ग्रामीणों ने शनिवार को बैठक आयोजित कर आर या पार की लड़ाई लड़ने का निर्णय लिया है। ग्रामीणों ने कहा कि जिला प्रशासन शुक्रवार से ही बल प्रयोग कर कार्य कराने का प्रयास कर रहा है। जिसमें खजुरी के 35 व बघौता के चार रैयत प्रभावित हैं। इन्हें न्याय नहीं मिल पा रहा है। ग्रामीणों ने विरोध करते हुए एनएच 75 बाईपास का काम छतरपुर व खजुरी के सिवान के कार्य स्थल पर कार्य को रोक दिया। ग्रामीणों का कहना है कि बिना मुआवजा का प्रक्रिया पूरा किए दल- बल का प्रयोग कर जिला



प्रषासन इनकी जमीन लूटना चाहती है। जिला प्रशासन व वर्तमान सरकार का कार्यकलाप बिल्कुल निंदनीय है। रैयतों ने जिला प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि वन विभाग द्वारा स्पष्ट किया है कि खाता 75, प्लॉट 832 वन भूमि नहीं है। फिर भी जिला प्रशासन के पदाधिकारी संतुष्ट नहीं हुए। डीसी ने झारखंड सरकार के भू-राजस्व विभाग के सचिव कमल किशोर सोन से मार्गदर्शन भी मांगी थी। जबकि भू-राजस्व विभाग के सचिव ने अब तक कोई मार्गदर्शन नहीं दिया। इससे पूर्व जिला प्रशासन अपनी वाहवाही लूटने के लिए बिना मुआवजा भुगतान पुलिस बल के साथ काम करवाना चाहती है। ग्राम खजुरी के रैयतों ने कहा कि पदाधिकारी अपनी नाकामी व कमी को छुपाने के लिए बल प्रयोग कर काम कराने का दबाव बना रहे हैं। बैठक में

**बिना मुआवजा के जमीन लेना चाहता है जिला प्रशासन : ग्रामीण**

चिरौंजिया पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि श्रीकांत दुबे, राजेंद्र दुबे, नंदलाल दुबे, खुटखुट दुबे, शंभू दुबे, अशोक दुबे, संजय दुबे, बबन दुबे, जितेंद्र यादव, मंदीप यादव, अरविंद यादव, सूरज दुबे, उदय दुबे, मंजीत तिवारी, राकेश तिवारी, महेंद्र दुबे, हरी प्रसाद बिंद, मदन कुमार ठाकुर, रमाशंकर ठाकुर, राकेश तिवारी, कृष्णा बिंद, गोपाल ठाकुर, रंजन कुमार, एकलव्य कुमार, अविनाश कुमार, शशिकांत दुबे, कृष्णा प्रजापति, सत्येंद्र चैधरी, बलराम साव, देवेंद्र विश्वकर्मा, माणिक यादव, बहादुर साह, शशि साह, बीरेंद्र उरांव, उदय यादव, गौरी शंकर बिंद, शंकर बिंद, श्याम लाल भुइयां, नन्हकू उरांव, धनंजय बिंद, भिखारी प्रजापति, चंदन कुमार, सुरेंद्र प्रजापति सहित काफी संख्या में ग्रामीण रैयत उपस्थित थे।

## एक नजर में

### चतरा में दस दिवसीय पशु मेला शुरू



**चतरा।** गिद्धौर प्रखंड के बलबल में मकरसंक्रांति के अवसर पर लगने वाला 10 दिवसीय पशु मेला का विधिवत उद्घाटन सिमरिया विधायक किशुन कुमार दास,जिला परिषद् अध्यक्ष ममता कुमारी एवं जिला परिषद् उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी ने नारियल फोड़कर किया। इस दौरान उक्त लोगों ने मां बागेश्वरी मंदिर में पूजा-अर्चना किया। इस मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी संजीत कुमार सिंह ,चतरा विधानसभा के पूर्व विधायक जयप्रकाश भोक्ता , समाजसेवी रामदेव भोक्ता , जिला परिषद सदस्य अनिता देवी , भाजपा मंडल अध्यक्ष कपिल दांगी , भाजपा मंडल महामंत्री मनोज कुशवाहा ,मुखिया जगदिश यादव जी,कान्हाचट्टी भाजपा मंडल अध्यक्ष सतीश सिंह ,भाजपा नेता अक्षयवट पाण्डेय , बिंदेश्वरी यादव, अखिलेश दुबे ,निर्मल गोप जी, उमेश यादव सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### बिना हेलमेट वालों को पुलिस ने पहनाया माला



**चतरा।** डीसी के निर्देश पर शनिवार को शहर के जतराहीबाग चौक पर सदर थाना पुलिस सुधीर चौधरी के नेतृत्व में वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। जांच के दौरान बिना हेलमेट के बाइक सवार लोगों को पुलिस कर्मियों ने फूल माला पहनाया। साथ ही हेलमेट पहनकर यात्रा करने की अपील भी की। वहीं हेलमेट पहनकर यात्रा करने वाले लोगों को गुलाब फूल देकर सम्मानित किया। जांच कर रहे सदर थाना पुलिस सुधीर चौधरी ने बताया कि या अभियान अभी लगातार चलाया जाएगा और नियम का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के ऊपर नियमानुसार कार्रवाई भी की जाएगी। साथ ही उन्होंने वाहन चालकों से हेलमेट और वाहन से संबंधित कागजात साथ लेकर चलने की भी अपील की है। इस मौके पर थाना प्रभारी सुधीर चौधरी के साथ मो नइम अंसारी ए एस आई शशिकांत ठाकुर,सुनील सिंह,रविंद्र ठाकुर शामिल थे।

### जंगली हाथियों ने घर तोड़ा व फसलों को रौंदा



**सिमरिया (चतरा)।** प्रखंड में हाथियों का उत्पात निरंतर जारी है। शुक्रवार की रात हाथियों के झुंड ने एक बार फिर जमकर उत्पात मचाया है और एक घर को तोड़ते हुए कई एकड़ में लगी फसलों को रौंद डाला। ग्रामीणों ने बताया कि देर रात हाथियों का झुंड मुरवे गांव में घुस आया और सिकेन्द्र वर्मा का घर क्षतिग्रस्त करते हुए 20 डिसमिल में लगे मटर की खेती को रौंद डाला। हाथियों ने सुनील कुमार का 15 डिसमिल में लगा प्याज और बैद्यनाथ महतो का 30 डिसमिल में लगे मटर और सरसों के फसल को बर्बाद कर दिया। जंगली हाथियों ने बिगन महतो, शिवा महतो, धरम महतो, चुल्हन महतो, नागेश्वर महतो, अमीत महतो, राहुल कुमार आदि के फसलों को भी रौंदकर बर्बाद कर डाला। भुक्तभोगियों ने बताया कि हांथी झुंड में गांव में घुस रहा हैं और जमकर उत्पात मचा रहे हैं। उनके उत्पात से किसानों को भारी नुकसान पहूंच रहा है। जंगली हाथी लागातार गांव में घुसकर किसानों को क्षति पहुंचा रहे हैं किन्तु वन विभाग इन्हें नियंत्रित करने के कोई ठोस उपाय नहीं कर रहा है।

### नेतरहाट में सांसद खेल प्रतियोगिता 18 से



**सिमरिया/चतरा।** लातेहार जिले के नेतरहाट में सांसद खेल प्रतियोगिता 18 जनवरी से होगा। इसमें पूरे जिले से 600 प्रतिभागी हिस्सा लेंगे। इसे सफल बनाने के लिए स्थानीय किसान भवन में शनिवार को बैठक हुई। बैठक में भाजपा ऐसी महिला मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष सीमा कुमारी, सांसद प्रतिनिधि महेंद्र कुमार सिंह, रविंद्र सिंह और मंडल अध्यक्ष दयानिधि सिंह मुख्य रूप से उपस्थित हुए। प्रेसवार्ता में जिला अध्यक्ष ने कहा कि सांसद खेलो स्पर्धा निश्चित रूप से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का एक सराहनीय बड़ी पहल है और इस पहल को चतरा लोक सभा सांसद सुनील कुमार सिंह खेल स्पर्धा को पूर्ण रूप से सफल बनाने में अति महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं, ताकि ग्रामीण क्षेत्र के लोग भी अपनी प्रतिभा को निखार सके और अपनी प्रतिभा को दिखा सके। ग्रामीण क्षेत्र की प्रतिभा को निखारने के लिए सांसद पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। ताकि कल यही बच्चे राज्य से लेकर राष्ट्रीय स्तर पर जा सके।एथलेटिक्स खेल में चतरा लोकसभा के सभी प्रखंडों से पंचायत स्तर के लोग इस खेल में भाग लेंगे और भाला फेंक, गोला फेक, लंबी कूद, ऊंची कूद,100 मीटर, 400 मीटर, 800 मीटर की दौड़, रिले रेस जैसे अन्य खेलो मे भाग लेंगे और अपनी प्रतिभा को दिखाएंगे। इस खेल में कक्षा 9 से 12 बच्चे शामिल होंगे। आज टोक्यो ओलंपिक में भारत ने एक स्वर्ण, दो रजत और चार कांस्य पदकों के साथ अब तक के ओलंपिक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया।सांसद प्रतिनिधि ने कहा नेतरहाट में आयोजित प्रतियोगिता में जाने के लिए सांसद सुनील कुमार सिंह के द्वारा खिलाड़ियों के लिए बस की व्यवस्था कराई गई है।नेतरहाट में ठहरने और भोजन एनर्जी ड्रिंक फ्रूट की व्यवस्था की गई है। पूरे लोकसभा से 600 खिलाड़ी इसमें भाग लेंगे। प्रेसवार्ता में लवकुश सिंह, बॉबी सिंह, भाजयुमो जिला महामंत्री दीपक शर्मा भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष जितेंद्र यादव सहित अन्य मौजूद थे।

## स्पीड न्यूज

### अवैध शराब के साथ गिरफ्तार


शराब नष्ट करती पुलिस।

छिपादोहर। पुलिस कप्तान अंजनी अंजन के गुप्त सूचना पर छिपादोहर थाना क्षेत्र के नावाडीह में छिपादोहर पुलिस और उत्पात विभाग की टीम ने सयुंक्त छापामारी अभियान चला कर अवैध अंग्रेजी शराब के साथ एक शराब बिक्रेता को गिरफ्तार कर उत्पात विभाग की टीम आवश्यक करवाई हेतु अपने साथ ले गयी। जानकारी देते हुए छिपादोहर थाना प्रभारी अभिषेक कुमार ने बताया कि गिरफ्तार शराब माफिया संतोष प्रजापति का राशन का दुकान था राशन दुकान की आड़ में ही शराब का अवैध कारोबार चलता था। गिरफ्तार दुकानदार की निशानदेही पर 88 पीस टनका कंपनी की शराब और 4 पीस गॉडफादर कम्पनी की बियर बरामद की गई। साथ ही नावाडीह के पैनिया टोला के कई घरों में छापामारी कर 100 लीटर जावा महुआ और 55 लीटर महुवा शराब को नष्ट किया गया। छापामारी अभियान में छिपादोहर थाना प्रभारी अभिषेक कुमार, सब इंस्पेक्टर रंजित कुमार, उत्पात अवर निरीक्षक अभिषेक कुमार, विजय कुमार, ओर आइआरबी के जवान शामिल थे।

### रूद्र महायज्ञ को लेकर बैठक आज

चंदवा। स्थानीय हाईवे हिल होटल परिसर में रविवार की दोपहर 12:00 बजे दिन में रुद्र महायज्ञ को लेकर दूसरी बैठक आहूत की गई है। बैठक में चंदवा के तमाम सनातन धर्मावलंबियों को उपस्थित होने को लेकर आग्रह किया गया है। बताते चलें कि रूद्र महायज्ञ में पूरी मठ के शंकराचार्य महामंडलेश्वर निश्चलानंद सरस्वती जी के आगमन को लेकर विशेष चर्चा बैठक में की जाएगी।

### टेंपो दुर्घटनाग्रस्त, तीन घायल

बालूमाथ। बालूमाथ पांकी मुख्य पथ पर शुक्रवार देर रात पोरषम ग्राम के पास एक टेंपो अनियंत्रित होकर पलट गई। जिससे टैम्पु में सवार तीन लोग टुनु भुइया 55 वर्ष, कर्मी देवी60 वर्ष पति शनिचरा भुइयां, रेखा देवी पति जानकी भुइँया सभी ग्राम बिदिर थाना हेरहंज निवासी गंभीर रूप से हो गए। उक्त सभी लोग पांकी से अपने घर वापस लौट रहे थे इसी दौरान पोरसम ग्राम के पास यह घटना हुई। घटना के बाद सभी घायलों को ग्रामीणो की मदद से बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां डॉक्टर सुरेश राम की देखरेख में तीनों घायलों का प्राथमिक उपचार किया गया। वहीं तीनों घायलों की गंभीर स्थिति को देखते हुए रांची रिम्स रेफर कर दिया गया।

### यज्ञ की तैयारी लगभग पूर्ण

बारियातू। प्रखंड अंतर्गत डाढ़ा पंचायत स्थित श्री दुर्गा मंडप परिसर में सात दिवसीय श्रीमद्भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ की तैयारी लगभग पूर्ण हो गई है। जानकारी देते हुए श्रीमद्भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ के आयोजक शालिग्राम सिंह ने बताया कि श्रीमद्भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ श्री श्री 1008 श्री पुरुषोत्तमाचार्य जी महाराज के सानिध्य में 15 जनवरी से जलयात्रा के साथ होगी। प्रतिदिन प्रातः सात बजे से दोपहर बारह बजे तक संस्कृत में पाठ परायण, संध्या चार बजे से रात्रि 09 बजे तक हिंदी में प्रवचन, भजन व आरती के पश्चात प्रसाद का वितरण होगा। 21 जनवरी को श्रीमद्भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ की पूणार्हुति के पश्चात भंडारा व महाप्रसाद का वितरण किया जाएगा।

### संत रविदास जयंती महोत्सव मनाने को लेकर बैठक संपन्न

बारियातू। प्रखंड के टोंटी पंचायत अंतर्गत ग्राम इटके के कटहल टोला स्थित रविदास जयंती स्थल परिसर में शनिवार को बैठक ग्राम प्रधान सकिंन्द्र राम की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में संत रविदास जयंती महोत्सव धूम धाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाने का निर्णय लिया गया। वहीं रविदास जयंती का सफल संचालन के लिए कमेटी का गठन भी किया गया। बैठक में उपस्थित समाज के लोगों को अध्यक्षता कर रहे श्री राम ने संबोधित करते हुए कहा कि रविदास जी का जन्म सन 1450 में वाराणसी के सीर गोवर्धनपूर गांव में हुआ था। वे कबीर जी के समकालीन थे और वे अध्यात्मिकता के खिलाफ काम करने के कारण पुजनिय थे। इस वर्ष 5 फरवरी रविवार को पूर्णिमा हो रहा है। इसलिए 5 फरवरी को धूम धाम व हर्षोल्लास के साथ जयंती मनाया जाएगा। इसके पश्चात जयंती की तैयारी एवं सफल संचालन के लिए सर्वसम्मिति से कैलाश राम को अध्यक्ष बनवारी राम को सचिव, सुरेन्द्र राम को कोषाध्यक्ष जबकि राम चरित्र राम को उप कोषाध्यक्ष चुना गया। वहीं बीस लोग कार्यकारिणी सदस्य बनाए गए। मौके पे अजय राम, सुनील राम, पंकज राम, भुनेश्वर राम, महेंद्र राम, शंभु राम, प्रदीप राम, कुलदीप राम, सुरेश राम, संतोष, सोनु राम, साहेब राम, वकिल राम सहित कई समाज के लोग मौजूद थे।

### यातायात जागरूकता अभियान

बालूमाथ। लातेहार उपायुक्त भोर सिंह यादव के निर्देश पर जिला परिवहन विभाग द्वारा चलाये जा रहे यातायात जागरूकता अभियान के तहत शनिवार को बालूमाथ-रांची एनएच 22 मुख्य पथ पर थाना चौक में सड़क पर यमराज का भेष धरे कलाकर सड़क पर उतरे और बिना हेमलमेट पहने वाहन चलाने वालों को हेमलमेट पहनने की सलाह दी। साथ ही इससे दुर्घटना से बचाव की जानकारी दी। वहीं बिना हेलमेट वालों को दुर्घटना के दौरान सिर में लगने वाले चोट की जानकारी दिया और कार चालकों को सीट बेल्ट लगाने के लिए प्रेरित किया गया। वही यादव कला जत्था की ओर से नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। जिसमें कलाकरों ने मांदर की थाप एवं गायन और नाटक से संदेश दिया। गाड़ी जब चलाना मोबाइल न चलाना एवं कहा कि जीवन अनमोल है जिसकी क्षतिपूर्ति नहीं की जा सकती, मोटरसाईकल चलाते समय हेलमेट और कार चलाते समय सीट बेल्ट अवश्य लगाए। शराब पीकर वाहन बिल्कुल ना चलाये। मौके पर बालूमाथ थाना एसआई केके शर्मा, कलाकर नागेश्वर यादव, राहुल कुमार, देवेंद्र यादव, रमेश बैठा, एतवा उराँव, रीना देवी, संध्या देवी, विनीता देवी सहित कई लोग उपस्थित थे।

## श्री शनि देव मंदिर के तृतीय वार्षिकोत्सव में विशाल भंडारे का हुआ आयोजन

# विधायक बैद्यनाथ राम ने दीप प्रज्वलित कर भंडारे की शुरुआत की

→ विधायक ने भंडारे में प्रसाद ग्रहण कर जीवन को सुखमय बनाने की कही बात

खबर मन्त्र संवाददाता


फीता काटकर शुभारंभ करते विधायक बैद्यनाथ राम।


प्रसाद ग्रहण करने के लिए उमड़े श्रद्धालु।

लातेहार। शिव शनि देव मंदिर के तृतीय वार्षिकोत्सव शनिवार को अभिषेक पूजन एवं भंडारे के साथ संपन्न हो गया। वार्षिकोत्सव को लेकर आयोजित दो दिवसीय कार्यक्रम के तहत दूसरे दिन शनिवार को सबसे पहले शनि देव भगवान का अभिषेक किया गया। इसके पश्चात विधि विधान से पूजा एवं आरती की गई। इसके पश्चात भंडारा आयोजित किया गया। भंडारे की शुरूआत लातेहार विधायक बैद्यनाथ राम ने दीप प्रज्वलित कर किया। भंडारे की शुरूआत करते हुए उन्होंने कहा कि सच्चे हृदय में ही भगवान वास करते हैं। शनि देव की महिमा अपरंपार है, यह न्याय प्रिय देवता है, भंडारे में प्रसाद ग्रहण कर जीवन को सुखमय बनाने की बात कही। शिव शनि देव मंदिर के अध्यक्ष निर्मल महलका ने कहा कि भगवान शनिदेव की कृपा से ही तृतीय वार्षिकोत्सव सफलतापूर्वक संपन्न हो गया। उन्होंने वार्षिकोत्सव सफलतापूर्वक संपन्न होने पर नगर वासियों को साधुवाद दिया। उन्होंने कहा कि भक्तों के कारण ही शिव शनिदेव महाराज जी का मंदिर निर्माण किया गया था और इनके सहयोग से ही तृतीय वार्षिकोत्सव सफलतापूर्वक संपन्न हो गया। इसके लिए भक्तों को तहे दिल से शुभकामना देता हूं। मौके एसडीपीओ संतोष मिश्रा, प्रमोद सिंह, मंदिर के अध्यक्ष निर्मल महलका, यजमान ज्योति अग्रवाल, अंकित पांडेय, कृष्णा प्रसाद, मुरली अग्रवाल, राजेश अग्रवाल, धीरेंद्र सिंह, सुनील शौडिक, उज्जवल पांडेय, अरबिंद पाठक, शंकर साव, मनोज कुमार, विजय प्रसाद, सुदामा प्रसाद गुप्ता, कन्हाई पासवान, राजेन्द्र पासवान समेत बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

**शनिदेव के प्रसाद ग्रहण करने को लेकर भक्तों का तांता**

शिव शनिदेव मंदिर तृतिया वार्षिक पर आयोजित भंडारा में प्रसाद ग्रहण करने को लेकर भक्तों का तांता लगा था भंडारे में हजारों भक्तों ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया।

## विधिक जागरूकता शिविर में दी गयी हक और अधिकार की जानकारी

# सड़क हादसे में पीड़ितों को मिलेगा मुआवजा: राकेश सहाय

खबर मन्त्र संवाददाता


कार्यक्रम को संबोधित करते बीडीओ।

बरवाडीह। प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर में शनिवार को विधिक सेवा प्राधिकार लातेहार के तहत जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में पारालीगल वोलेंटियर नीतीश पाठक के साथ-साथ प्रखण्ड विकास पदाधिकारी राकेश सहाय ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर शिविर का उदघाटन किया। शिविर में सरकार की ओर से जनहित में संचालित तमाम विकास योजनाओं और स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी दी गई। जहां बीडीओ राकेश सहाय ने उपस्थित लोगों को बताया कि सड़क दुर्घटना में अगर किसी व्यक्ति की मृत्यु हो जाती है, तो उसे सरकार की ओर से किस प्रकार लाभ मिलने का प्रावधान है। बताया कि सड़क दुर्घटना में मृत्यु होने के बाद जिला प्रशासन की ओर से दो लाख और अंचल की ओर से एक लाख तक मुआवजा दिए जाने का प्रावधान है। इसके अलावा आपदा प्रबंधन के द्वारा भी पीड़ित के परिजनों को मुआवजा दिया जाता है। दुर्घटना के बाद थाना में होने वाले एमवी केस के तहत सिविल कोर्ट से भी पीड़ित परिजनों को मुआवजा दिया जाता है। जिला विधिक सेवा प्राधिकार वैसे लोगों का मुकदमा निशुल्क लड़ता है। वहीं बीडीओ ने आमजनों से अपील करते हुए कहा कि भूमि के उतराधिकारी को लेकर लोग अंचल में अपना आवेदन करा सकते हैं। जिन घरों में शौचालय नहीं है, वैसे लाभुक जल सहिया को आवेदन देकर इसका लाभ ले सकते है। बीडीओ ने बताया की राइट टू एजुकेशन के तहत गरीब परिवार के बच्चों को भी प्राइवेट विद्यालयों में निशुल्क शिक्षा प्राप्त करने का हक है। मनरेगा के तहत मिलने वाले कार्यों की जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि लोग मनरेगा से कार्य के लिए मनरेगा कर्मियों से संपर्क कर सकते है। अगर 15 दिनों के अंदर उनके गांव में काम नहीं मिला तो वैसे लोगों को प्रखंड कार्यालय मुआवजा देगी। मौके पर मनरेगा बीपीओ मनीष कुमार सहित कई ग्रामीण और महिलाएं उपस्थित थे।

### छात्रों के लिए आवासीय प्रशिक्षण हुआ समाप्त


प्रशिक्षण में उपस्थित लोग।

लातेहार। रांची में लातेहार जिले के चालीस शिक्षको का चार दिवसीय एफएलएन मूलभूत साक्षरता एवं संख्यात्मकता वर्ग एक से तीन तक के छात्रों ले लिए आवासीय प्रशिक्षण समाप्त हो गया। राज्य स्तर के प्रशिक्षकों अमरेंद्र नारायण, दिनेश कुमार शुक्ला, स्वेता शर्मा, रीना कुमारी, दीपक खलखो आदि के द्वारा दिया गया। लातेहार जिले से राज्य स्तरीय प्रशिक्षण में जाने वालो में ज्योति चौधरी, रॉबर्ट टोपनो, अतुल कुमार, अनूप कुमार, अनूपा मिंज, कन्हाई राम, मो. अकरम राजा, मो. इरफान, संतोष पाण्डेय, उदयवीर, सबनम, कमाल, नितेश कुमार सिंह, मिथलेश शुक्ला, रामपति कुमारी, वीणा कुमारी, अजय पाठक, उत्तम कुमार पांडेय, सोनम स्वेता तिर्की, सुजीत मिंज, संगीता कुमारी आदि शामिल है। जिला कार्यालय के एपीओ मनोज कुमार मिश्र ने बताया की उक्त सभी मास्टर ट्रेनर अब लातेहार जिले के सभी प्रखंडों में सभी शिक्षको को एफएलएम का प्रशिक्षण देकर दक्ष बनाने का कार्य करेंगे और फिर प्रशिक्षण प्राप्त कर शिक्षक अपने-अपने विद्यालय में वर्ग एक से तीन तक के छात्रों को लाभान्वित करने का कार्य करेंगे। सभी शिक्षको में डाइट में सारी व्यवस्था पर संतोष व्यक्त करते हुए जेसीईआरटी के पदाधिकारी एवं सभी प्रशिक्षकों के प्रति आभार व्यक्त किया है।


### सड़क सुरक्षा जगत जागरूकता कार्यक्रम


गुलाब फूल देते इंस्पेटर अमित कुमार गुप्ता।

चंदवा। जिले में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं पर लगाम लगाने को लेकर उपायुक्त भोर सिंह यादव व जिला परिवहन पदाधिकारी संतोष कुमार सिंह निदेर्शानुसार सड़क सुरक्षा की टीम के द्वारा चंदवा में जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया। इस दौरान परिवहन विभाग की टीम के द्वारा दो पहिया वाहन चालकों को अनिवार्य रूप से हेलमेट का उपयोग करने को लेकर जागरूक किया गया। इस दौरान नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा के प्रति जागरुक भी किया गया। नुक्कड़ नाटक टीम के यमराज के द्वारा जो लोग बिना हेलमेट के बाइक चला रहे थे उन्हें माला पहनाया गया वहीं हेलमेट लगाकर बाइक चला रहे लोगों को गुलाब फूल देकर सम्मानित किया गया। लोगों से अपील की गई कि सड़क दुर्घटना में घायल का वीडियो फोटो बनाने के बजाए तत्काल मदद पहुंचाने का प्रयास करें ताकि उसका जान बच सके। सरकार द्वारा अस्पताल पहुंचाने वाले इंसान को 5 हजार रुपये का पुरस्कार दिए जाने की भी बात कही गयी। इस दौरान लोगों से शराब पीकर वाहन न चलाने की भी अपील की गई। अभियान में इंस्पेक्टर, अमित कुमार गुप्ता, एएसआई सुनील कुमार राय, सड़क सुरक्षा टीम के आईटी मैनेजर तनवीर आलम समेत अन्य लोग शामिल थे।

## रांची से नेतरहाट घूमने गये छात्रों की कार खाई में गिरी, दो की मौत, तीन घायल

खबर मन्त्र संवाददाता


मिलेट्री मोड़।

महुआडांड़। प्रखंड के नेतरहाट घाटी स्थित मिलिट्री मोड़ के पास शुक्रवार की देर रात एक पर्यटक कार खाई में गिर जाने से मौके पर दो लोगों की मौत हो गई। वहीं कार में सवार 3 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों मृतकों और सभी घायलों को रात में ही 108 एंबुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिशुनपुर लाया गया। जहां पर धनबाद निवासी आरजू बॉस (20 वर्ष) एवं शिवराम सत्यम (20 वर्ष) को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। घायल मंडल, प्रीतम कुमार और राहुल शर्मा को प्राथमिक उपचार करने के बाद बेहतर ईलाज के लिए सदर अस्पताल गुमला भेज दिया गया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार, धनबाद निवासी आरजू बॉस, शिवराम सत्यम, करण मंडल, प्रीतम कुमार, राहुल शर्मा एवं एक अन्य कुडू निवासी युवक रांची में रहकर पढ़ाई कर रहे थे। शुक्रवार की शाम सभी दोस्तों ने मिलकर नेतरहाट जाने का निर्णय लिए और वे रात को ही एक गाड़ी में सवार होकर नेतरहाट के लिए निकल गए। जैसे ही वे लोग रात के लगभग 11:00 बजे नेतरहाट घाटी के मिलिट्री मोड़ से आगे बढ़े तीखा मोड़ होने के कारण उन्हें पता नहीं चला और गाड़ी सीधे लगभग 150 फीट नीचे खाई में जा गिरा। घटना के बाद दो युवक किसी प्रकार खाई से ऊपर सड़क तक पहुंचे और एक युवक जो कुडू का रहने वाला था वह अपने परिजनों को दूरभाष के माध्यम से घटना की सूचना दी। साथ ही लाइव लोकेशन भेज कर घटनास्थल की जानकारी दी। जिसके बाद परिजन के द्वारा गुरदरी पुलिस एवं 108 एंबुलेंस को घटना की जानकारी दी गई। जहां से सभी घायल एवं मृतक को रिसक्यू कर 108 एंबुलेंस की सहायता से रात के 1:30 बजे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिशुनपुर लाया गया।

### 170 गांवों में जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में जागरूकता शिविर का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता

लातेहार। नालसा नई दिल्ली एवं झालसा रॉची के निदेर्शानुसार 14 जनवरी और 15 जनवरी 2023 को दिशा योजना के अंतर्गत लातेहार जिला के सभी गांवों में विशेष जागरूकता शिविर का आयोजन किया जाना है। शनिवार को लातेहार जिला अंतर्गत 15 पंचायतों के लगभग 170 गांवों में नालसा, नई दिल्ली एवं झालसा रांची के निदेर्शानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लातेहार के तत्वावधान में दिशा योजना के अर्न्तगत विशेष जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित वक्ताओं ने ग्रामीणों को सरकार एवं न्यायपालिका द्वारा दिये जाने वाली सहायताओं एवं सुविधाओं की विस्तृत जानकारीयां दी। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में जिला प्रशासन का भरपुर सहयोग रहा। कार्यक्रम के दौरान विक्टिम कंपनसेशन, महिला सशक्तिकरण, स्वास्थ्य, शिक्षा, नालसा के दस योजनाओं योजना तस्करी और वाणिज्यिक यौन शोषण पीड़ितो के लिए विधिक सेवाऐं, असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के लिए विधिक सेवाऐं, बच्चों को मैत्रीपूर्ण विधिक सेवाऐं और उनके संरक्षण के लिए, मानसिक रूप से बीमार और मानसिक रूप से विकलांग व्यक्तियों के लिए विधिक सेवाऐं, गरीबी उन्मूलन योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन, आदिवासियों के अधिकारों का संरक्षण और प्रवर्तन, नशा पीड़ितों को विधिक सेवाऐं एवं नशा उन्मूलन के लिए विधिक सेवाऐं योजना 2015, (तेजाब हमले से पीड़ित, वरीय नागरिक को विधिक सहायता, आपदा पीड़ित योजना एवं बाल विवाह, शिक्षा अधिकार अधिनियम, डायन-भुत अधिनियम इत्यादि पर भी व्याख्यान किया गया। वक्ताओं ने बताया कि इस प्रकार के कार्यक्रम का आयोजन होते रहने से लोगों में सामाजिक कर्तव्यों के प्रति जागरुकता भी बढेगी।

## दोमुहान में मकर सक्रांति के अवसर पर दो दिवसीय वार्षिक मेले का आयोजन

# ग्रामीणों ने नदी में स्नान कर पूजा-अर्चना किया

खबर मन्त्र संवाददाता


मेला समिति के लोग।

मनिका। मनिका प्रखंड मुख्यालय अंतर्गत स्थित दोमुहान नदी के संगम तट पर दिन शनिवार को मकर सक्रांति के शुभ अवसर पर दो दिवसीय वार्षिक मेला का आयोजन किया गया। जहां पर लोगों के जरूरत से जुड़ी सभी प्रकार की सामग्री बेचे जा रहे थे। वहीं बच्चों के मनोरंजन के लिए कई तरह की छोटे-छोटे झूलन भी लगाए गए हैं। मेले में घूमने आए लोगों को किसी तरह की परेशानी ना हो इसके लिए मेला समिति के सदस्यों के द्वारा पूरा ध्यान रखा गया है। दोमुहान नदी के संगम तट पर कई वर्षों पूर्व से मकर सक्रांति के अवसर पर दो दिवसीय वार्षिक मेला का आयोजन होता है। जहां पर लातेहार जिले के अलावा दूरदराज के जिलों से भी लोग आते हैं। आज मकर सक्रांति पर्व को लेकर दोमुहान नदी के तट पर सुबह से ही लोगों की भीड़ लगी रही। लोगों ने नदी में स्नान कर विधि-विधान पूर्वक पूजा अर्चना किया और मकर संक्रांति पर्व के परंपरा के अनुसार दान पुण्य कर पावन संगम स्थल पर बैठ के तिल, गुड़, चूड़ा इत्यादि का अपने मित्रों एवं परिजनों के साथ सामूहिक रूप से सेवन किए। मेला में भक्तिमय माहौल बनाने हेतु मंदिर परिसर में स्थानीय कलाकारों के द्वारा अखंड कीर्तन कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया है। वहीं मेला समिति दोमुहान के सदस्यों के द्वारा दो दिवसीय मेला को सफलतापूर्वक संपन्न करवाने हेतु कड़ी निगरानी की जा रही थी। ज्यादा भीड़ होने की वजह से कई लोगों के बच्चे अपने परिजनों से बिछड़ गए थे। मेला समिति के सदस्यों ने परिजनों को मंच पर बुलाकर बच्चों को सौंपने का काम किया। मौके पर सीआई महेश सिंह, कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र पासवान, गंगेश्वर यादव, दिवाकर यादव, बरतु उरांव, समेत सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

### मकर संक्रांति के अवसर पर मेले का आयोजन


मेले का फीता काटकर उद्घाटन करते मुखिया व अन्य।

➲ पंचायत के मुखिया बुद्धेश्वर सिंह ने फीता काटकर किया मेले का उद्घाटन

बेतला। बरवाडीह प्रखंड के केचकी पंचायत अंतर्गत लगने वाले हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी मकर संक्रांति के अवसर पर दो दिवसीय मेले का आयोजन किया गया। जिसमें मुखिया बुद्धेश्वर सिंह ने फीता काटकर उद्घाटन किया। इस दौरान पलामू लातेहार सीमावर्ती क्षेत्र औरंगा कोयल संगम मेले का आयोजन किया जाता है। जिसमें सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया जाता है। पलामू लातेहार के गानों से दर्शकों को खूब लुभाते हैं। कोरोना काल के दौरान मेले का आयोजन फीका पड़ गया था। लेकिन इस वर्ष मेले में अत्यधिक भीड़ होने के कारण दुकानदारों को काफी आमदनी होने की संभावना है। मेले की आयोजन शांतिपूर्ण संपन्न कराने को लेकर के लातेहार जिले के बरवाडीह प्रखंड प्रसासन एवं पुलिस प्रशासन सक्रिय रूप से अपनी भूमिका निभा रहे हैं।

# तेजस्विनी कर्मियों को नहीं मिला सात महीने से मानदेय

## 16 जनवरी से अपने-अपने घर से यथासंभव कार्य का करेंगे निष्पादन

संजय राम


जानकारी देते तेजस्वीन कर्मी।

बारियातू। लातेहार तेजस्विनी परियोजना के सभी तेजस्विनी कर्मी मानदेय के आधार पर ईमानदारी पूर्वक काम करते आ रहे हैं। परन्तु पिछले सात माह से मानदेय पर ग्रहण लग गया है। जिसके कारण परिवार का भरण पोषण सहित निजी कार्यों का बोझ बढ़ गया है। मिली जानकारी के मुताबिक बीसी, एफसी, सीसी, वाईएफ सहित अन्य तेजस्वीनी कर्मियों ने विभाग के मुताबिक अपने अपने दायित्व का ससमय निर्वाहन करते आ रहे हैं। परंतु बिते जून 2022 से दिसंबर 2022 तक का बकाया मानदेय राशि का भुगतान नही किया गया है। जिससे कर्मियों को कार्य करने में काफी परेशानी हो रही है। सभी कर्मियों सम्बंधित विभाग से आश्रित रहते हैं। लेकिन पिछले सात महीने से मानदेय मे ग्रहण लगने के कारण आर्थिक स्थिति खराब होते जा रहा है। जिसके कारण परिवार के सामने बड़ी समस्या उत्पन्न हो चुकी है। कई कर्मियों ने बताया की मानदेय नहीं मिलने के कारण लेन देन व कर्ज का बोझ बढ़ते जा रहा है। अध्यक्ष रविंद्र कुमार, सचिव प्रेम शंकर सिंह, कोषाध्यक्ष विद्या भूषण सिंन्हा, मिडिया प्रभारी ज्योऊल्क अंसारी सहित ईश्वर कुमार रवि ने विभाग से पिछले बकाया मानदेय दिलाने की आग्रह किया है।

**सात महीने से मानदेय भुगतान नहीं होना दुर्भाग्यपूर्ण : कर्मी**

अविलंब बकाया मानदेय राशि नहीं मिलने पर तेजस्विनी कर्मचारी संघ जिला लातेहार ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया है की जनवरी तक सभी तेजस्विनी परियोजना कर्मी सुचारू रूप से कार्य करते रहेंगे। साथ ही बकाया मानदेय प्राप्त करने की प्रतीक्षा करेंगे। यदि 15 जनवरी तक बकाया मानदेय भुगतान नही की गईं तो सभी लातेहार के तेजस्विनी परियोजना कर्मी परियोजना हित को ध्यान मे रखते हुए 16 जनवरी से अपने-अपने घर से यथा संभव कार्य का निष्पादन करेंगे। उपरोक्त जानकारी तेजस्विनी कर्मचारी संघ लातेहार ने (सीएसपी) हुमाना पीपल टू पीपल इंडिया और (डीआरआईयु) टीम ने दी है। वहीं मानदेय भुगतान मे विलम्ब के सम्बन्ध मे पीडी प्रोजेक्ट डायरेक्टर छविरंजन से सभी तेजस्विनी कर्मी ने कहा की तेजस्विनी कर्मी समाज की विकास व शसक्तिकरण का कार्य करते हैं। पिछले सात महीने से मानदेय भुगतान नहीं होना दुर्भाग्य पूर्ण है।

### मकर संक्रांति पर लगा मेला


मेले में उपस्थित लोग।

चंदवा। प्रखंड के माल्हन पंचायत अंतर्गत माल्हन पहाड़ में शिव माल्हनेश्वर धाम प्रांगण में मकर सक्रांति के अवसर पर कोहवार बाबा पहाड़ समिति के द्वारा जतरा का अयोजन किया गया। जतरा का उद्घाटन मुख्य अतिथि माल्हन पंचायत मुखिया जतरू कुमार मुंडा ने किया।श्री मुंडा ने कहा की माल्हन पंचायत के माल्हनेश्वर जतरा 4 सालों से लगातार लगते आ रही है, जिसको देखने दूर दूर से लोग आते हैं साथ ही धाम में शिव जी और बजरंग बली का दर्शन करते हैं। मौके पर पुरन महतो, अजीत मुंडा, अनिल भगत, रमेश मुंडा, अबुल अंसारी,रामबचन देव कुमार गंझू, करमा गंझू, भीम गंझू, जयमंगल गंझू, कलेश्वर गंझू, प्रकाश गंझू, मनोज लोहरा समेत सैकड़ो लोग मौजुद थे।

# हरिद्वार में गंगा स्नान, श्रद्धालुओं ने लगायी पुण्य की डुबकी



हरिद्वार में मकर संक्रांति की डुबकी के लिए आस्था का रेला उमड़ पड़ा। कड़ाके की ठंड में श्रद्धालुओं ने गंगा में पुण्य की डुबकी लगाई। गंगा घाटों पर मकर संक्रांति स्नान की तैयारियों को देर शाम अंतिम रूप दे दिया गया था। सूर्य के उत्तरायण होने पर देश के कोने-कोने से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए घाटों पर डुबकी लगाने की व्यवस्था की गई है। इस बार भी मकर संक्रांति की डुबकी दो दिन लगेगी। शनिवार की रात सूर्य उत्तरायण हो रहे है, स्नान सुबह से ही आरंभ हो जाएगा। लेकिन, पुण्यकाल की मान्यता रखने वाले रविवार को संक्रांति की डुबकी लगाएंगे।

# अमित शाह ने समर्थकों संग छत पर उड़ाई पतंग



**अहमदाबाद।** गुजरात में शनिवार को उत्तरायण उत्सव के मौके पर पतंग उड़ाने के लिए बड़ी संख्या में लोग अपने घर की छतों और खुले मैदानों में उमड़ पड़े। केंद्रीय मंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल भी अपने परिवार के साथ इस उत्सव में शामिल हुए। इस मौके पर आसमान रंग-बिरंगी पतंगों से भर गया और लोगों ने संगीत सुनते हुए फाफड़ा-जलेबी, उंधियू और चिक्की जैसे व्यंजनों का आनंद लिया। अमित शाह ने अहमदाबाद के वेजलपुर इलाके में अपने परिवार, मित्रों तथा पार्टी नेताओं के साथ यह त्योहार मनाया। उन्होंने अपने परिवार के सदस्यों के साथ यहां जगन्नाथ मंदिर में पूजा-अर्चना की। बाद में वह और उनकी पत्नी वेजलपुर की एक आवासीय सोसाइटी गए जहां उन्होंने स्थानीय भाजपा नेताओं और समर्थकों के साथ एक इमारत की छत पर पतंग उड़ाई।

## स्पीड न्यूज

### तारक मेहता का उल्टा चश्मा फेम सुनील होलकर का निधन



**मुंबई।** मनोरंजन जगत से शनिवार को एक बेहद दुखद खबर सुनने को मिला। टीवी शो 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' फेम सुनील होलकर का निधन हो गया। एक्टर महज 40 की उम्र में दुनिया को अलविदा कह गए है। उनके देहांत से फिल्म और टीवी इंडस्ट्री में शोक की लहर दौड़ गई है।

### दिल्ली के भलस्वा में दो हथगोले बरामद

**नयी दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार किए जाने के कुछ दिनों बाद, भलस्वा डेयरी इलाके में उनके किराए के आवास से दो हथगोले बरामद किए हैं। आरोपी जगजीत उर्फ जस्सा और नौशाद को 14 दिन की पुलिस रिमांड पर लिया गया है।

### सोमवार से भाजपा राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक

**नयी दिल्ली।** भाजपा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की सोमवार को शुरू होने जा रही दो दिवसीय बैठक में पार्टी इस वर्ष होने वाले नौ राज्यों के विधानसभा चुनावों और अगले वर्ष लोकसभा चुनावों के एजेंडे पर चर्चा होने की संभावना है।

### एसबीआइ ने महंगा किया कर्ज

**मुंबई।** देश के सबसे बड़े सरकारी बैंक एसबीआई ने अपने करोड़ों ग्राहकों को तगड़ा झटका दिया है। बैंक ने अपनी एक साल की अवधि के लोन पर मार्जिनल कॉस्ट बेस्ड लैंडिंग रेट बढ़ाने का फैसला किया है। अब बैंक से लोन लेना महंगा हो जाएगा। बैंक की नई दरें 15 जनवरी, 2022 से लागू होंगी।

# भारतीय सेना दुनिया में सर्वश्रेष्ठ : सेना प्रमुख

## किसी भी चुनौती का सामना करने के लिए तैयार

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे ने शनिवार को कहा कि भारतीय सशस्त्र बल दुनिया के सर्वश्रेष्ठ बलों में से एक है। उन्होंने कहा कि भारतीय सशस्त्र बल अत्यधिक पेशेवर हैं और भूतपूर्व सैनिकों के अदम्य साहस और उनके बलिदान के कारण यह बल दुनिया के सर्वश्रेष्ठ में शुमार है। जनरल पांडे ने सातवें सशस्त्र बल भूतपूर्व सैनिक दिवस कार्यक्रम के अवसर पर भूतपूर्व सैनिकों को संबोधित करते हुए कहा कि भूतपूर्व सैनिकों के योगदान से प्रेरित होकर, सशस्त्र बलों के तीनों अंग 'किसी भी चुनौती का सामना करने के लिए तैयार हैं।' मानेकशॉ सेंटर में आयोजित समारोह के दौरान सेना प्रमुख के साथ वायुसेना प्रमुख एयर



चीफ मार्शल वी आर चौधरी और नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार ने भी मंच साझा किया। समारोह स्थल पर सेना के तीनों अंगों के बड़ी संख्या में भूतपूर्व सैनिक भी मौजूद थे।

पांडे ने कहा, 'आज हमारे सशस्त्र बलों की गिनती दुनिया के सर्वश्रेष्ठ और अत्यधिक पेशेवर बलों में होती है। यह पहचान (सेनाओं की) आपके बलिदान, अदम्य साहस और कठिन परिश्रम का परिणाम है। इससे प्रेरित होकर, सशस्त्र सेना के तीनों अंग किसी भी चुनौती का सामना करने के लिए तैयार हैं।'

नौसेना प्रमुख ने अपने संबोधन में कहा, 'आज के सशस्त्र बल हमारे प्रत्येक भूतपूर्व सैनिक के प्रयासों, दूरदर्शी नेतृत्व, आकांक्षाओं और निःस्वार्थ प्रयासों का परिणाम हैं।'

### वायुसेना आपकी भलाई के लिए प्रतिबद्ध

वायुसेना प्रमुख ने इस अवसर पर कहा, 'हम अपने वायुसैनिकों को आश्वस्त करना चाहते हैं कि भारतीय वायुसेना आपकी भलाई के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है।' यह गर्व की बात है कि सशस्त्र बलों के भूतपूर्व सैनिक राष्ट्र की प्रगति के लिए विभिन्न क्षेत्रों में बहुमूल्य योगदान दे रहे हैं। 'सशस्त्र बल भूतपूर्व सैनिक दिवस' 14 जनवरी को मनाया जाता है। वर्ष 1953 में इसी दिन भारतीय सेना के पहले भारतीय कमांडर-इन-चीफ फील्ड मार्शल के एम करिअप्पा औपचारिक रूप से सेवानिवृत्त हुए थे। पहला सशस्त्र बल भूतपूर्व सैनिक दिवस 14 जनवरी, 2016 को मनाया गया था।

### महिला किसी की जागीर नहीं है : सुप्रीम कोर्ट

**नयी दिल्ली।** 'महिला की अपनी एक पहचान होती है और वह संपत्ति नहीं है।' सुप्रीम कोर्ट ने यह कहते हुए सिक्किम में लागू आयकर अधिनियम को भेदभावपूर्ण बताया है। कोर्ट ने सिक्किम में अप्रैल 2008 के बाद राज्य के बाहर के व्यक्तियों से शादी करने वाली महिलाओं को इनकम टैक्स छूट के लिए अपात्र बताने वाले नियम को असंवैधानिक बताया।

### राजद दफ्तर में लगा नीतीश का पोस्टर, पीएम मोदी की तुलना रावण-कंस से

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को जल्द से जल्द दिल्ली के लिए कूच कराने का इरादा राष्ट्रीय जनता दल में गजब तरीके से झलक उठा है। दूसरी बार मुख्यमंत्री नीतीश कुमार राजद के साथ बिहार में महागठबंधन सरकार के मुखिया हैं, लेकिन पहली बार उनका पोस्टर राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश कार्यालय में लगा है। इस पोस्टर में सीएम नीतीश कुमार की तुलना भगवान राम और कृष्ण से की गई है, जबकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तुलना राक्षसराज रावण और कंस से की गई है।

# बलूचिस्तान, पीओके और सिंध में सड़क पर उतरे लोग

एजेंसी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में सबकुछ ठीक नहीं है। महंगाई, भुखमरी से जूझ रहा पाकिस्तान के इलाकों में लोग सड़क पर उतर आए हैं। पाकिस्तान सरकार के खिलाफ प्रदर्शन हो रहे हैं। पीओके के गिलगित बाल्टिस्तान में तो लोग भारत के साथ जुड़ने की मांग कर रहे हैं। सिंध में तो पिछले दिनों वहां लोगों ने भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तस्वीर के साथ पाकिस्तान सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। इसी तरह के प्रदर्शन बलूचिस्तान में भी हो रहे हैं।

**गिलगित बाल्टिस्तान के लोगों भारत के साथ जुड़ना चाहते हैं**

पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) के गिलगित बाल्टिस्तान में हजारों की संख्या में लोग सड़क पर उतर आए हैं। वहां पिछले 12 दिन से पाकिस्तान सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन चल रहा है।

स्थानीय लोगों ने पाकिस्तान सरकार के खिलाफ नारेबाजी करके भारत के लद्दाख से गिलगित बाल्टिस्तान को जोड़ने की मांग की है। इसके कई वीडियो भी सामने आ चुके हैं। एक वीडियो में मांग की जा रही है कि कारगिल सड़क को फिर से खोला जाए और भारत के केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख के कारगिल जिले में बाल्टिस्तान को दोबारा से मिलाया जाए। पूरे पीओके में इस तरह के कई विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। वहां के लोगों का आरोप है कि पाकिस्तान की सरकार भेदभाव करती है। वहां के लोगों को राशन मुहैया नहीं कराया जाता। जमीनों पर सरकार अवैध तरीके से कब्जा कर रही है और प्राकृतिक संसाधनों का अतिदोहन किया रहा है। पीओके में रहने वाले बच्चों के लिए स्कूल-कॉलेज नहीं है। अस्पताल नहीं है और जहां हैं, वहां सही से इलाज नहीं मिलता।

### सिंध में मोदी के समर्थन में नारेबाजी

सिंध में भी पीओके की तरह लोग आए दिन सड़क पर उतर रहे हैं। पिछले दिनों यहां लोगों ने भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तस्वीर के साथ पाक सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। पीएम मोदी की फोटो के साथ लोगों ने लिखा था कि नरेंद्र मोदी जी, पाकिस्तान से सिंध आजाद होना चाहता है। कृपया सिंध के लोगों की मदद करें।

## कांग्रेस सांसद संतोख सिंह का निधन भारत जोड़ो यात्रा में बिगड़ी थी तबीयत



जालंधर से कांग्रेस सांसद संतोख सिंह चौधरी का निधन हो गया है। वह राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा में शामिल हुए थे, जहां उनकी तबीयत बिगड़ गई थी। इसके बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था। कांग्रेस सांसद के निधन की खबर मिलते ही राहुल गांधी ने अपनी भारत जोड़ो यात्रा रोक दी है। वह सीधे अस्पताल पहुंचे, जहां उन्होंने कांग्रेस सांसद के परिजनों को सांत्वना दी।

### शरद यादव पंचतत्व में विलीन, बेटे और बेटी ने दी पिता को मुखाग्नि

**नर्मदापुरम।** पूर्व केंद्रीय मंत्री शरद यादव का मध्य प्रदेश के नर्मदापुरम जिले के उनके गृह ग्राम आंखमऊ में पूरे राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया है, शरद यादव को उनके बेटे बेटी सुभासिनी और बेटे शांतनु ने एक साथ मुखाग्नि दी। इससे पहले उनकी पार्थिव देह को दिल्ली से भोपाल लाया गया, जहां सीएम शिवराज पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह आदि ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। बता दें कि पूर्व केंद्रीय मंत्री और दिग्गज समाजवादी नेता शरद यादव का निधन 75 साल की उम्र में गुरुग्राम के एक निजी अस्पताल में हुआ था।

# हमारी आगे बढ़ती योजनाओं को देख रही दुनिया : जयशंकर



एजेंसी

**चेन्नई।** विदेश मंत्री ने शनिवार को कहा कि साल 2014 से समाज को बदलने की प्रतिबद्धता तेजी से समग्र और प्रभावी रही है। इसकी शुरुआत बेहतर स्वास्थ्य, टीकाकरण, लैंगिक असमानता को कम करने, शैक्षिक पहुंच, प्रतिभा को बढ़ावा देने के लिए कौशल से हुई है। जयशंकर ने कहा, मोदी सरकार द्वारा शुरू किए गए राष्ट्रीय अभियानों से यह स्पष्ट है कि यूएन द्वारा परिभाषित 17 सतत विकास लक्ष्य कोरोना काल के दौरान भी सरकार के प्रमुख उद्देश्यों में से थे। विदेश मंत्री ने कहा, भारत का ट्रैक रिकॉर्ड मायने रखता है और यह सतत विकास लक्ष्यों में वैश्विक सफलता हासिल करेगा। मंत्री ने कहा, कोरोना काल में भारत ने वैश्विक चेतना की विभिन्न और विविध तरीकों से प्रभावित किया। उन्होंने कहा, इस समय भारत न केवल खुद के लिए बल्कि दुनिया के लिए टीकों का सफल उत्पादक था। यही नहीं वह टीकों का अविष्कारक भी था।

# स्वरा की फिल्म मिसेस फलानी की शूटिंग शुरू



बॉलीवुड अभिनेत्री स्वरा भास्कर की आने वाली फिल्म मिसेस फलानी के शूटिंग शुरू हो गयी है। नौ अलग-अलग कहानियों को लेकर बन रही फिल्म मिसेस फलानी की शूटिंग छत्तीसगढ़ के रायपुर में शुरू हो गयी है। इस फिल्म के निर्देशक मनीष किशोर हैं। इस फिल्म में उनके साथ फिल्म में लीड रोल में स्वरा भास्कर हैं। श्री एरोज प्रोडक्शन प्राइवेट लिमिटेड के बैनर तले बन रही फिल्म मिसेस फलानी को लेकर निर्देशक मनीष किशोर ने बताया कि यह फिल्म मनोरंजन के साथ-साथ संदेशप्रद भी होने वाली है। फिल्म की सभी कहानियां सामाजिक ताने-बाने में रची बसी है। इसके माध्यम से संदेश देने के भी कोशिश की गई है। हमने इस फिल्म में लीड अभिनेत्री के रूप में स्वरा भास्कर को कास्ट किया है। स्वरा भास्कर एक बेहतरीन अदाकारा हैं। वह हमारी इस फिल्म की कहानी में फिट बैठती हैं। जब आप फिल्म रिलीज होने के बाद उनके किरदार को देखेंगे, तब आपको भी समझ में आ जाएगा कि हमने आखिरकार स्वरा भास्कर को अपनी इस फिल्म में क्यों कास्ट किया है। उन्होंने बताया कि फिल्म की सभी 9 कहानियों में स्वरा की दमदार उपस्थिति देखने को मिलने वाली है। स्वरा इस फिल्म में अपने किरदार को लेकर काफी उत्साहित हैं। स्वरा ने कहा कि अमूमन फिल्मों में आप लोगों ने डबल रोल देखा होगा। लेकिन मुझे एक ही फिल्म में 9 अलग तरह के किरदार निभाने का मौका मिला रहा है, जो खुद मेरे लिए अविश्वसनीय है। लेकिन मैं इसे एक चैलेंज के रूप में ले रही हूं। उम्मीद है कि मेरा किरदार आप सभी को पसंद भी आएगा।

## स्पोर्ट्स

# संघर्ष के बावजूद चिली को न्यूजीलैंड से मिली हार

एजेंसी

**राउरकेला।** न्यूजीलैंड ने सैम हीहा के दो गोलों की बदौलत शनिवार को एफआइएच पुरुष हॉकी विश्व कप 2023 के पूल-सी मुकाबले में चिली को 3-1 से हराकर अपने अभियान की शुरूआत की। बिरसा मुंडा अंतरराष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम पर खेले गये मुकाबले में सैम लेन (10वां) और सैम हीहा (12वां, 19वां मिनट) ने न्यूजीलैंड के लिये गोल किए। चिली ने दूसरे हाफ में शानदार वापसी करते हुए गेंद को अपने कब्जे में रखा, हालांकि इग्नासियो कोंट्राडर (50वां मिनट) के अलावा कोई भी उनके लिये गोल नहीं कर सका। अपना पहला विश्व कप खेल रही चिली की शुरूआत किसी बुरे सपने जैसी रही। न्यूजीलैंड के पहले हमले को रोकने में चिली कामयाब रही, लेकिन हीहा ने 10वें मिनट में गोल करके ब्लैक स्टिक्स को बढ़त दिला दी।



### बेल्जियम ने कोरिया को 5-0 से हराया

विश्व चैंपियन बेल्जियम ने शनिवार को एफआईएच पुरुष हॉकी विश्व कप 2023 के एकतरफा मुकाबले में एशियाई चैंपियन दक्षिण कोरिया को 5-0 से पछाड़कर अपना अभियान शुरू किया। कलिंगा स्टेडियम पर खेले गये ग्रुप-बी मुकाबले में बेल्जियम के लिये हेंड्रिक्स (31वां) और फ्लोरेंट ऑबेल (50वां) ने पेनल्टी पर गोल किये, जबकि टॉम्पी कोसिन्स (43वां), सेबेस्टियन (52वां मिनट) और आर्थर स्लूवर (58वां मिनट) ने फील्ड गोल जमाये।

## नीदरलैंड ने मलेशिया को 4-0 से रौंदा

नीदरलैंड ने शनिवार को एफआईएच पुरुष हॉकी विश्व कप 2023 के ग्रुप-सी मुकाबले में मलेशिया को 4-0 से रौंदकर टूर्नामेंट की दमदार शुरूआत की। बिरसा मुंडा अंतरराष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम पर खेले गये मुकाबले में टिज्स वैन डैम (20वां), जिप जैनसेन (24वां), टेन बाइन्स (47वां) और जोरिट क्रून (60वां मिनट) ने विजेता टीम के लिए गोल किए।

### जर्मनी ने जापान को 3-0 से हराया

दो बार की विश्व चैंपियन जर्मनी ने पूल-बी मुकाबले में जापान को 3-0 से परास्त करके अपने अभियान का जोरदार आगाज किया। कलिंगा स्टेडियम पर खेले गये मुकाबले में विजेता टीम के गोल मैट्स ग्रैम्बुश (36वें मिनट), क्रिस्टोफर रूर (41वां) और थीएस प्रिंस (49वां मिनट) ने किये।

## भारत-आस्ट्रेलिया टेस्ट सीरीज : पहली बार चुने गये सूर्यकुमार यादव और ईशान किशन



**मुंबई।** भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच फरवरी-मार्च में चार मैचों की टेस्ट सीरीज खेली जाएगी। बीसीसीआई ने शुरुआती दो टेस्ट मैचों के लिए भारतीय टीम का एलान कर दिया है। बांग्लादेश के खिलाफ चोट के कारण टेस्ट सीरीज में नहीं खेलने वाले कप्तान रोहित शर्मा की वापसी हुई है। वहीं, कार दुर्घटना में घायल हुए ऋषभ पंत की जगह विकेटकीपर के तौर पर ईशान किशन को शामिल किया गया है। केएस भरत दूसरे विकेटकीपर होंगे। इसके अलावा टी20 क्रिकेट में धमाका करने वाले सूर्यकुमार यादव को भी टेस्ट टीम में रखा गया है। इन दोनों के टेस्ट टीम में आने के बाद से कयास लगाए जा रहे हैं कि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टीम इंडिया आक्रामक क्रिकेट का प्रदर्शन करेगी।

**ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले दो टेस्ट के लिए भारत की टीम**

रोहित शर्मा (कप्तान), केएल राहुल (उपकप्तान), शुभमन गिल, चेतेश्वर पुजारा, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, केएस भरत (विकेटकीपर), ईशान किशन (विकेटकीपर), रविचंद्रन अश्विन, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, रवींद्र जडेजा, मोहम्मद शमी, मो. सिराज, उमेश यादव, जयदेव उनादकट, सूर्यकुमार यादव।

### भारत बनाम ऑस्ट्रेलिया टेस्ट सीरीज का शेड्यूल

| मैच संख्या | तारीख | मैच | वेन्यू |
|---|---|---|---|
| 1 | 9-13 फरवरी | पहला टेस्ट | नागपुर |
| 2 | 17-21 फरवरी | दूसरा टेस्ट | दिल्ली |
| 3 | 1-5 मार्च | तीसरा टेस्ट | धर्मशाला |
| 4 | 9-13 मार्च | चौथा टेस्ट | अहमदाबाद |

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
Verma's® Today®
शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 120 | Hindi | ₹ 100 |
| English | ₹ 120 | English | ₹ 120 |
| Mathematics | ₹ 120 | Mathematics | ₹ 120 |
| Science | ₹ 120 | Science | ₹ 120 |
| Social Science | ₹ 120 | Social Science | ₹ 120 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 80 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran – II | ₹ 100 | Hindi Vyakaran – II | ₹ 100 |
| English Grammar – II | ₹ 100 | English Grammar – II | ₹ 100 |
| Sanskrit Vyakaran – II | ₹ 70 | Sanskrit Vyakaran – II | ₹ 70 |
| Hindi Practical | ₹ 50 | Hindi Practical | ₹ 50 |
| English Practical | ₹ 50 | English Practical | ₹ 50 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 60 | Science Practical | ₹ 55 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 60 |
| Sanskrit Practical | ₹ 50 | Sanskrit Practical | ₹ 50 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 60 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 60 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !